✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 96 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 31 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की राजधानी पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली रोड में ट्रक ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान रमेश राय के रूप में होना बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवरों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया।

### सम्राट चौधरी कल बापूधाम महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल 1 सितंबर को मोतिहारी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला मोतिहारी दौरा होगा। वे ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय बापूधाम महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। गांधी मैदान को मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

### पटना में मरीन ड्राइव पर चढ़ा गंगा का पानी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर ने जेपी गंगा पथ यानी मरीन ड्राइव के दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दीघा घाट से लेकर जेपी सेतु व घाट नंबर 88 तक गंगा का पानी आधा किलोमीटर तक नजदीक आ गया है। इससे पटना का सबसे बड़ा फूड हब जलमग्न होने की कगार पर पहुंच गया है। गंगा पथ के निचले इलाकों में पानी भर चुका है। इससे कई वेंडरों के ठेले, बर्तन व अन्य व्यावसायिक सामान भी डूब गए हैं। पानी भरने व मरीन ड्राइव से दुकानदारों को खाली कराने के कारण दुकानदारों की बिक्री ठप हो गई है।

### भूमिहीन विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर मिलेगी जमीन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के भूमिहीन विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 20 केंद्रीय विद्यालयों के लिए पांच-पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करायी है। विभाग की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले माह शिक्षा विभाग ने राज्य के भूमिहीन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का आदेश सभी संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिया था, जिसमें करीब 147 विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राजस्व विभाग से भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था।

# नेपाल के लिए संकटमोचक बना भारत, बड़े राहत पैकेज की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेपाल में भीषण बाढ़ और भूस्खलन से मची तबाही के बीच भारत पड़ोसी देश के लिए एक बड़ा राहत पैकेज देने पर विचार कर रहा है। फिलहाल भारत राहत सामग्री, बचाव दल और तकनीकी मदद भेज रही है। वित्तीय पैकेज की औपचारिक घोषणा हालात के पूर्ण आकलन के बाद ही होने की संभावना है। पीएम नरेन्द्र मोदी के विदश दौरे से वापस आने के बाद इस बारे में फैसला संभव है। पीएम मोदी ने आपदा के तुरंत बाद नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से बात की थी और हर संभव सहायता का भरोसा दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि रविवार तक नेपाल के आपदा प्रभावित इलाकों से 149 भारतीयों को सकुशल बाहर निकाला गया है। इनके नामों की सूची भी सोशल मीडिया पर जारी की गई है। उसके बाद भारतीय वायुसेना के



विमान लगातार काठमांडू के लिए रवाना हो रहे हैं। अब तक चार उड़ानों में करीब 68.5 टन राहत सामग्री पहुंच चुकी है। इसमें तंबू, कंबल, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता किट, सोलर लैंप, दवाइयां, खाद्य पैकेट, जनरेटर, पानी शुद्ध करने वाली गोलियां और जल निकासी पंप शामिल हैं। केवल सामान नहीं, भारत की विशेषज्ञ टीमें भी भेजी गई हैं। डाक्टर-पैरामेडिकल दल के साथ बिजली परियोजनाओं से जुड़े सुरंग में फंसे लोगों की टोह लेने वाली टीम और डीएनए जांच के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञ नेपाल पहुंच चुके हैं। आपदा में त्रिशुली जिले में 11 बिजली पनबिजली परियोजनाओं के प्रभावित होने की सूचना मिली है। इन सभी परियोजनाओं में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के सुरंग में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। भारत ने संपर्क मार्ग बहाल करने के लिए बेली ब्रिज का सामान भी भेज दिया है। एक ब्रिज पहले से नेपाल में है जबकि और पुलों के उपकरण व तकनीकी दल रविवार को पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत इस समय मानवीय सहायता, चिकित्सा मदद और बचाव सहयोग पर केंद्रित है। अलग वित्तीय पैकेज की घोषणा अभी नहीं की गई है। नुकसान का पैमाना, पुनर्निर्माण की जरूरत और काठमांडू की मांग साफ होने के बाद ही अगला कदम तय होगा। कई भारतीय नागरिक भी प्रभावित हुए हैं, जिनके बचाव और पहचान का काम जारी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार जरूरत पड़ी तो भारत पुनर्वास और बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए बड़ा पैकेज भी दे सकता है।

# जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव में जहरीली शराब पीने से चार लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें पटना रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। मौके से शराब की बोतल और कुछ स्नैक्स भी मिले हैं। साथ ही फ्रूटी वाली शराब का खाली डिब्बा भी मिला है। परिजनों ने बताया कि तबीयत बिगड़ने के बाद उनके मुंह से झाग निकलने लगा था। गंभीर हालत में चारों को बाढ़ के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। वहां हालत नाजुक होने के बाद इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया जहां चारों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बेढ़ना गांव निवासी शशि कुमार (32) पिता रामाकांत कुमार, विकास राम (40) पिता विरजु राम, पंकज सिंह (45) पिता नन्दे सिंह और निशु कुमार (30) पिता राजू सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने चारों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक मौके से शराब की बोतल, प्लास्टिक में बना पैग भी मिला है। चारों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट होगा। सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्रेया शेखर ने बताया कि ग्रामीणों ने कहा कि सभी ने शराब पी थी। पहले तीन युवक अस्पताल लाए गए जिनके मुंह से झाग निकल रहा था। बाद में एक और युवक को लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को पटना रेफर किया गया क्योंकि उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने किस नशीले पदार्थ का सेवन किया था। सभी मरीजों की स्थिति एक समान थी। चारों युवकों की मौत की खबर फैलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गये। लोगों ने जमकर हंगामा किया और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम और ग्रामीण एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। एसडीएम और ग्रामीण एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से सड़क जाम समाप्त करने की अपील की।

# सोन नदी में नहाते समय दो किशोर डूबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिले के परासी थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर बाथे गांव के समीप सोन नदी में रविवार को नहाने गए तीन किशोर डूब गये। एक किशोर किसी तरह नदी से बाहर निकलने में सफल रहा लेकिन दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों की मदद से मृत्युंजय राम के 15 वर्षीय पुत्र हरिओम कुमार का शव बरामद हुआ। इसके बाद मुकेश राम के 14 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार का शव नदी से बरामद किया गया। बताया जाता है कि तीनों बच्चे डूबने लगे तो एक किसी तरह तैरकर बाहर आ गया और गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी। घटनास्थल पर गांव के ही जवाहर चौधरी सोन नदी में मछली मार रहे थे। किशोरों को डूबता देख उन्होंने तत्काल जाल के सहारे दोनों को बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन नदी में गहरे पानी और तेज बहाव के कारण उनका प्रयास सफल नहीं हो सका। घटना की सूचना पर परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज आलम पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से दोनों शव नदी से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों के अनुसार सोन नदी में जगह-जगह बालू निकासी की वजह से गहरे गड्ढे भी बन गए है। गहरे गड्ढे व पानी की तेज धार में बहने से यह घटना हुई है।

# किसी भी शिक्षक को कोर्ट जाने की जरूरत नहीं : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 137वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दरभंगा के बद्रीनगर में किया गया जहां बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बिहार के किसी भी शिक्षक को अब कोर्ट जाने की जरूरत नहीं है। उनकी कोई भी समस्या हो तो शिक्षक सीधे मंत्री से मिलकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। वहीं उन्होंने एक बार फिर कहा कि टीआरइ-4 में एक ही परीक्षा ली जाएगी जिसमें नेगेटिव मार्किंग होगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने



दरभंगा में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में दिखाई देने वाली कमियों में तेजी से सुधार किया जा रहा है। अगले छह महीने में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इसके लिए विभाग और सरकार तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिहार में 700 से अधिक मॉडल स्कूल बनाकर बिहार के छात्र-छात्राओं को जेइइ और नीट जैसी परीक्षाओं में सफल बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में तेजी से काम किया है। हमें बहुत कुछ अच्छा मिला है लेकिन छोटी-मोटी कमियों को भी जल्द दूर कर लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने बिहार के सभी शिक्षकों से कहा कि अब किसी भी शिक्षक को न्यायालय जाने की जरूरत नहीं है। हमारा विभाग संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के लिए सदैव प्रयासरत है। किसी भी तरह का कन्फ्यूजन होने पर कोई भी शिक्षक सीधे हमसे मिलकर अपनी समस्या बता सकता है। उन्हें कोर्ट जाने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि टीआरइ-4 में छोटे-मोटे बदलाव हुए हैं जिसमें एक परीक्षा कम कर दी गई है। अब टीआरइ-4 की परीक्षा नेगेटिव मार्किंग के साथ ही ली जाएगी। बीपीएससी का काम पाठ्यक्रम बनाना, प्रश्न पत्र तैयार करना और परीक्षा आयोजित करना है। परीक्षा की तिथि बीपीएससी जारी करेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर से जुड़े सवाल पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि कुछ शिक्षक ट्रांसफर के मामले को लेकर कोर्ट गए थे और उनकी याचिका पर सुनवाई हुई है। अगली तारीख में इस मामले की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें कोर्ट जाने की जरूरत नहीं है। शिक्षा विभाग शिक्षकों की समस्याओं का सम्मान के साथ समाधान निकालने के लिए हमेशा तैयार है। श्री तिवारी ने कहा कि बीपीएससी टीआरइ-4 की अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी।


## सस्ता होगो बालू, अगले महीने 150 से अधिक नए घाटों से शुरू होगा खनन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में बालू की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में खान एवं भूतत्व विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। अगले महीने करीब डेढ़ सौ नए बालू घाटों से खनन शुरू होने की संभावना है। इनमें पीला बालू के 107 और उजला बालू के 54 घाट शामिल हैं। इन घाटों की बंदोबस्ती पूरी हो चुकी है। मुख्य रूप से भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, पटना, गया और जमुई जिले के घाटों से खनन शुरू होगा। राज्य में फिलहाल नदियों से बालू खनन पर रोक है। प्रत्येक वर्ष पर्यावरणीय गाइड लाइंस की वजह से 15 जून से 15 अक्टूबर तक बालू खनन पर रोक होती हैं। नए सिरे से वापस खनन प्रांभ होने पर इस बार इन नए घाटों पर खनन हो सकेगा। नए बालू घाटों से खनन के बाद पीला बालू के करीब 311 घाटों से आपूर्ति होने लगेगी। वहीं उजला बालू के करीब 89 घाट चालू हो जाएंगे। इससे निर्माण कार्यों के लिए बालू की उपलब्धता बढ़ेगी और लोगों को उचित कीमत पर बालू मिलने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार वर्तमान में राज्य में पीला बालू के करीब 204 और उजला बालू के करीब 35 घाटों से खनन हो रहा है। विभाग अन्य घाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया भी आगे बढ़ा रहा है।

# मेरठ में जदयू का शक्ति प्रदर्शन, 2027 विस चुनाव की तैयारियों का शंखनाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक विस्तार और वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को मेरठ जनपद के खंडोली गांव में जनता दल यू का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार में मंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार तथा प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल का पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने जिलों में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जिलाध्यक्षों के हाथ को मजबूत करें और जदयू की नीतियों एवं विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए



गए हैं। सामाजिक सुधार और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। श्रवण कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी जदयू लगातार अपने संगठन का विस्तार कर रही है। पार्टी नेतृत्व के निर्णय के अनुसार वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की विभिन्न विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की दिशा में निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से पूरी ताकत के साथ संगठन निर्माण में जुट जाने की अपील की। जदयू उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने सभी जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां अभी से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं।


## दान हेतु अपील

**एसपी वर्मा कॉलेज, राजा कुआं, बिहारशरीफ, नालंदा**

महाविद्यालय के विकास हेतु इच्छुक दानदाताओं से स्वैच्छिक सहयोग का आह्वान किया जाता है. इच्छुक व्यक्ति प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर न्यूनतम 5 लाख रुपये महाविद्यालय के खाते में जमा कर रसीद प्रभारी प्राचार्य को उपलब्ध कराएं.

**बैंक विवरण :**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा, कचहरी रोड शाखा बिहारशरीफ**

खाता संख्या: 99670200001474

आईएफएससी: BARBODBBIHA

**प्रभारी प्राचार्य**

**एसपी वर्मा कॉलेज, राजा कुआं, बिहारशरीफ, नालंदा**







# राज्य में जल पर्यटन को मिलेगा नया विस्तार, 276 जल स्रोत होंगे विकसित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार राज्य में जल पर्यटन को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने की तैयारी में है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इसके लिए एक मास्टरप्लान तैयार किया है। योजना के तहत राज्य के 276 जल स्रोतों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। पहले चरण में 70 से अधिक जल स्रोतों पर पर्यटकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी है। सरकार की योजना के बाद राज्य की झीलें, तालाब, डैम और नदियां पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित हो सकेंगी। यहां पर्यटकों को बोटिंग के साथ विभिन्न प्रकार के वाटर स्पोर्ट्स और प्रकृति से जुड़े अनुभव उपलब्ध कराने की तैयारी है। पहले चरण में पटना की गंगा नदी के अलावा बेगूसराय की कांवर झील, गया की फल्गु नदी, नालंदा का घोड़ाकटोरा और नवादा का ककोलत समेत कई जल स्रोतों को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा गंडक, कोसी, सोन और पुनपुन जैसी प्रमुख नदियों में भी



बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं शुरू करने की योजना है। जल स्रोतों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए फ्लोटिंग जेटी तैयार की जाएगी। पर्यटक स्पीड बोट और क्रूज की सवारी का आनंद ले सकेंगे। योजना में अलग-अलग वर्ग के पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए करीब 10 प्रकार की बोट उपलब्ध कराने की तैयारी है। इनमें स्पीड बोट, जेट स्की, शिकारा, हाउस बोट, पैडल बोट, मोटर बोट, कयाक, कैनो, राफ्ट और रोइंग बोट शामिल हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए बर्ड वाचिंग और रिवर सफारी जैसी गतिविधियों को भी विकसित किया जाएगा। इससे पर्यटकों को जल पर्यटन के साथ प्राकृतिक और वन्यजीव आधारित अनुभव भी मिल सकेंगे। विभाग की योजना के अनुसार तालाबों और डैम को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य वाटर टूरिज्म को केवल बड़े पर्यटकों तक सीमित रखने के बजाय हर वर्ग के लोगों के लिए आकर्षक और सुलभ बनाना है। इससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विभाग ने वाटर टूरिज्म के माध्यम से हर महीने करीब 12 लाख पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। जल स्रोतों के विकास के साथ आसपास के क्षेत्रों में होटल, रिसॉर्ट, रेस्तरां और स्थानीय परिवहन जैसी सुविधाओं के विस्तार की भी संभावना है। जल पर्यटन परियोजना से 10 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। बोट संचालकों, लाइफगार्ड, टूर गाइड और सुरक्षा कर्मियों के अलावा होटल, रिसॉर्ट, रेस्तरां और स्थानीय परिवहन क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही छोटे दुकानदारों, स्थानीय खान-पान और हस्तशिल्प कारोबार को भी पर्यटकों की बढ़ती संख्या से नया बाजार मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि जल स्रोतों के सुनियोजित विकास से बिहार में पर्यटन के नए आयाम खुलेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था के साथ रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा।

CMYK

# राजकुमार शुक्ल का दृढ़ संकल्प प्रेरणादायक : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल किसान की पीड़ा, आम आदमी के संघर्ष और अपने अधिकार के लिए दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। वे रविवार को बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान-2026 एवं लोक चिंतन स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राजकुमार शुक्ल का नाम स्मरण करते ही चंपारण सत्याग्रह की ऐतिहासिक स्मृति सामने आती है। चंपारण के किसानों पर नील की खेती की जबरन व्यवस्था और अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के बीच राजकुमार शुक्ल ने महात्मा गांधी से चंपारण आने और किसानों की पीड़ा देखने का आग्रह किया। उनके दृढ़ आग्रह के बाद महात्मा गांधी चंपारण पहुंचे और स्वतंत्रता आंदोलन में नए अध्याय की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि राजकुमार शुक्ल ने साबित किया कि संकल्प मजबूत हो तो सामान्य व्यक्ति भी इतिहास की धारा बदल सकता है। लोक चिंतन की प्रासंगिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव नहीं, बल्कि जनता की आवाज सुनने, उसकी समस्याओं को समझने और जनहित में निर्णय लेने की व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति तक जुड़ा है। उन्होंने कहा कि बिहार सदियों से लोक चिंतन, लोक संस्कृति और लोकतांत्रिक चेतना की भूमि रहा है। भगवान बुद्ध, महावीर, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और चंपारण सत्याग्रह ने समाज को नई दिशा दी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विकास के साथ सामाजिक न्याय, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी। लक्ष्य ऐसा बिहार बनाना है जिसमें कोई व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से बाहर न रहे। उन्होंने पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि सम्मान केवल स्मृति नहीं, बल्कि संकल्प भी है। युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोक चिंतन मजबूत होगा तो लोकतंत्र और लोकतंत्र मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा।

# बेटियों के सपनों को आर्थिक संबल, यूपीएससी-बीपीएससी से बैंकिंग और रेलवे तक सफलता पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही बिहार की बेटियों को आर्थिक संबल देने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत संचालित सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना का दायरा अब और व्यापक करने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित विस्तार के बाद यूपीएससी और बीपीएससी के साथ बैंकिंग, रेलवे, रक्षा और अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने वाली महिला अभ्यर्थियों को भी आर्थिक सहायता मिलने का रास्ता खुलेगा। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 से अब तक इस योजना के तहत 4513 महिला अभ्यर्थियों को लाभ दिया जा चुका है। इन अभ्यर्थियों के बीच कुल 23.395 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार योजना के तहत अब तक यूपीएससी की 146 और बीपीएससी की 4367 महिला अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता दी गई है। इस तरह कुल 4513 बेटियों को योजना का लाभ मिल चुका है। बीपीएससी परीक्षा में सफल महिला अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने से राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवतियों के बढ़ते रुझान का भी संकेत मिलता है। वर्तमान व्यवस्था के तहत यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली महिला अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वहीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल महिला अभ्यर्थियों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस राशि से अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी, कोचिंग, अध्ययन सामग्री तथा अन्य जरूरी खर्चों में मदद मिलती है। अब तक योजना का लाभ निर्धारित श्रेणियों की महिला अभ्यर्थियों तक सीमित था। इसके कारण सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और पिछड़ा वर्ग की कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थियां प्रोत्साहन राशि से वंचित रह जाती थीं। प्रस्तावित विस्तार के बाद पात्रता की निर्धारित शर्तें पूरी करने वाली सभी वर्गों की महिला अभ्यर्थियों को योजना का लाभ देने का प्रावधान किया जा रहा है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाली अधिक बेटियों को आर्थिक सहयोग मिल सकेगा।

योजना के विस्तार में कई महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है।

# 'मन की बात' देशवासियों को जोड़ने और जनभागीदारी को बढ़ाने का सशक्त माध्यम : रविशंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रविवार को बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और प्रधानमंत्री के विचारों एवं देशवासियों से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को उत्साहपूर्वक सुना। कार्यक्रम के बाद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने वाला सशक्त जनआंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों की प्रेरक उपलब्धियों, जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न प्रयासों को देश के सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश के सामान्य नागरिकों की असाधारण उपलब्धियों और उनके प्रयासों को स्थान मिलता है। प्रधानमंत्री समाज के अलग-अलग वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों का उल्लेख कर उन्हें पूरे देश के सामने प्रेरणा का स्रोत बनाते हैं। इससे देश के नागरिकों में कुछ बेहतर करने और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने का भाव मजबूत होता है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण, युवा प्रतिभाओं और सामाजिक सरोकारों जैसे विषयों को निरंतर जनचर्चा का हिस्सा बनाया है।

# किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को खेती के लिए गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज समय पर एवं सुगमता से उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उर्वरक बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा उर्वरक बिक्री व्यवस्था को सरल, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उर्वरक बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए 'खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज और खाद सुलभ कराओ' विषय पर 31 अगस्त, 2026 को कृषि भवन सभागार, मीठापुर, पटना में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को उर्वरक बिक्री की डिजिटल एवं फार्मर आईडी आधारित व्यवस्था, उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# ज्वेलरी महोत्सव से बिहार के औद्योगिक विकास को मिल रही गति : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य ज्वेलरी महोत्सव का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के पश्चात मुख्यमंत्री ने महोत्सव परिसर में लगे विभिन्न आकर्षक स्टॉलों का निरीक्षण किया और देश भर से आए प्रतिभागियों, ज्वेलरी डिजाइनरों व स्वर्णकार उद्यमियों से आत्मीय मुलाकात कर उनके उत्पादों और कारीगरी की सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ज्वेलरी उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं और उद्योग के विकास से बिहार औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर एसएसवीएएसएस के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि इस महोत्सव में कुल 250 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें 196 प्रतिष्ठित प्रतिभागी अपने नवीनतम, पारंपरिक एवं आधुनिक ज्वेलरी डिजाइनों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह महोत्सव स्वर्णकार समाज के कौशल, कला और उद्यमिता को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि ज्वेलरी महोत्सव में मेरठ, आगरा, अमृतसर दिल्ली, कानपुर राजकोट, लखनऊ, मुंबई, कोलकाता, बनारस, केरल, बेंगलुरु सहित देश के कई हिस्से से निर्माता बिहार के स्वर्ण व्यवसायों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बिहार के स्वर्णकारों को नई तकनीक, नए डिजाइन और बाजार की मांग से जोड़ना तथा युवाओं को इस व्यवसाय में नए अवसरों से अवगत कराना है। यह तीन दिवसीय महोत्सव ज्वेलरी प्रेमियों, व्यापारियों और आम जनता के लिए 1 सितंबर तक खुला रहेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन अभिषेक, प्रेम मेहरा, अमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में आभूषण निर्माता एवं विक्रेता मौजूद रहे।

# भोजपुरी सेंसेशन अक्षरा सिंह ने पटना में बच्चियों के साथ मनाया जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भोजपुरी अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह ने अपना जन्मदिन नारी गुंजन संस्थान की बच्चियों के बीच मनाया। मुंबई से पटना पहुंचीं अक्षरा ने संस्थान की बच्चियों से मुलाकात की, उनके साथ समय बिताया और केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई और रुचियों के बारे में जानकारी ली तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अक्षरा ने बच्चियों को अपने सपनों को पूरा करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अक्षरा सिंह ने कहा कि वह खुद को बेहद खुश और सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें अपना जन्मदिन इन बच्चियों के बीच मनाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से बच्चियों से मिलने का वादा किया था जिसे पूरा करने के लिए वह मुंबई से यहां पहुंचीं। अक्षरा ने कहा कि बच्चों के बीच आकर मिलने और इस जीवन को करीब से देखने का अनुभव बिल्कुल अलग है। यहां उन्हें जो प्यार, अपनापन और स्नेह मिला, वह बेशर्त है। उन्होंने कहा कि लोग जन्मदिन और खास मौकों पर पार्टी करने के लिए दुबई या अमेरिका जैसे स्थानों पर जाते हैं, लेकिन बच्चों के बीच मिलने वाला यह बेशर्त प्यार कहीं और नहीं मिल सकता।

# छठे दिन भी केवाइपी केंद्र संचालकों का धरना जारी

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो एक सितंबर से सामूहिक भूख हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल, नामांकन एवं प्रशिक्षण तत्काल शुरू करने तथा लंबित बिलों के भुगतान की मांग को लेकर गर्दनीबाग में चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में केवाईपी केंद्र संचालक धरना स्थल पर डटे रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि पूर्व से संचालित केवाईपी केंद्रों का तत्काल रिन्यूवल कर सभी केंद्रों पर नामांकन एवं प्रशिक्षण शुरू किया जाए तथा लंबित बिलों का भुगतान अविलंब किया जाए। लगातार छह दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस सकारात्मक पहल नहीं होने से केंद्र संचालकों में नाराजगी बढ़ रही है। वहीं पूर्व से संचालित केवाईपी केंद्रों को बंद कर नए टेंडर के माध्यम से नए केंद्र स्थापित करने की बात के विरोध में आंदोलनकारियों ने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद का अर्थी जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र संचालकों ने सरकार की नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुराने केवाईपी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर रिन्यूवल देने की मांग की। केंद्र संचालकों का कहना है कि उन्होंने वर्षों से केवाईपी के संचालन के लिए लाखों रुपये का निवेश किया है। ऐसे में पुराने केंद्रों को रिन्यूवल दिए बिना नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पुराने केंद्रों पर ही आवश्यकतानुसार कोर्स अपग्रेड कर प्रशिक्षण कार्य तत्काल शुरू किया जाए। आंदोलनकारियों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 31 अगस्त 2026 तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 1 सितंबर 2026 से सामूहिक भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। केंद्र संचालकों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर पूर्व से संचालित सभी केवाईपी केंद्रों का रिन्यूवल, नामांकन एवं प्रशिक्षण बहाल करने तथा लंबित बिलों का भुगतान करने की मांग की है।

# भूमिहीन विद्यालयों के लिए सरकार ने बढ़ाया कदम, 20 केंद्रीय विद्यालयों को मिली जमीन

## 147 विद्यालयों की जमीन अतिक्रमण की जद में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के भूमिहीन विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 20 केंद्रीय विद्यालयों के लिए पांच-पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करायी है। इसके साथ ही विद्यालयों और खेल मैदानों में किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। विदित हो कि पिछले माह शिक्षा विभाग ने राज्य के भूमिहीन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का आदेश सभी संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिया था जिसमें करीब 147 विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राजस्व विभाग से भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था। बताया जाता है कि राजस्व विभाग ने राज्य के 20 केंद्रीय विद्यालयों को पांच-पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करा दिया है। इसके साथ ही भूमिहीन विद्यालयों को भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों के भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई विभाग ने शुरू कर दिया है।

# मासिक सुरक्षा क्विज में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

## 2500 से अधिक शिक्षकों को मिला डिजिटल प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सुरक्षित शनिवार एवं बैगलेस-डे के अंतर्गत टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा आयोजित 'मासिक सुरक्षा क्विज' में राज्य के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालयों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस क्विज में बाढ़ एवं जल सुरक्षा, वज्रपात से बचाव, सांप-बिच्छू एवं विषैले जीव-जंतुओं से सुरक्षा तथा नाव दुर्घटना एवं डूबने से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। क्विज में कुल 20 प्रश्न पूछे गए जिसमें शिक्षकों ने अपनी सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं जागरूकता का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 2500 से अधिक शिक्षकों को डिजिटल प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर इं. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम बच्चों एवं शिक्षकों में आपदा प्रबंधन तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस तरह की गतिविधियों को और व्यापक बनाया जा रहा है। वहीं इवेंट लीडर केशव कुमार एवं क्विज क्रियटर पप्पू कुमार पंकज ने बताया कि शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से यह क्विज सफल रहा। आने वाले समय में भी सुरक्षा एवं शैक्षणिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षकों को तकनीक से जोड़ते हुए नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। सुरक्षित शनिवार जैसी पहल विद्यालयों को सुरक्षित एवं जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे सुरक्षित शनिवार की गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें और बच्चों को सुरक्षित व्यवहार के लिए प्रेरित करें।

# जहरीले सांप के डसने से युवती की मौत, बहन की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर के करनामेपुर थाना क्षेत्र के रमदतही गांव में रक्षाबंधन के दिन दर्दनाक हादसे में जहरीले सांप के डसने से एक युवती की मौत हो गई जबकि उसकी सगी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय शंभू ठाकुर की पुत्रियां खुशबू कुमारी (20) और कांति देवी (26) रात करीब एक बजे घर के अंदर सो रही थीं। इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों बहनों को डस लिया। दोनों की तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उन्हें प्रतापसागर स्थित अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान खुशबू कुमारी की मौत हो गई। कांति देवी का इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया गया कि कांति देवी विवाहित थीं और रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए हाल ही में अपने मायके रमदतही आई थीं। त्योहार के मौके पर घर में जहां भाई-बहन के मिलन और खुशियों का माहौल था, वहीं कुछ ही देर बाद चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर करनामेपुर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, घटना के बाद वन विभाग की बचाव टीम भी गांव पहुंची और घर के आसपास सांप की तलाश शुरू की। टीम ग्रामीणों को संभावित खतरे से बचाने के लिए सतर्कता बरत रही है।

# फर्टिलिटी में विश्वास का दूसरा नाम इंदिरा आइवीएफ : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** इंदिरा आईवीएफ पटना ने अपने 11वें स्थापना दिवस एवं 2 लाख सफल आईवीएफ गर्भधारण की ऐतिहासिक उपलब्धि का भव्य उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव, विशिष्ट अतिथियों के रूप में पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. सी पी ठाकुर, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, राज्यसभा संसाद संजय यादव, भाजपा नेता मृत्युंजय तिवारी, इंदिरा आईवीएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. क्षितिज मुर्डिया, भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह, बिहार हेड एवं सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार, सेंटर क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. सुनीता कुमारी, दीपक ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पारिवारिक सदस्य अंजू जी उपस्थित रहे। बेली रोड स्थित इंदिरा आईवीएफ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों, समाजसेवियों, मरीज परिवारों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा आईवीएफ की देशभर में 2 लाख सफल आईवीएफ गर्भधारण की उपलब्धि को उन लाखों परिवारों की खुशियों और उम्मीदों से जोड़कर देखा गया, जिन्होंने निःसंतानता की चुनौती के बावजूद पैरेंटहुड का सपना पूरा किया। संस्था द्वारा अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं के माध्यम से फर्टिलिटी के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान को भी रेखांकित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव ने कहा कि इंदिरा आईवीएफ ने अपने 11वें वर्ष में बिहार में निःसंतानता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# राज्य में बदलेगी सहकारिता की तस्वीर : पूसा प्रशिक्षण केंद्र बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## गया के डोभी में प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के लिए भूमि का आवंटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में सहकारिता व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में बिहार सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में समस्तीपुर के पूसा स्थित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से प्रशिक्षण केंद्र का कायाकल्प किया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र में पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, कॉमन रूम, जिम, प्राचार्य कक्ष के साथ फैकल्टी सदस्यों के लिए आवास की सुविधा भी विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। सहकारिता प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए दक्षिण बिहार में भी प्रशिक्षण संस्थान विकसित किया जा रहा है। गया जिले के डोभी प्रखंड में सहकारिता प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के निर्माण के लिए 10.38 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन दोनों संस्थानों के विकसित होने से राज्य में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मियों और पैक्स प्रतिनिधियों को आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### पैक्स सदस्यों को मिलेगा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण

राज्य सरकार पैक्स स्तर तक प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दे रही है। इसके तहत सभी पैक्स सदस्यों को मास्टर ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षण देने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पैक्स के सदस्यों और पदाधिकारियों को सहकारिता के कामकाज, प्रबंधन तथा नई व्यवस्थाओं की जानकारी देना है, ताकि जमीनी स्तर पर सहकारी संस्थाओं की कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके। सहकारिता विभाग के 420 सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों तथा 300 पैक्स अध्यक्षों या प्रबंधकों को राज्य के बाहर प्रतिष्ठित सहकारी संस्थानों में प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में देश के प्रमुख सहकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन व्यवस्था का अध्ययन कराया जाएगा। इनमें गुजरात के आनंद स्थित त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, पुणे स्थित वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान तथा गुरुग्राम स्थित लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान एवं विकास अकादमी प्रमुख हैं। आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था, बेहतर अवसंरचना और पैक्स स्तर तक क्षमता निर्माण से राज्य में सहकारिता आंदोलन को नई मजबूती मिलेगी।

# हापा और नाहरलगुन के मध्य स्पेशल ट्रेन, 23 सितम्बर से चलेगी नियमित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अहमदाबाद-उज्जैन-ग्वालियर-प्रयागराज-वाराणसी-छपरा-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते गुजरात के जामनगर और अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा स्पेशल का गाड़ी सं. 19525/19526 हापा-नाहरलगुन-हापा एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन किया जाएगा। इसका नियमित परिचालन हापा से 23 सितम्बर, 2026 से सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा नाहरलगुन से 26 सितम्बर, 2026 से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार किया जायेगा। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 15, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 तथा द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच सहित कुल 21 कोच होंगे।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में 'जीरो लीटर बराबर' अभियान का आयोजन

## राष्ट्रीय विरासत बराबर गुफाओं को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया के नेतृत्व में 'जीरो लीटर बराबर' अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बराबर के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए आमजन को ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है–हमारी राष्ट्रीय विरासत बराबर गुफाओं को स्वच्छ रखना एवं संरक्षित करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ बराबर एवं स्वच्छ जहानाबाद की निरंतर सोच और सामूहिक संकल्प है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिलेवासियों एवं पर्यटकों से अपील की गई कि वे बराबर की प्राकृतिक सुंदरता एवं ऐतिहासिक विरासत का आनंद लें, लेकिन परिसर में प्लास्टिक, बोतल, रैपर अथवा अन्य प्रकार का कचरा न फैलाएं। कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं विरासत संरक्षण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमें यह विरासत पूर्वजों से मिली है और इसे स्वच्छ, सुरक्षित एवं संरक्षित रूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। सभी से 'ना कचरा फैलाएंगे, ना फैलाने देंगे' के संकल्प के साथ स्वच्छ बराबर एवं आदर्श जहानाबाद के निर्माण में सहभागिता की अपील की गई। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, भारत स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, ग्राम रक्षा दल के जवानों, जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा स्वच्छता एवं जनजागरूकता का संदेश दिया।

CMYK

# उफान पर नदियां-झरने, सीता कुंड में बाढ़ जैसे हालात, गुप्ता धाम मार्ग बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ी नदियों और प्राकृतिक जलस्रोतों का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान तक पहुंच गया है। नदियों में तेज बहाव और जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए वन विभाग ने एहतियाती कदम उठाते हुए प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुप्ता धाम जाने वाले मुख्य मार्ग को श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है। शनिवार से ही सीता कुंड के समीप से निकलने वाली पहाड़ी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा जिससे गुप्ता धाम परिसर में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए। धाम परिसर के आसपास पानी का भारी दबाव बनने और रास्तों पर तेज जलधारा बहने के कारण वहां आवागमन अत्यंत जोखिम भरा हो गया। श्रद्धालुओं की जान-माल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वन विभाग ने तत्काल प्रभाव से यात्रा पर रोक लगा दी है। पहाड़ी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण दुर्गावती डैम जाने वाले मार्ग पर स्थित खौरहा झरना सहित करीब चार से पांच अन्य प्राकृतिक झरने इन दिनों पूरे उफान पर हैं और तीव्र वेग से गिर रहे हैं। झरनों के रौद्र रूप और अचानक जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए वन विभाग की विशेष टीमें पूरे पहाड़ी क्षेत्र में मुस्तैद हैं। वन विभाग के सुग्गीखोह एवं फुलवरिया (चेनारी) के वन उप परिसर पदाधिकारी भीम कुमार ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में मौसम और नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जब तक नदियों का बहाव सामान्य नहीं हो जाता और मार्ग पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं होता, तब तक आवागमन शुरू नहीं किया जाएगा। वन विभाग ने श्रद्धालुओं और सैलानियों से अपील की है कि वे किसी भी आपात स्थिति से बचने के लिए फिलहाल गुप्ता धाम की ओर जाने का प्रयास न करें।

## शराब सेवन के आरोप में 14 शराबी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले में शराब सेवन के आरोप मे चांद थानान्तर्गत 9 तथा बेलांव थानान्तर्गत 5 कुल 14 शराबियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा चांद थानान्तर्गत ग्राम बिउरी निवासी रिंकू जायसवाल पिता रमेश जायसवाल को मोटरसाइकिल के डिक्की से 30 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। शराब के साथ मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी की चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पंचायत विकास दिवस पर जनकल्याण योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड के जोंही पंचायत भवन में रविवार को पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम, जिला बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र शाह, बीपीएम विजय कुमार, हेल्थ डिपार्टमेंट से अशोक कुमार, ख्याति माथूर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार एवं मुखिया शहनाज खातून ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और आए हुए सभी अतिथियों का यथोचित स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत विकास दिवस की थीम और उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की 137वीं कड़ी को श्रद्धापूर्वक सुना। जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने सहयोग शिविर की चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विकसित बिहार और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया जबकि अंकिता मुखर्जी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया शहनाज खातून ने की जबकि कुशल संचालन नवीन चंद्र शाह ने किया और अंत में मुखिया प्रतिनिधि कलामुद्दीन खान ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, ललन शाह, कुमारी सरोज, एएनएम संध्या कुमारी, माया देवी सहित पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे और कार्यक्रम का समापन बिहार गीत के साथ हुआ।

## जीएनएसयू के एमबीए व बीबीए विद्यार्थियों ने किया रोहतास डेयरी का औद्योगिक भ्रमण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम के तहत एमबीए एवं बीबीए फ्रेशर्स बैच के विद्यार्थियों का रोहतास डेयरी परियोजना (सुधा डेयरी), डिहरी-ऑन-सोन में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डेयरी उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया, दुग्ध प्रसंस्करण, परिचालन प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने औद्योगिक इकाई की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझा तथा कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक औद्योगिक परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, प्रबंधकीय समझ, टीमवर्क एवं पेशेवर दृष्टिकोण विकसित करना था। इस सफल आयोजन के लिए फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. (डॉ.) रजनीश रत्ना, डॉ. बी. एस. गुप्ता, पम्मी कुमारी एवं एम.डी. गौहर हसनैन के मार्गदर्शन एवं सहयोग की सराहना की गई। विश्वविद्यालय का यह प्रयास उद्योग एवं शिक्षा के बीच समन्वय मजबूत करने तथा विद्यार्थियों को भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### सदर अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत पर अमित पासवान ने जताया आक्रोश

## अस्पतालकर्मियों पर लापरवाही का लगाया आरोप, डीएम से की निष्पक्ष जांच की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम सदर अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंची गर्भवती महिला की मौत के मामले को लेकर भीम आर्मी रोहतास के वरिष्ठ नेता एवं चेनारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित पासवान ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अस्पतालकर्मियों पर कथित लापरवाही और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अमित पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि चेनारी विधानसभा क्षेत्र के छोटकी चेनारी गांव निवासी आशा देवी जिनकी शादी करगहर थाना क्षेत्र के कुसही गांव निवासी नीतीश पासवान से हुई थी, प्रसव के लिए रविवार की अहले सुबह सासाराम सदर अस्पताल पहुंची थीं। परिजनों के अनुसार अस्पताल में मौजूद कर्मियों की कथित लापरवाही और दुर्व्यवहार के कारण महिला की मौत हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उस समय अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। सूचना मिलने के बाद अमित पासवान तत्काल सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। अमित पासवान ने कहा कि सवाल केवल एक महिला की मौत का नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की जवाबदेही का है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की इमारतें बड़ी और आधुनिक बनाने से ही स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर नहीं हो सकती। मरीजों को समय पर डॉक्टर, उचित इलाज और संवेदनशील व्यवहार मिलना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि गरीब और आम लोगों के लिए सरकारी अस्पताल ही इलाज की सबसे बड़ी उम्मीद है। ऐसे में कथित लापरवाही के कारण किसी मरीज की जान जाना बेहद गंभीर मामला है। अमित पासवान ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी तत्काल रोहतास जिलाधिकारी को दी और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद सासाराम एसडीएम से भी उचित कार्रवाई का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके और यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। मौके पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार आनंद एवं लड्डू भी मौजूद रहे।

## सड़क के गड्ढे में फंसा मालवाहक ऑटो, बाल-बाल बचा चालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला(रोहतास)।** जिले के अकोढी गोला प्रखंड कार्यालय के समीप मुख्य सड़क पर रविवार को शाम 4 बजे एक मालवाहक ऑटो सड़क में बने गहरे गड्ढे में फंस कर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन पर कुरकुरे, बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामग्री लदी हुई थी। वाहन मालिक सुनील कुमार जो एक छोटे व्यवसायी हैं, डिहरी ऑन-सोन से अकोढी गोला बाजार की ओर अपना सामान बेचने जा रहे थे। इसी दौरान प्रखंड कार्यालय के पास मुख्य सड़क पर बने गहरे गड्ढे में ऑटो का पहिया फंस गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य सड़क का चौड़ीकरण का कार्य पिछले 6 महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। कार्य एजेंसी द्वारा सड़क को अधूरा खोद कर छोड़ दिया गया है। जगह-जगह सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश के कारण नाली का पानी और मिट्टी इन गड्ढों में भर गया है जिससे गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस मामले को लेकर रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्य एजेंसी से बात की गई है और जल्द ही इस क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कर कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## सघन वाहन जांच अभियान, नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्ती दिखाई है। रविवार को शहर के तेदुनी चौक पर बिक्रमगंज पुलिस द्वारा दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह और थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान चौक से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन को रोककर उसके दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की गई। पुलिस टीम ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन निबंधन और बीमा संबंधी कागजातों की मांग की जबकि चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग और अन्य यातायात नियमों के पालन की समीक्षा की गई। जांच में जिन चालकों के सभी दस्तावेज वैध और दुरुस्त पाए गए उन्हें जागरूक कर सम्मानपूर्वक जाने दिया गया, वहीं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, अधूरे कागजात और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही हजारों रुपये का ई-चालान काटा गया और शमन शुल्क वसूला गया। इस संबंध में एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना, अपराधियों की आवाजाही पर रोक लगाना और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में इस तरह का सघन चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, गति सीमा का पालन करें और अपने वाहन के सभी वैध दस्तावेज हमेशा साथ रखें।

## दो दिनों में तीन बाइकों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र में बाइक चोरों का आतंक बढ़ गया है। पिछले दो दिनों में तीन अलग-अलग जगहों से तीन बाइकों की चोरी हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार न्यू एरिया नियर पाठक भवन के पास से दीपक कुमार स्टेशन रोड स्थित अपनी मोबाइल दुकान से खाना खाने घर आए थे। बाइक दरवाजे पर खड़ी की, बाहर निकले तो बाइक बी आर 24 डब्लू 3113 अज्ञात चोर चोरी कर ले उड़े।

## ऑटिस्टिक बच्चों की बनाई राखियों से नारायण केयर बाल पुनर्वास केंद्र में मना रक्षाबंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नारायण केयर बाल पुनर्वास केंद्र, जमुहार, सासाराम में ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के साथ प्रेम, स्नेह और भाईचारे के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र में विशेष राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए रंग-बिरंगी एवं आकर्षक राखियां स्वयं तैयार कीं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस गतिविधि में भाग लिया और अपनी बनाई हुई राखियों के माध्यम से रक्षाबंधन के पर्व को यादगार बनाया। इसके बाद बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर प्रेम, स्नेह, विश्वास और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक और व्यवहारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कैमूर में वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा त्वरित न्याय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के तत्वावधान में भभुआ थाना परिसर में वरिष्ठ नागरिकों की आमसभा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का उदघाटन एसडीपीओ ओमप्रकाश ने किया। संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय 'एलौन' की देखरेख में बुजुर्गों को सहयोग एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए 'सीनियर सिटीजन सेल' का गठन किया गया। नवगठित सेल में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार अध्यक्ष तथा सुनिल तिवारी, रंगबहादुर पांडेय, सुशीला देवी, शिवपूजन सिंह, सतेन्द्र नारायण सिंह, मोहन सिंह, रमाकांत सिंह, नथुनी सिंह, वीरेंद्र कुमार पांडेय, बिरजू पटेल सदस्य बनाए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपने बुजुर्गों की देखभाल करना हम सबकी जिम्मेवारी व कर्तव्य है। वरिष्ठ नागरिक अपनी समस्या बताएं पुलिस उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगी। राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए 2007 में फरीदाबाद (दिल्ली) के एसपी अशोक मित्तल द्वारा थानों में दो पुलिस अधिकारी एवं नौ वरिष्ठ नागरिकों की 11 सदस्यीय सीनियर सिटीजन सेल गठन करने की शुरुआत की गई थी जो वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करती है। कैमूर एसपी शिखर चौधरी एवं भभुआ थानाध्यक्ष द्वारा जिले में पहली बार इसकी शुरुआत कराने पर उनका धन्यवाद करते हुए श्री एलौन ने कहा कि थाना स्तर पर न्याय नहीं मिलने से बूढ़े-बुजुर्गों में आगे की कानूनी सहायता लेने की हिम्मत ही नहीं बचती है इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत उचित कार्रवाई कर विवादों का निपटारा सौहार्दपूर्ण तरीके से करने की आवश्यकता है।

## डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर समरेन्द्र कुमार को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और वंचित बच्चों के उत्थान के लिए वेबिक यूनिवर्सिटी, घाना ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार तथा आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। डीपीएस स्कूल, डालमियानगर के डायरेक्टर समरेन्द्र कुमार को शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वेबिक यूनिवर्सिटी, घाना की ओर से उन्हें यह सम्मान 29 अगस्त 2026 को वेलकम आईटीसी होटल, गुड़गांव में प्रदान किया गया। मानद डॉक्टरेट की उपाधि उनके लंबे शैक्षणिक अनुभव, शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान तथा समाज के जरूरतमंद वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के प्रयासों के सम्मानस्वरूप प्रदान की गई। समरेन्द्र कुमार लंबे समय से शिक्षा को सामाजिक बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम मानते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना उनके प्रयासों का प्रमुख हिस्सा रहा है। समरेन्द्र कुमार शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, प्रतिभा संवर्धन और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी विशेष जोर देते रहे हैं। उनका मानना है कि बेहतर शिक्षा बच्चों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिलने की खबर से डीपीएस स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों और शुभचिंतकों ने समरेन्द्र कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने कहा कि यह सम्मान उनके व्यक्तिगत योगदान के साथ-साथ डिहरी-डालमियानगर क्षेत्र के शिक्षा जगत के लिए भी गौरव का विषय है। समरेन्द्र कुमार की उपलब्धि पर डिहरी-डालमियानगर के शिक्षाविदों ने भी प्रसन्नता जताई। द डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक अखिलेश सिंह, आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत सिंह, श्री अरविंद एकेडमी के निदेशक अरविंद भारती, जीएल एकेडमी के निदेशक संजय कुमार तथा जीएनपीएस स्कूल के निदेशक हरि परिप्पन शर्मा सहित अन्य शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पीएम हरबंस नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय अवधेश नगर के प्रांगण में भव्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तहत प्रथम से दशम वर्ग तक के विद्यार्थियों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता तथा चयनित खिलाड़ियों के बीच बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर रेस में कक्षा 1 से 5 तक के समूह में शिवांगी कुमारी विजेता बनीं जबकि कक्षा 6 में बालक वर्ग में तरवेज आलम और बालिका वर्ग में दुर्गा, कक्षा 7 में बालिका वर्ग में अमृता एवं बालक वर्ग में अनिकेत, कक्षा 8 में बालिका वर्ग में काजल और बालक वर्ग में रितेश, कक्षा 9 में बालिका वर्ग में चांदनी और बालक वर्ग में रौशन तथा कक्षा 10 में बालिका वर्ग में आशा ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में काजल की टीम और बालक वर्ग में रौशन की टीम विजेता रही। इस अवसर पर विद्यालय के सम्मानित शिक्षक रितेश कुमार सिंह, अशोक कुमार, आलीम कुरैशी एवं शिक्षिका ब्यूटी कुमारी, कुसुम कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि पूरे खेल कार्यक्रम का सफल संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक कुश कुमार त्रिपाठी एवं चितरंजन पांडे द्वारा किया गया।

## काराकाट में हर घर नल का जल योजना की बदहाल स्थिति पर कनीय अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण

### कई जलापूर्ति योजनाएं बंद व अक्रियाशील, सैकड़ों घरों में नहीं मिला गृह जल संयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने काराकाट लोक स्वास्थ्य प्रशाखा में 'हर घर नल का जल' योजना के क्रियान्वयन में पायी गयी अनियमितताओं और योजनाओं के बंद रहने के मामले में कनीय अभियंता पल्लवी बाजपेई से स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग के अपर सचिव अरविन्द कुमार ने 14 अगस्त 2026 को पत्र जारी कर पूर्व में मांगे गये स्पष्टीकरण को अब तक उपलब्ध नहीं कराने पर उन्हें स्मारित करते हुए एक पक्ष के अंदर जवाब समर्पित करने का निर्देश दिया है। विभागीय जांच प्रतिवेदन के अनुसार काराकाट प्रखंड की पंचायत गम्हरिया के वार्ड संख्या-01 एवं 10 तथा पंचायत बुढ़बल के वार्ड संख्या-08 से संबंधित जलापूर्ति योजनाएं बंद पायी गयीं। वहीं मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र द्वारा करायी गयी जांच में पंचायत काराकाट में तीन योजनाएं अक्रियाशील तथा एक योजना आंशिक रूप से क्रियाशील मिली। पंचायत बुढ़बल में तीन योजनाएं अक्रियाशील एवं तीन योजनाएं आंशिक रूप से क्रियाशील पायी गयीं। पंचायत देव में भी दो योजनाएं अक्रियाशील और दो योजनाएं आंशिक रूप से क्रियाशील मिलीं। जांच में गृह जल संयोजन की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पायी गयी। गम्हरिया पंचायत के वार्ड संख्या-01 में 135 तथा वार्ड संख्या-10 में 105 घरों में गृह जल संयोजन नहीं पाया गया। इसी तरह बुढ़बल पंचायत के वार्ड संख्या-08 में 90 घरों में गृह जल संयोजन नहीं मिला। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रायः सभी योजनाओं में विद्युत मीटर, स्टेबलाइजर एवं क्लोरीनेटर स्थापित नहीं थे। वायरिंग की स्थिति भी काफी जर्जर पायी गयी। इसके अलावा इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरणों के रखरखाव की स्थिति भी खराब बतायी गयी है। विभाग ने कहा है कि योजनाओं के बंद रहने और मानक के अनुरूप संचालन नहीं होने से यह स्पष्ट होता है कि योजनाओं का नियमित निरीक्षण नहीं किया गया। इसके कारण जलापूर्ति योजनाओं के लाभुक स्वच्छ जल की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि योजना बंद रहने अथवा मानक के अनुरूप क्रियाशील नहीं रहने के बावजूद संबंधित संवेदकों के विरुद्ध एकरारनामा के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की अनुशंसा नहीं की गयी। मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र के स्तर पर 24 अप्रैल 2026 को सीजीआरसी पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की गयी थी।

## प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध रोहतास में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक एवं जैव-विविधता से समृद्ध क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में रोहतास जिला इको टूरिज्म के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यहां प्रकृति की खूबसूरती, घने वन क्षेत्र, पहाड़ी भू-दृश्य, जलप्रपात, नदियां तथा समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर्यटकों को एक साथ आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। रोहतास की पहचान केवल ऐतिहासिक धरोहरों तक सीमित नहीं है। कैमूर पर्वत श्रृंखला और इसके आसपास का वन क्षेत्र जिले को प्रकृति-आधारित पर्यटन के लिए विशिष्ट बनाता है। मानसून एवं उसके बाद का समय यहां के जलप्रपातों, हरित वन क्षेत्रों और प्राकृतिक परिदृश्यों को विशेष रूप से मनोरम बना देता है। प्रकृति प्रेमियों, फोटोग्राफी एवं बर्ड वॉचिंग के शौकीनों, ट्रेकिंग तथा एडवेंचर पर्यटन में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए रोहतास में व्यापक अवसर मौजूद हैं।

**मांझर कुंड और तुतला भवानी जलप्रपात प्रमुख आकर्षण**

रोहतास के मांझर कुंड और तुतला भवानी जलप्रपात जैसे प्राकृतिक स्थल इको टूरिज्म की दृष्टि से विशेष महत्व रखते हैं। वर्षा ऋतु में जलप्रपातों की प्राकृतिक छटा पर्यटकों को आकर्षित करती है। इन स्थलों को पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाए तो स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। इसके साथ ही रोहतासगढ़ किला क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विशेषताओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। किले तक पहुंचने वाला पहाड़ी भू-दृश्य, आसपास का वन क्षेत्र तथा ऐतिहासिक महत्व इसे हेरिटेज टूरिज्म और इको टूरिज्म को एक साथ विकसित करने के लिए उपयुक्त बनाता है।

**स्थानीय समुदाय की भागीदारी से विकसित होगा इको टूरिज्म**

इको टूरिज्म का उद्देश्य केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रकृति एवं जैव-विविधता का संरक्षण करते हुए स्थानीय समुदाय की आय में वृद्धि करना है। रोहतास में स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड, टूर गाइड, होम-स्टे, स्थानीय परिवहन, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों एवं खान-पान से जोड़कर पर्यटन आधारित आजीविका के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, सुरक्षित पथ, साइनेज, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग तथा पर्यटकों की सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास से इन स्थलों की पर्यटक क्षमता में वृद्धि की जा सकती है। साथ ही कैरीइंग कैपेसिटी और पर्यावरणीय मानकों का ध्यान रखते हुए पर्यटन गतिविधियों का संचालन किया जाना आवश्यक होगा। रोहतास में इको टूरिज्म को केवल एकल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के बजाय नेचर टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म और ग्रामीण पर्यटन को एक समेकित सर्किट के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे पर्यटकों के ठहराव की अवधि बढ़ेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ मिलेगा। रोहतास की प्राकृतिक संपदा को संरक्षित रखते हुए यहां नेचर ट्रेल, व्यू प्वाइंट, बर्ड वॉचिंग जोन, इंटरप्रिटेशन सेंटर, इको-फ्रेंडली कैंपिंग तथा स्थानीय संस्कृति और खान-पान आधारित पर्यटन गतिविधियों की संभावनाओं का भी उपयोग किया जा सकता है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के प्राकृतिक क्षेत्रों को पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन के नए केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए। रोहतास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण संभावनाशील जिला है जहां प्रकृति का संरक्षण, स्थानीय समुदाय का सशक्तीकरण और पर्यटन विकास एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं। रोहतास जहां इतिहास की विरासत और प्रकृति की खूबसूरती मिलकर बिहार के इको टूरिज्म को नई पहचान दे सकती है।

# 'एक शाम मुकेश के नाम' में गूंजे सदाबहार गीत, हर प्रस्तुति पर बजी तालियां



नवबिहार टाइम ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। न्यू एस्ट्रोलॉजिकल पॉइंट के तत्वाधान में शनिवार की शाम स्थानीय टाउन हॉल में स्वर सम्राट एवं प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. मुकेश चंद माथुर की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 'एक शाम मुकेश के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को पुराने दौर की यादों में पहुंचा दिया। कलाकारों की हर प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।कार्यक्रम का उद्घाटन बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय के कई न्यायाधीशों, गया से आए मुख्य अतिथि ज्योतिषाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा और आयोजनकर्ता रंजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुकेश की जीवनी पर आधारित पुस्तक 'स्कंदन पत्रिका' के लोकार्पण से हुई। इसके बाद रंजीत सिन्हा की पुत्री सालोनी ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने 'दुनिया से जाने वाले जाने चले जाते हैं कहां', 'कैसे उसे पसंद क' सहित मुकेश के कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। पटना की गायिका रीना श्री के साथ 'जिंदगी की न टूटे लड़ी' गीत की युगल प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। रंजीत कुमार सिन्हा के पुत्र अमृतांश ने संजय सिन्हा के साथ 'अजब है इस दुनिया में आठवीं जोड़ी' की युगलबंदी पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। बाहर से आए कलाकार पवन त्यागी, अनिल कुमार अकेला, संजय सिन्हा, अशोक चक्रधर, लोकेश तथा धनबाद से आई गायिका पिंकी ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। आयोजक रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मुकेश चंद माथुर की आवाज में दर्द, प्रेम और जीवन के विभिन्न रंगों की अद्भुत अभिव्यक्ति थी, जिसके कारण उनके गीत आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। कार्यक्रम में अनिल टीकिया और पटना से आए सैक्सोफोन वादक फैसल ने भी अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। संगीत एवं म्यूजिक की व्यवस्था राजू साउंड के अमन ने संभाली।

# चुनावी तैयारी में जुटा जन सुराज, संगठन को मजबूत करने की बनी रणनीति

## पंचायत से नगर निकाय तक सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगी जिम्मेदारी



नवबिहार टाइम संवाददाता

**गिरियक**। पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव को लेकर जन सुराज ने नालंदा जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। रविवार को पावापुरी में आयोजित जिला समिति की बैठक में बूथ, वार्ड और पंचायत स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार और चुनावी तैयारियों को लेकर सुझाव दिए।पार्षद सुषमा देवी के आवास के समीप शिव मंदिर परिसर में हुई बैठक में अधिक से अधिक नए लोगों को संगठन से जोड़ने तथा सक्रिय एवं इच्छुक कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि चुनावी सफलता के लिए अभी से गांव, पंचायत और वार्ड स्तर पर लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना जरूरी है।संभावित प्रत्याशियों के चयन पर मंथन बैठक में आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव के संभावित प्रत्याशियों के चयन पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यकर्ताओं से जनहित में सक्रिय, योग्य, कर्मठ और स्वच्छ छवि वाले लोगों को चिह्नित कर उनके नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजने को कहा गया।इस दौरान नगर निकायों में जीईएम पोर्टल के माध्यम से हुई कथित खरीदारी में अनियमितता का मुद्दा भी उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर एसडीओ व जिलाधिकारी को जांच के लिए आवेदन देने का निर्णय लिया।बैठक का संचालन संगठन महामंत्री संजीव कुमार ने किया। मौके पर सत्येंद्र पासवान, राजेश रंजन, विनायक लोहानी, मोहन पांडे, मोहित कुमार, पूजा कुमारी, रोहित राज, अजीत कुमार, नील नितिन व प्रवीण उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### शेरपुर में मुफ्त नेत्र जांच शिविर, 500 गरीबों को मिलेगा निःशुल्क इलाज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ के वार्ड नंबर 42 स्थित शेरपुर मोहल्ले में मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रख्यात दंत रोग चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।आयोजित शिविर में करीब 500 गरीब एवं असहाय लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी। जांच के दौरान जिन मरीजों को लेंस लगाने की आवश्यकता होगी, उन्हें मुफ्त में लेंस भी लगाया जाएगा। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आंखों की समय पर जांच और उचित उपचार से कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।

### संस्कृत सभी भाषाओं की जननी हैः बालकृष्ण शर्मा

**बिहारशरीफ**। भारतीय ब्राह्मण सेवा संघ, नालंदा की ओर से रविवार को मगध कॉलोनी में संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता आचार्य बालकृष्ण ने की। आचार्य विद्यानंद विद्यार्थी ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत का संरक्षण और संवर्धन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। संघ के नालंदा जिलाध्यक्ष कृष्ण वल्लभ पांडेय ने कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। देवभाषा संस्कृत दिव्य ज्ञान और शक्ति से परिपूर्ण है, लेकिन वर्तमान समय में इसके महत्व को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल रहा है।उन्होंने कहा कि संस्कृत के कमजोर होने से कर्मकांड, ज्योतिष एवं अन्य पारंपरिक ज्ञान-विधाओं का प्रचार-प्रसार भी प्रभावित हो रहा है। प्रदेश महासचिव पुरुषोत्तम पांडेय ने संस्कृत को संरक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह को अनिल पांडेय, वीरमणी पांडेय, सुनील पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, रविशंकर पांडेय, बलराम पांडेय समेत कई लोगों ने संबोधित किया।

### आमने-सामने बाइक की टक्कर में तीन युवक गंभीर

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के मीना बाजार-मानपुर गांव के समीप शनिवार की रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को पुलिस के सहयोग से हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान एकंगरडीह गांव निवासी बिंदेश्वर रविदास के पुत्र राकेश रविदास, महेंद्र रविदास के पुत्र नीरज कुमार तथा चम्हेड़ा गांव निवासी सुनील चैधरी के पुत्र इंद्रजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के इसुआ बेलदरिया गांव में शनिवार की रात कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजा राम चैहान के 30 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार के रूप में हुई है।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# नगरनौसा की लेखिका अंशिता सिन्हा को मिला 'शब्द आराधना सम्मान'

नवबिहार टाइम संवाददाता

**नगरनौसा**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी मंजू रानी एवं जनार्दन प्रसाद की पुत्री तथा साहित्यकार अंशिता सिन्हा को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'शब्द आराधना सम्मान' से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश के दतिया में आयोजित राष्ट्रीय मधुकर समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।अंशिता सिन्हा को सम्मान दतिया राजघराना के महाराजा गोविंद देव जूदेव, महारानी परिणिता राजे, इंटेक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर एवं कार्यक्रम संयोजक विनोद मिश्र 'सुरमणि' ने प्रदान किया। सम्मान मिलने पर उनके परिवार, शुभचिंतकों और नगरनौसा क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों में खुशी का माहौल है।समारोह में अंशिता सिन्हा की कहानी संग्रह 'ख्वाबों के रेशमी साये' तथा उनके संपादन में प्रकाशित आलेख संग्रह 'सत्यं शिवम् सुन्दरम' का भी विमोचन किया गया। उनकी दोनों कृतियां साहित्य के प्रति उनकी रचनात्मक सक्रियता और समर्पण को दर्शाती हैं।बताया गया कि 'शब्द आराधना सम्मान' साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। अंशिता सिन्हा पिछले कई वर्षों से लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अब तक उनकी पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें एक कहानी संग्रह और चार काव्य संग्रह शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने कई साझा साहित्यिक संग्रहों का संपादन भी किया है।

# दाहाबिगहा ने हिलसा को 1-0 से हराकर जीता फुटबॉल कप



नवबिहार टाइम संवाददाता

**नगरनौसा**। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दाहा बिगहा खेल मैदान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। कड़े संघर्ष के बीच दाहा बिगहा की टीम ने हिलसा को 1-0 से हराकर विजेता कप पर कब्जा जमा लिया। दाहा बिगहा की ओर से सौरव कुमार ने निर्णायक गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में हिलसा के अनुमंडलीय पदाधिकारी अमित कुमार पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार मौजूद रहे। इस दौरान प्रेम कुमार सिन्हा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, नालंदा, युवा जदयू बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष विकाश कुमार, कामता पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार, हिलसा थाना प्रभारी चंद्रभानु, कामता पंचायत पैक्स अध्यक्ष अजय शंकर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। खिलाडियों के बीच पूरे मुकाबले में कड़ा संघर्ष देखने को मिला। अंततः सौरव कुमार के गोल की बदौलत दाहा बिगहा ने 1-0 की बढ़त बनाई और अंतिम सीटी तक इसे कायम रखते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।आयोजक नीरज यादव ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, खेलप्रेमियों और खिलाडियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, एकता, भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करता है।

# बारिश में कीचड़ से होकर पंचायत सरकार भवन पहुंच रहे ग्रामीण

नवबिहार टाइम संवाददाता

**नगरनौसा**। सरकार गांवों को पक्की और कालीकरण सड़कों से जोड़ने का दावा कर रही है, लेकिन नगरनौसा प्रखंड की कैला पंचायत में विकास का यह दावा धरातल पर कमजोर नजर आ रहा है। कैला पंचायत सरकार भवन तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को आज भी करीब दो हजार फीट कच्चे और कीचड़युक्त रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। बरसात में रास्ते पर जलजमाव और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।कैला पंचायत के उपमुखिया जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रेमनविगहा-सैयरापर सड़क से मिल्की खंधा होते हुए पंचायत सरकार भवन तक करीब दो हजार फीट सड़क अब तक कच्ची है। बारिश के बाद रास्ते की स्थिति और खराब हो जाती है। इससे पैदल राहगीरों के साथ छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन में भी परेशानी होती है।पंचायत सरकार भवन में कैला पंचायत के करीब 14 गांवों के लोगों का आना-जाना होता है। इनमें कुड़बापर, हरगोपालपुर, दुधैला, मखदुमपुर, रामचक, गढियापर, प्रेमनविगहा, कैला, खरजमा, मानसिंगपुर, महमदपुर, तीना, उस्मानपुर और लोदीपुर शामिल हैं। भवन के समीप पैक्स कार्यालय और एक हजार मीट्रिक टन क्षमता का अनाज गोदाम भी है। सड़क खराब होने से यहां किसानों और वाहनों को भी परेशानी होती है।ग्रामीणों के अनुसार, करीब 15 वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री तक आवेदन देने के बावजूद अब तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। ग्रामीण नवल किशोर प्रसाद, छोटे प्रसाद, अनिल कुमार समेत अन्य ने कहा कि चुनाव के दौरान सड़क निर्माण का आश्वासन मिलता है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर पक्की सड़क चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए शीघ्र ठोस पहल नहीं होने पर आगामी चुनाव में अपने मताधिकार के जरिए जवाब देने की बात कही।

## नवादा

# मारपीट कर हत्या का आरोप, दो आरोपित गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के मिल्की बेलदारी गांव में घर घेरकर मारपीट करने और एक व्यक्ति की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में डीएसपी मो. शाहनवाज अख्तर ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीतामढ़ी थाना पुलिस ने मामले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की। पुलिस के अनुसार, 27 अगस्त 2026 को करीब 3 बजे सुजीत चौहान, पिता साधु चौहान, निवासी मिल्की बेलदारी ने सीतामढ़ी थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में आरोप लगाया गया कि गांव के कई लोगों ने घर घेरकर मारपीट की, जिससे उनके पिता की मृत्यु हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीतामढ़ी थाना कांड संख्या 97/26, दिनांक 27.08.26 दर्ज किया गया। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। प्रेस वार्ता में डीएसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम का गठन कर गुप्त सूचना एवं स्थानीय स्रोतों के आधार पर छापेमारी शुरू की गई। लगातार कार्रवाई के क्रम में विकास कुमार चौहान, पिता श्रवण चौहान तथा अनुज कुमार उर्फ छोटू कुमार, पिता उमेश चौहान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कांड में कुल 17 अभियुक्त संलिप्त बताए गए हैं और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। डीएसपी मो. शाहनवाज अख्तर ने कहा कि मामले की जांच जारी है और घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं थानाध्यक्ष पप्पू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम आगे की कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में संगठन की मजबूती पर मंथन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह नवादा जिला प्रभारी शशि शेखर सिंह भी उपस्थित रहे ।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शशि शेखर सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज रही है आगामी समय में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता को पूरी एकजुट के साथ मैदान में उतरना होगा । उन्होंने कार्यकर्ताओं से राज्य और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मुखर होने का आवाहन किया । श्री सिंह ने बैठक के दौरान संगठन विस्तार , सदस्यता अभियान की प्रगति , जिला कांग्रेस कमेटी सहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी , मंडल कमेटियों का 15 से 20 बूथो पर गठन तथा BLA -2 के भी गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का दिशा - निर्देश दिया साथ ही साथ अगले माह से कांग्रेस का "चलो पंचायत ,चलो वार्ड 'एवं हर घर झंडा अभियान को शुरुआत करने पर बोल दिया । श्री झा ने कहा कि जिला कांग्रेस जल्द ही इस जनहित के मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरेगी और चरणबद्ध आंदोलन करेगी। श्री झा ने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष भी अपने-अपने प्रखंड में जनहित की समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरने का काम करें।

### हर खेत में पानी पहुंचाने के दावे के बीच कौआकोल में बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे किसान

**कौआकोल**। जहां सरकार किसानों के हर खेत तक पानी पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं कौआकोल प्रखंड में किसान सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन पाने को लेकर महीनों से परेशान हैं। सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए समय पर बिजली कनेक्शन नहीं मिलना उनकी परेशानी को और बढ़ा रहा है। भंडारी गांव निवासी सुनील कुमार, बरौन गांव निवासी प्रभाकर सिंह एवं भुआलटाड़ गांव निवासी महेंद्र प्रसाद सहित अन्य किसानों ने बताया कि उन्होंने करीब दो-तीन माह पूर्व कृषि कार्य के लिए बिजली कनेक्शन लेने हेतु आवेदन दिया था,लेकिन आज तक उन्हें कनेक्शन नहीं मिल सका है। किसानों का कहना है कि पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण फसलों को पटवन की सख्त जरूरत है। ऐसे में बिजली कनेक्शन के अभाव में खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और फसल बचाना मुश्किल होता जा रहा है। किसानों ने संबंधित विभाग से अविलंब शिविर लगाकर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं इस सम्बंध में विद्युत कनीय अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की विभागीय प्रक्रिया जारी है। प्रक्रिया पूरी होते ही किसानों को कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### भगत सिंह दुर्गा पूजा समिति की बैठक में 2026 पूजा आयोजन को लेकर बनी रणनीति

**नवादा**। भगत सिंह दुर्गा पूजा समिति की ओर से आगामी दुर्गापूजा महोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर रविवार, 30 अगस्त 2026 को आकाश होटल के प्रांगण में समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की जिम्मेदारियां तय की गई। बैठक में विनोद कुमार मुन्ना को अध्यक्ष तथा ललन कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मिथिलेश केसरी, चंदन कुमार एवं रामप्रसाद कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। कृपाल पासवान को सचिव तथा विकास कुमार फुल्लू को उपसचिव बनाया गया।इसके अलावा रिंकू केसरी को मीडिया प्रभारी और रोहित पासवान को मेला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूजा आयोजन को सफल बनाने के लिए गोरे यादव, राजेश साव, अनूप कुमार, साहिल राज, समर सिंह, चंदन कुमार, मोनू कुमार एवं हिरा कुमार को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सदस्यों ने कहा कि दुर्गापूजा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आपसी सौहार्द के साथ किया जाएगा। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, मेला व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। समिति ने पूजा आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील भी की। बैठक में सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### 500 से अधिक मोटरसाइकिलों के काफिले और हजारों समर्थकों ने किया स्वागत

**नवादा**। बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी के नवादा आगमन पर रविवार को केंदुआ बाईपास में जोरदार स्वागत किया गया। 500 से अधिक मोटरसाइकिलों के काफिले और हजारों समर्थकों ने उन्हें रिसीव कर बड़ी दरगाह इमामबाड़ा के समीप लाया। इस दौरान बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बड़ी दरगाह इमामबाड़ा के पास अल्पसंख्यक जदयू की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अल्पसंख्यक जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर भट्ट ने की, जबकि संचालन नसीम अंसारी ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार ने भागलपुर दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि बिजली, टूटी-फूटी सड़कों की समस्या के समाधान के साथ शोषित, दलित, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है।

# इनर व्हील क्लब नवादा ने जेल परिसर में रोपे 251 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय इनर व्हील क्लब नवादा की महिलाओं ने एक बार फिर सराहनीय पहल करते हुए नवादा मंडल कारा परिसर में 251 पौधों का रोपण किया। लगाए गए पौधों में फलदार, छायादार एवं औषधीय प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। क्लब की इस पहल का उद्देश्य जेल परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ बंदियों को भविष्य में पेड़-पौधों से मिलने वाले फल एवं औषधीय लाभ उपलब्ध कराना है। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत जेल परिसर में पौधों की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद जेल के चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित सभी लोगों ने हाथों में पौधे लेकर 'भारत माता की जय' का नारा लगाया और परिसर में पौधारोपण शुरू किया। क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी ने कहा कि टीम के सदस्यों को पौधे लगाते समय एक अलग तरह की खुशी और सुकून मिलता है। ऐसा महसूस होता है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वे भी अपना योगदान दे रही हैं। पेड़-पौधे वातावरण को स्वच्छ एवं ठंडा रखने के साथ धरती की सुंदरता बढ़ाते हैं। साथ ही पक्षियों और जीव-जंतुओं को आश्रय भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक संख्या में पेड़-पौधे होंगे तो वातावरण बेहतर रहेगा, लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और वर्षा चक्र भी संतुलित रहेगा। जेलर नीतीश कुमार ने कहा कि पेड़-पौधों से भविष्य में फल-फूल के साथ औषधीय लाभ भी प्राप्त होंगे। धरती को हरा-भरा और खुशहाल बनाए रखने के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। क्लब की सेक्रेटरी पुष्पा कुमारी ने कहा कि जेल परिसर में पौधे लगाने का मुख्य उद्देश्य भविष्य में बंदियों को अधिक से अधिक फल एवं औषधियों का लाभ पहुंचाना है।

# कुलदेवता नायक बाबा के दर्शन को रजौली से देवघर जाएगा साहू समाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली के साहू समाज द्वारा अपनी समृद्ध धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं को संजोते हुए समाज के कुलदेवता नायक बाबा की विशेष पूजा-अर्चना के लिए एक भव्य धार्मिक यात्रा की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। संगत मोड़ स्थित श्री गणेश पूजा मंडप में आयोजित होने वाली नियमित पूजा एवं महाआरती के उपरांत साहू समाज की एक सामूहिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से गंजोबाड़ी जाने का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। समाज के प्रतिनिधि दिवाकर प्रसाद ने बताया कि आगामी 6 सितंबर को उनके नेतृत्व में रजौली के संगत मोड़ के समीप से साहू समाज के सैकड़ों श्रद्धालु दो बसों में सवार होकर देवघर के लिए रवाना होंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का यह दल सबसे पहले झारखंड स्थित सुप्रसिद्ध झारखंडी धाम पहुंचेगा, जहां वे पूर्ण भक्तिभाव से पूजा-अर्चना करेंगे। झारखंडी धाम में दर्शन-पूजन संपन्न करने के पश्चात सभी श्रद्धालु देवघर जिले के मधुपुर स्थित गंजोबाड़ी मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। गंजोबाड़ी धाम पहुंचकर साहू समाज के लोग पूरे विधि-विधान और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ अपने कुलदेवता नायक बाबा का पूजन एवं महाआरती संपन्न करेंगे।

# लियाफी अभिकर्ता संघ नवादा का चुनाव संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (लियाफी) से संबद्ध जीवन बीमा अभिकर्ता संघ, नवादा की द्विवार्षिक आमसभा सह चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। आमसभा में जिले के एलआईसी अभिकर्ताओं ने भाग लिया तथा संगठन की मजबूती, अभिकर्ताओं की समस्याओं और उनके हितों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में अध्यक्ष पद पर सतीस कुमार राकेश, उपाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार, अजय कुमार एवं जनार्दन कुमार निर्वाचित हुए। वहीं सचिव पद पर राजकुमार प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई। संयुक्त सचिव के पदों पर जय राम शर्मा, विनोद पांडेय एवं हीरा लाल साव चुने गए। इसी प्रकार संगठन सचिव के पद पर राम प्रवेश सिंह, सुधीर प्रसाद सिंह एवं सतेंद्र कुमार सिन्हा का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार निर्वाचित हुए। चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिकर्ताओं ने स्वागत किया तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लियाफी पूर्व मध्य क्षेत्र, पटना के अध्यक्ष राकेश कुमार नन्दकुलियार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम, नवादा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शाहिद लतीफ ने अभिकर्ताओं को संबोधित किया।

# बहनों के सुख-दुःख में हमेशा खड़ा रहूंगाः मोहम्मद कामरान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मोहम्मद कामरान ने रविवार को कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा स्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेंद्र भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं से राखी बंधवाई। इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं ने पूर्व विधायक कामरान की कलाई पर राखी बांधी और उनके दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की। वहीं, कामरान ने भी सभी बहनों को उनके सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, "चुनाव भले ही हार गया हूं,लेकिन बहनों का भाई बनकर उनके सुख-दुःख में खड़ा रहने का रिश्ता कभी नहीं हारूंगा।" उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है,लेकिन सामाजिक रिश्ते, आपसी प्रेम और भाईचारा उससे कहीं ऊपर हैं। जो गोबिंदपुर के सेवक के रूप में अनवरत जारी रहेगा। इस अवसर पर राखी बांधने पहुंची महिलाओं ने भी कहा कि मोहम्मद कामरान से उनका रिश्ता राजनीतिक नहीं, बल्कि भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का है।

# पितृपक्ष मेला की तैयारियों का डॉ. प्रेम कुमार ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** पितृ पक्ष मेला 2026 की तैयारियों को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया और बोधगया के विभिन्न धार्मिक एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल और सुगम आवागमन की सभी तैयारियां समय से पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बोधगया में मातंग वापी, धर्मारण्य और मां सरस्वती मंदिर का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने को कहा। गांधी मैदान में बनने वाली टेंट सिटी और वहां तक पहुंचने वाले मार्ग में पथ निर्माण व पेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश दिया। गया कॉलेज खेल परिसर स्थित यात्री बस पड़ाव का भी जायजा लिया। सिकरिया मोड़ बस पड़ाव में पथ और यात्री शेड की मरम्मत, रंग-रोगन एवं अतिक्रमण हटाने तथा सुगम आवागमन के लिए आवश्यक पथ निर्माण कराने को कहा। डेल्हा थाना के पास प्रस्तावित बस स्टैंड स्थल पर पेवर ब्लॉक सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रामशिला मंदिर के पास रामकुंड में सफाई कार्य का निरीक्षण कर तालाब एवं आसपास स्वच्छता और मंदिरों व धर्मशालाओं का रंग-रोगन कराने को कहा। पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड के पास नलों के आसपास आवश्यक निर्माण एवं सफाई कराने का निर्देश दिया। देवघाट में सफाई, टूटे स्थानों की मरम्मत तथा यात्री शेड का रंग-रोगन कराने और नौवां गढ़ी से नादरागंज तक समेत मेला क्षेत्र के प्रमुख नालों की तत्काल सफाई कराने को कहा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान है। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं, इसलिए उनकी सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भ्रमण में नगर आयुक्त गया, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अधिकारी मौजूद रहे। राजनंदन प्रसाद गांधी, राम लखन प्रसाद, जितेंद्र कुमार, राजकुमार, मोहन राय, विकास कुमार, पप्पू कुमार, सनी कुमार, गणेश चंद्रवंशी, धीरू सिंघन, देवानंद पासवान, मनोज पासवान, लक्ष्मण पांडे, अमित पासवान, मुन्ना पाठक, अजय सिंह और राजेश मस्तान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गया में डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में सुनी गई 'मन की बात' की 137वीं कड़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लाल बाबा, रामशिला पहाड़ के समीप स्थित सामुदायिक भवन में उत्तरी मंडल-1 के वार्ड संख्या-6 स्थित बूथ संख्या-50 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' की 137वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया। इसमें बूथ के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान, हर घर तिरंगा, देशभक्ति से जुड़े रोचक इतिहास की वेबसाइट, युवा रचनाकारों तथा देश में हो रहे नए और सकारात्मक प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने आम नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से किए जा रहे रचनात्मक कार्यों का उल्लेख करते हुए जनभागीदारी को मजबूत करने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच संवाद का प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। इसके जरिए देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक कार्यों, नवाचारों और जनभागीदारी के प्रेरक प्रयासों की जानकारी पूरे देश को मिलती है। प्रधानमंत्री के सुझाव और संदेश देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल संवाद करना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र सेवा से जोड़ना है। नशामुक्त समाज, राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरवशाली इतिहास की जानकारी और युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन आज की महत्वपूर्ण जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रहित, जनसेवा और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोष के साथ सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** कुर्था-टिकारी मुख्य मार्ग पर छक्कनबिगहा मोड़ के समीप शनिवार की देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान मउ थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी राजू विश्वकर्मा के 18 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार और जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रामायण गांव निवासी अशोक विश्वकर्मा के 18 वर्षीय पुत्र रिशु कुमार के रूप में हुई है। हादसे में जलालपुर निवासी शिवम और सोनू भी घायल हुए हैं। शिवम को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सोनू का इलाज गया में ही चल रहा है। सूचना मिलते ही मउ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। मउ थानाध्यक्ष पीयूष जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चारों युवकों के एक ही बाइक पर सवार होने की बात सामने आई है। तेज रफ्तार में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई। पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है। परिजनों से लिखित शिकायत मांगी गई है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जदयू प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड कार्यालय का चमंडी-चाकंद में भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जदयू गया जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा एवं बेलागंज की विधायक मनोरमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने संगठन को पंचायत एवं बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने आवास पर जदयू का झंडा लगाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कासिम अंसारी ने की जबकि संचालन रंजीत कुशवाहा ने किया। प्रखंड कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत जदयू जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा बिथो शरीफ पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मो. कादिर सहित सैकड़ों ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने इंजीनियर अजय कुशवाहा का फूल-माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने इस भव्य स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में रामलखन स्वर्णकार, कुंडल वर्मा, मधुसूदन राय, पूनम कुशवाहा, महासचिव दिनेश प्रसाद सिन्हा, बृजराज पांडेय, विनोद यादव, शंभु सिंह, अनिल सिंह, शिवपूजन प्रसाद सहित दर्जनों जदयू नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जंगल में शराब की तीन भट्ठियां ध्वस्त, 45 लीटर महुआ शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डुमरिया।** प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा थाना क्षेत्र के पिछुलिया गांव के दक्षिण जंगल में शनिवार को पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस टीम ने छापेमारी कर 45 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। साथ ही मौके पर चल रही तीन शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर करीब 2000 लीटर अर्धनिर्मित जावा महुआ नष्ट कर दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष शमशेर आलम ने बताया कि पिछुलिया के जंगल में शराब बनाए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम दोपहर करीब तीन बजे मौके पर पहुंची थी। पुलिस को देखते ही शराब बनाने में जुटे लोग जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।

## शराब के नशे में दो युवक गिरफ्तार, गए न्यायिक हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना की पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गुरुआ थाना क्षेत्र के उपरीडीह गांव निवासी शुभम कुमार पाण्डेय और शेरघाटी थाना क्षेत्र के उचिरवां गांव निवासी हेमन मंडल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों को शराब के नशे में पकड़ा गया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों की मेडिकल जांच कराई। जांच में शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि होने के बाद दोनों के खिलाफ बिहार में लागू मद्यनिषेध कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने शुभम कुमार पाण्डेय के विरुद्ध कांड संख्या 417 तथा हेमन मंडल के विरुद्ध कांड संख्या 419 दर्ज किया है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि शराबबंदी कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने या नशे की हालत में पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से शराब से दूर रहने और शराबबंदी कानून का पालन करने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 18 वर्षीय गुलाम आशी उफनती सोरहर नदी की तेज धार में बहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के दुबहल गांव स्थित दुबहल पुल के समीप रविवार दोपहर करीब 12 बजे स्नान करने के दौरान 18 वर्षीय इंटर छात्र गुलाम आशी उफनती सोरहर नदी की तेज धार में बह गया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया और परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे के नदी में बहने की खबर मिलते ही मां नदी किनारे पहुंचकर टकटकी लगाए बैठी रही। हर गुजरते पल के साथ उसकी आंखें नदी की धार में अपने लाल को तलाशती रहीं जबकि पिता की आंखें बेटे के इंतजार में पथरा गई थीं। नदी की हर उठती लहर के साथ परिवार की उम्मीद कभी बढ़ती तो कभी टूटती रही। वहीं इधर घटना की सूचना मिलते ही इमामगंज पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू की गई। इमामगंज थाने के एसआई योगेंद्र पाल भी खुद पानी में उतरकर कई स्थानों पर किशोर की तलाश में जुटे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। कई घंटे की मशक्कत के बाद गया से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ ने नदी के अलग-अलग हिस्सों में तलाश की, लेकिन देर शाम तक छात्र का कोई पता नहीं चल सका। लापता किशोर की पहचान दुबहल गांव निवासी 18 वर्षीय गुलाम आशी, पिता युसुफ अंसारी के रूप में हुई है। वह इंटर का छात्र था।

## गया मगध मेडिकल के इमरजेंसी गेट पर जलजमाव, मरीजों को बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर वर्षों से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। बारिश में स्थिति और बिगड़ जाती है जिससे एंबुलेंस को मरीज तक पहुंचने में 10-15 मिनट लग जाते हैं। इस गंभीर मुद्दे पर स्थानीय प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है जिससे पितृपक्ष मेला के दौरान मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। राजकीय पितृपक्ष मेला में तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर तैयारियां की जा रही है। आपात स्थिति के लिए सदर अस्पताल के साथ-साथ अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी में स्पेशल वार्ड की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस और अन्य वाहनों की गति मेन गेट पर थम जाती है। बारिश शुरू होते ही गेट पर जलजमाव हो जाता है जिसकी निकासी की व्यवस्था वर्षों से नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलजमाव और सड़क की खराब स्थिति के कारण ई-रिक्शा पलटने और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल में किसी भी आपात स्थिति में जब एंबुलेंस से मरीज को लाया जाता है तो इमरजेंसी गेट पर जलजमाव और वाहनों के जमावड़े के कारण परिसर के अंदर पहुंचने में 10 से 15 मिनट लग जाते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि गंभीर मरीजों के लिए एक-एक मिनट कीमती होता है, ऐसे में अस्पताल का प्रवेश मार्ग हमेशा बाधा मुक्त होना चाहिए। इसके बावजूद वर्षों से गेट पर अवरोध बना हुआ है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर एसएसबी ने निकाली साइकिल रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 30 अगस्त को क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), सशस्त्र सीमा बल, गया तथा 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के संयुक्त तत्वावधान में 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट कुणाल के निर्देशन में हुआ। साइकिल रैली को 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट अबनीश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं बलकर्मियों को इस वर्ष की 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' थीम के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही खेल एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। रैली एसएसबी कैंपस, धनावां से शुरू होकर ग्राम धनावां, दुबहल, नैली एवं खटकाचक होते हुए वापस वाहिनी मुख्यालय पहुंची। इस प्रतिभागियों ने लगभग आठ किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की। रैली के दौरान स्वास्थ्य, फिटनेस और खेलों के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा 'फिट इंडिया' की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एवं 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## जमीन विवाद में मारपीट, दो आरोपित गिरफ्तार, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट एवं गाली-गलौज के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई से संबंधित मामलों में संलिप्त आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में उमेश पासवान को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ शेरघाटी थाना में कांड संख्या 416/26 दर्ज किया गया था। आरोप है कि जमीन से संबंधित विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे मामले में सुरेश दास नामक युवक के खिलाफ मारपीट एवं गाली-गलौज करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस मामले में भी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ शेरघाटी थाना में प्राथमिकी दर्ज थी। पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डॉ. कृष्णदेव मिश्र की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बड़की डेल्हा खरखुरा रोड गयाजी स्थित सिद्ध काव्य वाटिका 70 वीं कवि गोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार व कवि डॉ. कृष्णदेव मिश्र की अध्यक्षता में बड़े ही उल्लासपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। अरुणोदय मिश्र की 'क्यों लगने लगी आजकल जिंदगानी', श्रीमोहन मिश्र की 'छलकई गगरिया मोर', रणजीत शर्मा की 'राष्ट्र पथ में', अजय कुमार शास्त्री की, 'हो चुप क्यों' दशरथ प्रसाद की, 'आज का परिवेश' गणेश दत्त मिश्र की, 'मगध महान स्थान' तथा 'वरिष्ठ कवि श्याम सुन्दर मिश्र सिंह की, 'भोले बाबा की कजरी' की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। संचालक अभयानन्द मिश्र ने अपनी मगही कविता, 'सफर जिंदगानी के अजबे चलइथे पढ़कर अध्यक्ष ने अपनी कविता प्रतिमान बड़प्पन के पढ़कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। अवसर पर अमरजीत शर्मा, प्रभु प्रजापति, अमरेन्द्र कुमार पाठक, त्रिगुणानन्द प्रभानन्द आदि उपस्थित थे।

## गया में प्रशांत किशोर करेंगे शिक्षकों से संवाद, रात्रि भोज का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 3 सितंबर को गया में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। जन सुराज नेता सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. डी. शर्मा ने बताया कि शिक्षक संवाद समारोह गुरुवार शाम 6 बजे हरिदास सेमिनरी विद्यालय स्थित कला एवं संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था, शिक्षक सम्मान, शिक्षक हित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित बिहार के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। इस दौरान शिक्षकों द्वारा प्रशांत किशोर का अभिनंदन भी किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के बाद शिक्षकों और प्रबुद्धजनों के लिए प्रशांत किशोर के साथ रात्रि भोज की व्यवस्था की गई है।

## हल्की बारिश ने खोल दी व्यवस्था की पोल, चौथी बार बही पुलिया, 12 गांवों का संपर्क टूटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इमामगंज।** प्रखंड अंतर्गत मंझौली पंचायत में बहुती नदी पर बना पुलिया हल्की बारिश ने एक बार फिर सरकारी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के पानी का दबाव बढ़ते ही पुलिया चौथी बार टूटकर बह गई। पुलिया के बह जाने से 12 से अधिक गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के सामने अब आवागमन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात शुरू होते ही उन्हें इसी परेशानी की चिंता सताने लगती है। इससे पहले भी पुलिया दो-तीन बार बारिश में बह चुकी है, लेकिन हर बार अस्थायी मरम्मत के बाद मामला शांत हो गया। इस बार फिर पुलिया के बह जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कब तक कागजी मरम्मत और अस्थायी इंतजाम के भरोसे गांवों का आवागमन चलता रहेगा।

**पुलिया टूटी तो गांवों की जिंदगी थमी**

पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों के लोगों का मुख्य मार्ग से संपर्क प्रभावित हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और रोजमर्रा के काम से बाहर जाने वाले ग्रामीणों को हो रही है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में यह रास्ता उनके लिए जीवनरेखा की तरह है, लेकिन पुलिया बहने के बाद वही रास्ता मुसीबत बन जाता है।

**ग्रामीणों ने पूछा-हर साल टूटेगा रास्ता या बनेगा स्थायी समाधान**

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आवागमन बहाल कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने ऐसी मजबूत पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है जो बारिश के पानी का दबाव झेल सके। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार पुलिया टूटने पर सरकारी राशि खर्च करने के बजाय स्थायी समाधान की दिशा में काम किया जाना चाहिए। मंझौली पंचायत के लोगों का कहना है कि पुलिया का बार-बार बहना सिर्फ एक सड़क की समस्या नहीं है, बल्कि इससे जुड़े दर्जनों गांवों के हजारों लोगों की परेशानी है। ग्रामीणों को अब आश्वासन नहीं, बल्कि ऐसा स्थायी निर्माण चाहिए जिससे अगली बरसात में उन्हें फिर इसी मुसीबत का सामना न करना पड़े।

## नहाने गए युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** फल्गु नदी स्थित रबर डैम के पास रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। सीताकुंड की ओर स्नान करने पहुंचे एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी उमेश प्रसाद यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उमेश प्रसाद यादव स्नान करने के लिए नदी में गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते वे पानी में समा गए और डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने नदी के गहरे पानी से उमेश प्रसाद यादव का शव बरामद कर लिया गया।

## जर्जर सड़क पर धान रोप कर जताया विरोध, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच/गुरारू (गया)।** गुरारू प्रखंड की रौना पंचायत के वार्ड संख्या 4 में जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार दोपहर 12 बजे ग्रामीणों ने सड़क के गड्ढों और कीचड़ में धान की रोपनी कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश में सड़क की हालत और खराब हो जाती है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन ठप हो जाता है। स्कूली बच्चों को रोज इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किसी की मौत होने पर शव को अंतिम संस्कार के लिए घाट तक ले जाने में भी परेशानी होती है। कीचड़ के कारण शव यात्रा में शामिल लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विधायक और सांसद पर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि चुनाव के समय नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन जीतने के बाद बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण कर स्थायी समाधान की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में जलीला खातून, शकुंतला देवी, अवधेश पासवान, गीता देवी, मो. शाहनवाज, रूपा देवी, विजय पासवान, हीरामणि देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

संपादकीय

## मणिपुर में तीन साल से हिंसा का सिलसिला...




यह किसी भी राज्य सरकार के लिए एक बेहद असहज और शर्मिंदगी की स्थिति होनी चाहिए कि आखिर तीन साल से ज्यादा वक्त से वह वहां जारी हिंसा को थाम पाने में नाकाम क्यों है। मणिपुर में उग्रवादी समूहों की ओर से जिस तरह की हिंसक गतिविधियां लगातार जारी हैं, हर कुछ दिनों बाद हमले, आगजनी या हत्या की घटनाएं सामने आ जाती हैं, उससे यह साफ है कि सरकार हालात पर काबू पाने के मामले में लाचार है। हैरानी की बात यह है कि आए दिन हिंसा की तमाम घटनाएं अपनी प्रकृति में एक जैसी हैं और उससे निपटने के लिए सरकार के भीतर सिर्फ इच्छाशक्ति की जरूरत है, लेकिन यह समझना मुश्किल है कि आखिर किन वजहों से स्थिति पर काबू पाने को लेकर जरूरी संजीदगी नहीं दिखाई देती। जबकि इसका नतीजा यह है कि आए दिन वहां नाहक ही आम लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। सवाल है कि इतने लंबे समय से जारी हिंसक घटनाएं आखिर किन वजहों से आज भी रोकी नहीं जा पा रही हैं? गौरतलब है कि मणिपुर के कांगपोकपी थाना क्षेत्र के तहत इंफाल-तामेई आईटी मार्ग पर स्थित बस्ती में गुरुवार की सुबह कुछ हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें चार लोगों की जान चली गई। मारे गए लोग नगा समुदाय से थे। वहां सुरक्षा व्यवस्था की जो स्थिति थी, उसके मुताबिक नगा समुदाय के लोगों ने स्वाभाविक ही यह आरोप लगाया कि सरकार ने एक तरह से उग्रवादी संगठनों को खुली छूट दे रखी है और हिंसा की घटनाएं सुनियोजित हैं। सरकार पर ऐसे आरोप पहले भी अन्य समुदायों की ओर से लगाए जा चुके हैं। यह एक तरह से पीड़ित समूहों की ओर से सरकार को सीधे-सीधे कठघरे में खड़ा करना है। इस घटना के कुछ ही दिन पहले सेनापति जिले में उग्रवादियों ने कई घरों में आग लगा दी थी। न केवल पिछले कुछ दिनों से हिंसक घटनाओं में आई तेजी के मद्देनजर, बल्कि राज्य में इस समस्या की शुरुआत से ही सरकार का जो रवैया रहा है, उसे देखते हुए यह सवाल लाजिमी है कि वहां आज भी निर्दोष लोगों की हत्याओं से लेकर स्थानीय आबादी के घरों को जलाने या अन्य बेलगाम हमलों के जारी रहने के आखिर क्या कारण हैं।

यह साफ है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के जिस मसले पर मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई थी, उसका समाधान निकालने को लेकर सरकार ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे राज्य में जारी तनाव को खत्म करने में मदद मिले। वहां जारी हिंसा में अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, करीब ग्यारह सौ लोग घायल हुए और कई हजार को विस्थापित होना पड़ा। सुरक्षा बलों के सहारे अराजकता पर काबू पाने की कोशिशें की गईं, लेकिन वे अस्थायी उपचार ही साबित हुईं। उल्टे अब तनाव का दायरा फैल चुका है और अलग-अलग समुदायों के हित से जुड़े प्रश्न भी मुखर हो रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि कुकी-जो, मैतेई और नगा समुदायों को एक साथ संवाद के मंच पर लाने और एक ठोस समाधान तक पहुंचने में आखिर सरकार के सामने किस तरह की बाधा पेश आ रही है। क्या सरकार को इस बात का एहसास है कि इतने लंबे समय से अगर राज्य में एक ही तरह के हालात बने हुए हैं, तो इससे उसकी शासन क्षमता को लेकर कैसी छवि बन रही है?

# हिमालय की हिमनद झीलें बढ़ा रहीं खतरा...

**हिमालयी क्षेत्र पर कई वर्षों से अध्ययन कर रहे 'वाडिया भू-विज्ञान संस्थान' की रिपोर्ट के अनुसार, इसके हिमखंडों में काले कार्बन की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यह मात्रा सामान्य से ढाई गुना बढ़कर 1,899 नैनोग्राम हो गई है। दरअसल, काले कार्बन से तापमान में वृद्धि होती है और यह सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करने में अत्यंत प्रभावी है। इससे हिमालय और आर्कटिक जैसे हिमखंडों में बर्फ पिघलने लगती है। यदि किसी साल बरसात में औसत से कम बारिश होती है, तो बर्फ पिघलने की मात्रा और अधिक बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण से भी हिमखंड कार्बन की चपेट में आ रहे हैं। उत्तराखंड अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के अध्ययन से पता चलता है कि पिछले सैंतीस वर्षों में हिमाच्छादित क्षेत्रफल में छब्बीस वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। इस क्षेत्र में पहले स्थायी स्नो-लाइन 5,700 मीटर थी, जो अब 5,200 मीटर के बीच घट-बढ़ रही है। यही वजह है कि नंदादेवी जैव-मंडल (बायोस्फियर) आरक्षित ऋषि गंगा के दायरे का जो 243 वर्ग किमी क्षेत्र बर्फ से ढका था, वह वर्ष 2020 में 217 वर्ग किमी ही रह गया है।**

**प्रमोद भार्गव**



नेपाल में आई बाढ़ से हुई तबाही सिर्फ जानमाल के तात्कालिक व्यापक नुकसान की डरावनी तस्वीर ही पेश नहीं करती, बल्कि यह भविष्य के लिए एक गंभीर चेतावनी की ओर भी इशारा करती है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने अपने आकलन में कहा है कि यह आपदा भूकंप के कारण नहीं, बल्कि तिब्बत के पर्वतीय क्षेत्र में हिमनद और चट्टानों के खिसकने से बनी झील के टूटने की वजह से आई है। इससे पहले गोसाईं कुंड के लगभग 47 किमी उत्तर में 4.4 तीव्रता से आए भूकंप को हिमनद के टूटने का संभावित कारण बताया था। खबरों के अनुसार, 7,245 मीटर ऊंची लांगटांग लिरुंग चोटी के उत्तरी हिस्से पर यह हिमस्खलन हुआ। विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष बताते हैं कि बढ़ते वैश्विक ताप से हिमनदों के पिघलने की गति तेज हो रही है, जिससे उनके टूटकर खिसकने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। यही नहीं, हिमनदों के पिघलने से हिमालयी क्षेत्र में जहां नई झीलों का निर्माण हो रहा है, वहीं पुरानी झीलों का आकार भी बढ़ रहा है, जिन्हें निचले इलाकों की आबादी के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है।

नेपाल की इस त्रासदी से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन का सीधा असर उच्च हिमालयी क्षेत्रों पर तेज गति से हो रहा है। यहां तक कि जिन हिमनद झीलों के आसपास मानव की आवाजाही अत्यंत सीमित है, वहां भी अब जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज खतरे की घंटी बजाने लगा है। नेपाल में जिस हिमनद के टूटने से जल-प्रलय आया, वह 17 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित था। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट और नेपाल के विज्ञानियों द्वारा किए गए आकलन से पता चला है कि इस क्षेत्र में 47 हिमनद झीलें हैं, जिन्हें खतरनाक माना गया है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि नेपाल की नदियों में इन झीलों के फटने से भयानक बाढ़ आ सकती है। इनमें से 21 हिमनद झीलें नेपाल में हैं और बाकी तिब्बत के सीमावर्ती इलाके में स्थित हैं। ये झीलें उन नदियों के उद्गम स्थलों पर हैं, जो दक्षिण की ओर नेपाल में बहती हैं। इसलिए अगर इनके फटने से बाढ़ आती है, तो नीचे की ओर बसी आबादी और बुनियादी संरचना के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। यही संकट नेपाल में बाढ़ से हुई तबाही में देखा गया है। यह चेतावनी यदि अनुमानों पर सही उतरती है, तो कहा जा सकता है कि नेपाल खतरे के मुहाने पर है। भारत के इसरो और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से विभिन्न अध्ययनों से जुटाए गए आंकड़े भी डराने वाले हैं। इनके मुताबिक, भारतीय हिमालयी क्षेत्र में 7,500 से अधिक हिमनद झीलें हैं, इनमें से 189 'रेड जोन' में रेखांकित की गई हैं। इस संकेत से पता चलता है कि ये झीलें कभी भी फटकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में तबाही का कारण बन सकती हैं, क्योंकि बढ़ते वैश्विक ताप के कारण इन झीलों में बर्फ पिघलने से पानी की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यही नहीं, अध्ययन बताते हैं कि सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी क्षेत्रों की चोटियों पर छोटी-बड़ी हजारों झीलें हैं। ये झीलें पहाड़ों पर अत्यंत तेज गति से प्राकृतिक रूप में आकार ले रही हैं।

लद्दाख में ही ऐसी 3,219 झीलों की पहचान की गई है। हिमालय के भारतीय क्षेत्र में कुल हिमनद झीलों में से 2,431 ऐसी हैं, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से दस हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई हैं। इन्हें विभिन्न सर्वेक्षणों ने अत्यधिक जोखिम भरी झीलों की श्रेणी में रखा है। हालांकि कुछ हिमनद झीलों का आकार तेजी से सिकुड़ भी रहा है।

कुछ झीलों के बढ़ते आकार की ठोस सच्चाई इसरो के उपग्रहों से ली गई तस्वीरों के अध्ययन से सामने आई है। इस स्थिति ने विज्ञानियों की चिंता बढ़ा दी है। हिमाचल प्रदेश की गेफांग घाटी झील का आकार सर्वाधिक 178 फीसद बढ़ा है। इसका कुल क्षेत्रफल 101.3 हेक्टेयर हो गया है। हिमालयी क्षेत्र में दस लाख लोग हिमनद झीलों के बीस-तीस किमी के दायरे में रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की ओर से वर्ष 2020 में किए गए एक अध्ययन से भी स्पष्ट हुआ था कि जलवायु परिवर्तन और पानी का अटूट संबंध है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बाढ़ की घटनाओं में तेजी आ सकती है, जिससे सालाना बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हो सकता है। साफ है कि वैश्विक ताप के बढ़ते खतरे ने आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। दुनिया में कहीं भी एकाएक तेज बारिश, बादल फटने, बाढ़, भारी बर्फबारी या फिर सूखे के कहर का सामना करना पड़ सकता है। आंधी, तूफान या फिर ज्वालामुखियों के फटने की घटनाएं भी यही संकेत दे रही हैं कि प्राकृतिक आपदाएं कभी भी आ सकती हैं। समुद्र और अंटार्कटिका जैसे बर्फीले क्षेत्र भी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का सामना कर रहे हैं। दरअसल, वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में अवशोषित होकर गहरे पानी में बैठ जाती है। यह वर्षों तक जमा रहती है। पिछली दो शताब्दियों में 525 अरब टन कचरे का महासागरों में विलय हुआ है। इसके इतर मानवजनित गतिविधियों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का पचास फीसद हिस्सा भी समुद्र की गहराइयों में समा गया है। इस कारण अंटार्कटिका के चारों ओर फैले दक्षिण महासागर में कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की क्षमता निरंतर कम हो रही है। इस स्थिति का निर्माण कई तरह के जोखिम को बढ़ा रहा है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण के मुताबिक, दक्षिण महासागर कार्बन डाइऑक्साइड से लबालब हो गया है। नतीजतन, अब समुद्र इसे अवशोषित करने के बजाय वायुमंडल में ही उगलने लग गया है। अगर इसे जल्दी नियंत्रित नहीं किया गया, तो वायुमंडल का तापमान तेजी से बढ़ेगा, जो न केवल मानव प्रजाति, बल्कि सभी प्रकार के जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए खतरनाक होगा। हिमालयी क्षेत्र पर कई वर्षों से अध्ययन कर रहे 'वाडिया भू-विज्ञान संस्थान' की रिपोर्ट के अनुसार, इसके हिमखंडों में काले कार्बन की मात्रा लगातार बढ़ रही है।

यह मात्रा सामान्य से ढाई गुना बढ़कर 1,899 नैनोग्राम हो गई है। दरअसल, काले कार्बन से तापमान में वृद्धि होती है और यह सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करने में अत्यंत प्रभावी है। इससे हिमालय और आर्कटिक जैसे हिमखंडों में बर्फ पिघलने लगती है। यदि किसी साल बरसात में औसत से कम बारिश होती है, तो बर्फ पिघलने की मात्रा और अधिक बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण से भी हिमखंड कार्बन की चपेट में आ रहे हैं। उत्तराखंड अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के अध्ययन से पता चलता है कि पिछले सैंतीस वर्षों में हिमाच्छादित क्षेत्रफल में छब्बीस वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। इस क्षेत्र में पहले स्थायी स्नो-लाइन 5,700 मीटर थी, जो अब 5,200 मीटर के बीच घट-बढ़ रही है। यही वजह है कि नंदादेवी जैव-मंडल (बायोस्फियर) आरक्षित ऋषि गंगा के दायरे का जो 243 वर्ग किमी क्षेत्र बर्फ से ढका था, वह वर्ष 2020 में 217 वर्ग किमी ही रह गया है।

अध्यात्म

## जीवन में सच्चे सलाहकार मिलना सौभाग्य की बात है

हमारे जीवन में कई लोग समय-समय पर हमें सलाह देते हैं। इनमें से कुछ लोग केवल अपनी राय रखते हैं, जबकि कुछ ऐसे भी होते हैं जो सचमुच हमारा भला चाहते हैं। ऐसी निस्वार्थ सलाह को पहचानना और उसे सही समय पर स्वीकार करना बहुत जरूरी है। यह बात भगवान शिव और नारद मुनि की कथा से समझ सकते हैं... एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया। इस सफलता से नारद जी को अपने ऊपर गर्व होने लगा। वे लोगों को बताते फिर रहे थे कि उन्होंने कामदेव को हरा दिया है। धीरे-धीरे यह गर्व अहंकार में बदलने लगा। उत्साह में नारद मुनि कैलाश पर्वत पहुंचे और भगवान शिव को भी अपनी विजय के बारे में बताया। नारद जी ने कहा कि उन्होंने कामदेव को पराजित किया और इसके लिए उन्हें क्रोधित भी नहीं होना पड़ा। शिव जी समझ गए कि नारद मुनि के मन में अपनी सफलता को लेकर अहंकार पैदा हो गया है। उन्होंने नारद जी को समझाया कि कामदेव पर विजय प्राप्त करना अच्छी बात है, लेकिन इसका घमंड नहीं करना चाहिए। शिव जी ने यह भी कहा कि वे यह बात उनसे कह रहे हैं, लेकिन भगवान विष्णु से इसका उल्लेख न करें। नारद मुनि ने शिव जी की सलाह को गंभीरता से नहीं लिया। उन्हें लगा कि शायद शिव जी उनकी प्रशंसा से प्रसन्न नहीं हैं। वे भगवान विष्णु के पास पहुंचे और अपनी विजय का बखान करने लगे।

विष्णु जी समझ गए कि नारद मुनि को अपनी उपलब्धि का अहंकार हो गया है। उन्होंने नारद जी का अहंकार दूर करने के लिए अपनी माया से एक सुंदर नगरी बनाई, जहां एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा था। नारद मुनि राजकुमारी को देखकर मोहित हो गए और उससे विवाह करना चाहते थे। उन्होंने विष्णु जी से प्रार्थना की कि उन्हें ऐसा सुंदर रूप दिया जाए, जिससे राजकुमारी उन्हें स्वयंवर में चुन ले। विष्णु जी ने उन्हें नया रूप दिया, लेकिन नारद मुनि को पता नहीं था कि उनका चेहरा बंदर जैसा हो गया है। स्वयंवर में बंदर जैसे चेहरे की वजह से नारद मुनि का उपहास हुआ। उस स्वयंवर में भगवान विष्णु भी पहुंचे, राजकुमारी ने विष्णु जी को चुन लिया। इससे नारद मुनि क्रोधित हो गए और उन्होंने विष्णु जी को शाप दे दिया। बाद में जब उनका क्रोध शांत हुआ और उन्हें पूरी सच्चाई समझ आई, तो उनका अहंकार समाप्त हो गया। उन्होंने भगवान विष्णु से क्षमा मांगी। इस कथा की सबसे बड़ी सीख यही है कि कभी-कभी हमारे हित में कही गई बात हमें उस समय अच्छी नहीं लगती, लेकिन अगर उस सलाह को मान लिया जाए, तो वही सलाह हमें बड़ी गलती से बचा सकती है।

# रेगिस्तान में भारत की सांस्कृतिक छाया

## दुबई में बसे भारतीयों की अनूठी भूमिका



**सुभाष चन्द्र त्रिवेदी 'कंचन'**
**अध्यक्ष औरंगाबाद जिला नागरिक परिषद्**

दुबई को अक्सर गगनचुंबी इमारतों, आधुनिक जीवनशैली, व्यापार और अवसरों के शहर के रूप में देखा जाता है। लेकिन इस चमकदार महानगर की एक दूसरी पहचान भी है– यह वह भूमि है, जहाँ लाखों भारतीयों ने अपने श्रम, प्रतिभा और उद्यम से न केवल अपना भविष्य बनाया, बल्कि भारत की संस्कृति, भाषा, साहित्य और जीवन-मूल्यों की भी एक जीवंत छाप छोड़ी है।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंध केवल कूटनीतिक समझौतों या व्यापारिक आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संपर्क का इतिहास सदियों पुराना है। 1975 में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक समझौता हुआ था और आज संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय समुदाय 40 लाख से अधिक लोगों का विशाल परिवार बन चुका है। भारतीय दूतावास के अनुसार, यह समुदाय आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

लेकिन इस कहानी का सबसे सुंदर पक्ष यह है कि दुबई गया भारतीय केवल नौकरी करने वाला व्यक्ति, कारोबारी या विद्यार्थी बनकर नहीं रहा, वह अनजाने में भारत का सांस्कृतिक दूत भी बन गया। भारत से दुबई जाने वाले लोगों की पृष्ठभूमि एक जैसी नहीं है। कोई इंजीनियर है, कोई डॉक्टर, शिक्षक या प्रोफेशनल; कोई कारोबारी है तो कोई छोटे उद्यम से जुड़ा हुआ; कोई श्रमिक है तो कोई उच्च शिक्षा के लिए वहां पहुंचा विद्यार्थी। इन सबके साथ भारत से कुछ ऐसी चीजें भी दुबई पहुंचीं, जिन्हें किसी सीमा शुल्क अधिकारी की सूची में दर्ज नहीं किया जा सकता–भाषा, परिवार की अवधारणा, अतिथि-सत्कार, त्योहारों की खुशियां, धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएं, संगीत, कविता, साहित्य और जीवन के प्रति भारतीय दृष्टि।

एक भारतीय जब अपने कार्यस्थल पर ईमानदारी, अनुशासन और परिश्रम को अपनी पहचान बनाता है, तो वह केवल अपने व्यक्तित्व का परिचय नहीं देता; वह उस सभ्यता की छवि भी प्रस्तुत करता है, जिसकी बुनियाद में 'सत्य', 'सेवा' और 'सह-अस्तित्व' जैसे मूल्य हैं। दीपावली, होली, ईद, ओणम, पोंगल, बैसाखी, दुर्गापूजा, गणेशोत्सव इत्यादि भारत के अलग-अलग हिस्सों की सांस्कृतिक परंपराएं जब दुबई में मनाई जाती हैं तो वे केवल प्रवासी भारतीयों के लिए उत्सव नहीं रह जातीं। वे स्थानीय समाज और भारतीय समुदाय के बीच संवाद का माध्यम बन जाती हैं।

दीपावली के दीप केवल भारतीय घरों को रोशन नहीं करते; वे उस भारतीय संस्कृति की ओर भी संकेत करते हैं, जो अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देती है। इसी तरह योग, भारतीय संगीत, नृत्य, भोजन और सिनेमा ने भी भारतीय संस्कृति को दुबई के सामाजिक जीवन में परिचित बनाया है। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई में भारतीय फिल्मों और संगीत की व्यापक लोकप्रियता है तथा वहां भारतीय सांस्कृतिक गतिविधियों को लगातार समर्थन मिलता रहा है। यही सांस्कृतिक स्वीकार्यता इस बात का प्रमाण है कि प्रवासी समुदाय अपनी संस्कृति को बंद कमरे में सुरक्षित रखने के बजाय उसे दूसरे समाज के साथ साझा कर रहा है।

प्रवासी जीवन में सबसे बड़ी चुनौती अपनी भाषा और सांस्कृतिक स्मृति को बचाए रखना है। तीसरी पीढ़ी के बच्चे जब भारत से हजारों किलोमीटर दूर जन्म लेते हैं, तब उनके सामने अपनी मातृभाषा से जुड़ाव बनाए रखने की चुनौती होती है। दुबई में भारतीय समुदाय ने इस चुनौती का उत्तर साहित्य, कविता, संगीत और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से दिया है।

जनवरी 2026 में विश्व हिंदी दिवस और प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर दुबई में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय, कारोबारी, विद्वान और सांस्कृतिक कार्यकर्ता एक मंच पर आए। वहां हिंदी कविता, कवि-सम्मेलन और संगीत के माध्यम से भारतीय भाषाई विरासत को सामने रखा गया। कार्यक्रम में संस्कृत में भी संबोधन हुआ और युवा पीढ़ी से भारतीय भाषाओं तथा सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। यह दृश्य बताता है कि साहित्य प्रवासी भारतीय के लिए केवल मनोरंजन नहीं, अपनी पहचान को बचाए रखने का माध्यम भी है। दुबई का साहित्यिक वातावरण भी इसके लिए अनुकूल है। एमिरेट्स लिटरेचर फाउंडेशन और दुबई इंटरनेशनल राइटर्स सेंटर जैसे संस्थान लेखकों, पाठकों, विद्यार्थियों और विभिन्न भाषाओं के साहित्य को मंच प्रदान करते हैं। राइटर्स सेंटर लेखन कार्यशालाओं, मास्टरक्लास, राइटिंग ग्रुप और साहित्यिक कार्यक्रमों के माध्यम से लेखन-संस्कृति को बढ़ावा देता है।

दुबई की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक उसका बहुसांस्कृतिक स्वरूप है। यहां दुनिया के अनेक देशों के लोग साथ रहते और काम करते हैं। ऐसे वातावरण में भारतीयों ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को बचाते हुए दूसरे संस्कृतियों के प्रति सम्मान का भाव भी विकसित किया है। यह भारतीय संस्कृति के उस मूल स्वभाव को सामने लाता है जिसमें विविधता को स्वीकार करने और अलग-अलग विचारों के साथ रहने की परंपरा रही है। भारतीय समुदाय के संगठनों ने सामाजिक सेवा, जरूरतमंदों की सहायता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और समुदायों के बीच सद्भाव बढ़ाने को अपनी गतिविधियों का हिस्सा बनाया है। उदाहरण के लिए इंडियन पीपल्स फोरम स्वयं अपने उद्देश्यों में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, भारतीय समुदाय की सेवा और भारत-यूएई के बीच लोगों के स्तर पर संबंध मजबूत करने की बात करता है।

इस तरह 'भारतीय होना' केवल भारतीय त्योहार मनाने तक सीमित नहीं रहा; वह ईमानदारी, सहयोग, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों में भी दिखाई देता है। आज दुबई में रहने वाला भारतीय केवल भारत से दूर रहने वाला व्यक्ति नहीं है। वह दो संसारों के बीच एक पुल है। उसकी एक स्मृति भारत में है और उसका वर्तमान दुबई में। उसके घर में भारतीय भाषा बोली जाती है, लेकिन बाहर वह बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक दुनिया का हिस्सा है। उसके बच्चों की शिक्षा वैश्विक परिवेश में होती है, लेकिन उनके घर में दादी-नानी की कहानियां, भारतीय त्योहार और अपनी मातृभाषा की कविताएं भी जीवित रह सकती हैं। यही प्रवासी जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है– अपनी जड़ों को बचाए रखते हुए नई जमीन को स्वीकार करना।

दुबई में भारतीय समुदाय ने यह सिद्ध किया है कि संस्कृति कोई संग्रहालय की वस्तु नहीं है जिसे केवल सुरक्षित रखा जाए। संस्कृति तब जीवित रहती है जब उसे जिया जाए, साझा किया जाए और अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। यही प्रवासी भारतीय की सबसे बड़ी पहचान है–वह विदेश में रहकर केवल भारत की स्मृतियों को नहीं बचाता, बल्कि अपने आचरण, श्रम, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से भारत की एक जीवंत छवि दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है। इस अर्थ में दुबई में रहने वाला हर भारतीय, चाहे वह मजदूर हो या वैज्ञानिक, कारोबारी हो या विद्यार्थी, लेखक हो या शिक्षक–अपने-अपने स्तर पर भारत का एक सांस्कृतिक दूत है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज नेटवर्क से लाभ और दफ्तर में नई सोच से लाभ होगा। तकनीक से कमाई के नए रास्ते खोल सकता है। बिना सोचे खरीदारी से बचें।

**वृषभ**
आज पैसों के मामले में नियम से चलना होगा। परिवार या काम की जरूरतों पर खर्च हो सकता है। बिना वजह की चीजों पर पैसा न बहाएं।

**मिथुन**
आज कमाई बढ़ाने के लिए नए कदम उठाएंगे। जल्दबाजी में फैसला लेने से गलतियां हो सकती हैं। कहीं भी पैसा लगाने का मन बनाएं, उससे पहले कागजात ध्यान से पढ़ें।

**कर्क**
आज धन की सुरक्षा को लेकर मन मजबूत रहेगा। बचत और परिवार से जुड़े वित्तीय मामलों पर गहराई से विचार करेंगे। किसी के दबाव में आकर किसी को पैसा उधार देने से बचें।

**सिंह**
आज सोच-समझकर फैसले लें और काम में जिम्मेदारी बढ़ेगी। मन में थोड़ी दुविधा भी आ सकती है। बिना सोचे-समझे पैसा लगाने से बचें और बचत की आदत पर ध्यान दें।

**कन्या**
आज खर्चों में सावधानी और काम में निखार आएगा। आप सोच-समझकर खर्च करेंगे। इससे बचत बेहतर होगी। हर फैसले को बहुत ज्यादा न उलझाएं, अपनी प्राथमिकताओं को सीधा रखें और जरूरी चीजों पर ही ध्यान दें।

**तुला**
आज पेशेवर संपर्कों और मिलकर काम करने से पैसों के मामले सुधरेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आ सकती है। पैसा लगाने से पहले देखें कि वह आपके लक्ष्य के हिसाब से सही है या नहीं।

**वृश्चिक**
आज बजट पर ध्यान और काम में मन लगाना होगा। काम या परिवार से जुड़े खर्चों को लेकर सतर्क रहना होगा। भावनाओं में बहकर कोई खरीदारी न करें।

**धनु**
आज यात्रा या पढ़ाई पर खर्च हो सकता है। सही मकसद के लिए किया गया खर्च फायदेमंद रहेगा। जोखिम भरे रास्तों से बचें और बचत तथा खर्च में सही संतुलन बनाकर आगे बढ़ें।

**मकर**
आज अनुशासन से सुरक्षा और पुराना काम निपटाना होगा। पैसों के मामले में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। अतिरिक्त खर्च की जिम्मेदारी आ सकती है। सही योजना से दबाव नहीं बनेगा।

**कुंभ**
आज का दिन नए विचार और धैर्य से फैसले लेने का है। पैसों को लेकर मन में चंचलता रह सकती है। अचानक कमाई का नया तरीका तलाशने का मन करेगा।

**मीन**
आज बचत पर ध्यान और काम में निरंतरता रखना होगा। कर्ज और पुराने खर्चों को सुधारने का मौका दे रही है। छोटे खर्चों को अनदेखा न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग मामले में फरार एक आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडा में घर के पास गली में जानलेवा हमला करने और फायरिंग मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसका नाम अजय कुमार पिता मिथलेश प्रसाद रेडबिगहा निवासी हैं। इस घटना के संदर्भ में बताया गया कि पीड़ित मनीष कुमार, पिता इंद्रजीत सिंह,पभेडा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 16 अगस्त 2019 की रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर के पास गली में खड़ा था, तभी एक बाइक पर सवार होकर दो ब्यक्ति आए। जिसमें विनय कुमार और अजय कुमार थे आरोप है कि बाइक पर पीछे बैठे विनय कुमार, पिता स्व. सुदेश प्रसाद ने जान मारने की नीयत से उस पर फायरिंग कर दी। पीड़ित के झुक जाने से गोली उसे नहीं लगी, बल्कि बगल में बंधी बकरी को जा लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।पुलिस ने इस मामले में अजय कुमार, पिता मिथिलेश प्रसाद, रेड़बिगहा को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजली चोरी करते पकड़ाया किसान, 56 हजार का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के रोहिलापर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान के दौरान एक किसान को चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। कनीय विद्युत अभियंता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जेईई रंजीत प्रसाद, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 ने बताया कि सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने दोपहर करीब 2:10 बजे रोहिलापर में कृषि परिसर की जांच की।जांच के दौरान रामजी प्रसाद (55), पिता स्व. नरेश यादव द्वारा बिना मीटर के सीधे छ्ळ लाइन में टोका फंसाकर सर्विस तार से 2 ल्ढ का मोटर चलाकर खेती की पटवन की जा रही थी। मौके से चोरी में प्रयुक्त ढश्उ तार का कुछ हिस्सा काटकर जब्त किया गया।विभाग के अनुसार इस चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को लगभग 56,562 रुपये की राजस्व क्षति हुई है।भगवानगंज थानाध्यक्ष को भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई गई है।

### गांजा बिक्री का विरोध करने पर मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरीचक गांव की एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता अनीता कुमारी (30 वर्ष), पति सिकंदर यादव उर्फ बभना, ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2015 में हुई थी और उसके चार छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। महिला का आरोप है कि उसके घर में अवैध रूप से गांजा बेचा जाता है और बाहरी लोगों को पिलाया जाता है, जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। उसकी गोतनी समेत परिवार के अन्य सदस्य भी इसमें शामिल हैं। आवेदन के अनुसार 21 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे विरोध करने पर पति सिकंदर यादव, ससुर कृष्णा यादव व अन्य परिजनों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट, गला दबाने और बाल खींचकर घर से बाहर निकालने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने आए उसके बच्चों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई।घटना के बाद पीड़िता अपने बच्चों के साथ अपने मायके अकबरपुर (नवादा) चली गई। बाद में परिजनों के साथ वह थाना पहुंची और लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### साहिबा ज्वेलर्स शो रूम का मंत्री, मुख्य पार्षद ने संयुक्त रूप से किया शुभारंभ

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित आर्य समाज रोड, सोनार पट्टी में भव्य साहिब ज्वेलर्स शोरूम का किया गया उद्घाटन। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक श्याम रजक, मुख्य पार्षद सुजीत कुमार, आफताब आलम, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार के द्वारा किया गया। साहिबा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर संजय प्रसाद गुप्ता एवं शिवम कुमार गुप्ता ने बताया कि साहिबा ज्वेलर्स शोरूम खुलने से खगौल नगर वासियों बेहतर सुविधा मिलेगी वहीं सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि नए शो रूम द्वारा हर कस्टमर को उचित रेट पर सोने चांदी, हीरे, का सामान उचित मूल्य पर दिया



जाएगा। है। संजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमारे नए शो रूम हर शादी के हर सामान के लिए खगौल वासीयो को बाहर नहीं जाना पड़ेगा । वही प्रोपराइटर संजय प्रसाद गुप्ता ने बताया की शादी की हर छोटी बड़ी ज्वेलर्स यहां मिल जाएगी।।वही इस मौके पर अजय कुमार यादव, नगर मंडल अध्यक्ष अमन कुमार चन्द्रवंशी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार शर्मा, प्रीतम कुमार,बद्री नारायण , सुभाष नारायण, प्रकाश नारायण, प्रदीप मिश्रा, राजू कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, सहित अन्य गण्यमान लोग उपस्थित थे।

### मोकामा में ट्रेन में पर्स छिनतई करने वाला गिरफ्तार, आइफोन बरामद

**मोकामा (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल थाना पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में रविवार को ट्रेन में महिलाओं का पर्स झपटने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और आरपीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में



रविवार देर रात हुई कार्रवाई में राघोपुर, बख्तियारपुर निवासी विनोद यादव के पुत्र अजय कुमार उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र के जलगांव निवासी अद्वैत हीरालाल पाटिल अपनी पत्नी के साथ 2 अगस्त को 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। इसी दौरान मोकामा स्टेशन के समीप एक झपटमार ने उनकी पत्नी का पर्स झपट लिया था। पीड़िता के पर्स में तीन मोबाइल फोन रखे हुए थे।मामले में अनुसंधान के बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को एक आईफोन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य सामानों की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### एग्रीमेंट के बाद जमीन रजिस्ट्री नहीं, 29 लाख हड़पने का आरोप, थाना में शिकायत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन के एग्रीमेंट के बाद रजिस्ट्री नहीं करने और करीब 29 लाख रुपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। पुरानी बाजार मसौढ़ी निवासी दिनेश कुमार ने केशोचक निवासी मुन्ना कुमार के खिलाफ मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है।पीड़ित दिनेश कुमार पिता अवधेश सिंह ने बताया कि 29 जून 2024 को मुन्ना कुमार पिता रामबाबू प्रसाद से खाता 25, प्लॉट 518 और खाता 78, प्लॉट 519 में कुल 18.75 डिसमिल यानी 6 कट्ठा जमीन 43.75 लाख रुपये में एग्रीमेंट किया था। तय समय 9 माह था। बयाना के तौर पर उसी दिन 3 लाख 42 हजार, 16 अक्टूबर 24 को 2 लाख और 27 नवंबर 24 को 7 लाख 50 हजार समेत कुल 17 लाख 92 हजार रुपये नकद, ऑनलाइन और उनकी पत्नी निशा यादव के माध्यम से दिए।आरोप है कि रुपया लेने के बाद आरोपी टालमटोल करता रहा और उसी जमीन को किसी दूसरे व्यक्ति को रजिस्ट्री कर दिया। बाद में दूसरे एग्रीमेंट के नाम पर 11 लाख 70 हजार और लिए। इस तरह कुल 29 लाख 62 हजार लेने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं की।18 अगस्त को जमीन पर मिलने गए तो आरोपी ने गाली-गलौज कर मारने की धमकी दी और कहा कि न जमीन देंगे न पैसा। पीड़ित ने थाने से जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# डीलरों को मिले 30 हजार मानदेय, नहीं तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन, डीलरों ने भरी हुंकार





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुजरात के तर्ज पर बिहार में भी सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को 30 हजार रुपये मानदेय देना होगा, नहीं तो राज्य स्तरीय आंदोलन होगा। यह हुंकार रविवार को मसौढ़ी में आयोजित अनुमंडलीय फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक में डीलरों ने भरी। मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन और जहानाबाद के डीलरों की संयुक्त बैठक में बिहार प्रदेश फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह ने कहा कि 8 सूत्री मांगों को लेकर डीलरों का चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है। सरकार ने सिर्फ 3 मांगें - कमीशन में 47 रुपये की बढ़ोतरी, कमीशन भुगतान और खराब पॉश मशीन को निःशुल्क बदलने की मांग ही पूरी की है। जबकि मुख्य मांग 30 हजार मानदेय, अनुकंपा पर नौकरी, अनुज्ञप्ति का विस्तार जैसी मांगें अभी अधूरी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुई तो सभी डीलर पॉश मशीन बंद कर अनाज का उठाव-वितरण ठप कर राज्यव्यापी आंदोलन करेंगे।इससे पूर्व बैठक में पूर्व प्रदेश महामंत्री स्वर्गीय श्रीकांत लाल की 10वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष सदय कुमार ने की, संचालन अनुज कुमार ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष धनंजय कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री सूर्यदेव पासवान, संजय केसरी, सुधांशु पांडेय, गौतम कुमार, राम भगवान प्रसाद, बच्चु प्रसाद, सिंदर सिंह बग्गा, राजेंद्र प्रसाद, टुनटुन सिंह, अजय कुमार केसरी, तपेश्वर पांडे, प्रणव कुमार सहित सैकड़ों डीलर मौजूद रहे।

## नर्सिंग पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु इंडियन नर्सिंग काउंसिल संवैधानिक नियामक नहीं

**राज्य सरकार एवं स्टेट नर्सिंग काउंसिल हीं देती है मान्यता**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नर्सिंग पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु इंडियन नर्सिंग काउंसिल संवैधानिक नियामक नहीं है। विदित हो कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा नर्सिंग एवं मेडिकल शिक्षा के विस्तार हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नर्सिंग शिक्षा एवं पारामेडिकल की मान्यता राज्य सरकार एवं स्टेट नर्सिंग काउंसिल के द्वारा प्रदान की जाती है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली के उत्तर-दायित्व एवं अधिकार क्षेत्र की व्याख्या, समान पाठ्यक्रम बनाने एवं राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने के लिए की जाती है। नर्सिंग के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री तथा पीजी पाठ्यक्रम हेतु संस्थानो की मान्यता सभी राज्यों में स्टेट नर्सिंग काउंसिल - स्वास्थ्य विभाग, राज्य सरकार प्रदान करती है। बिहार प्राइवेट नर्सिंग इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉ कौशल कुमार गिरि एवम पदाधिकारियों ने सयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस संबंध में बिहार सरकार एवं उच्च न्यायालय का भी निर्णय है जो सबसे प्रचलित निर्णय है। कर्नाटका स्टेट हेल्थ एसोसिएशन एवं इंडियन नर्सिंग काउंसिल 2017 का निर्णय है। इसके साथ हीं प्राइवेट नर्सिंग स्कूल एंड कालेज मैनेजमेंट एसोसिएशन का 2019 का भी निर्णय है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से यह निर्णय दिया है कि नर्सिंग में डिप्लोमा एवं डिग्री की मान्यता देने का अधिकार राज्य सरकार एवं स्टेट नर्सिंग काउंसिल को हीं है। इस आलोक में इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने भी 15 अक्तूबर 2020 को एक पत्र निर्गत किया है। आई एन सी ने भी माननीय उच्च न्यायालय कर्नाटका के द्वारा दिनांक 24 जुलाई 2017 को WP 25355-57/2017 में दिये गए न्यायिक निर्णय के आलोक में यह स्पष्ट पत्र निर्गत किया है कि, आई एन सी नर्सिंग संस्थान को मान्यता देने का अधिकार नहीं रखती है, यह अधिकार राज्य सरकार एवं स्टेट नर्सिंग काउंसिल को है।

## पांच दिन से अंधेरे में बांसबीघा, बिजली विभाग का कारनामा, हादसे का इंतजार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यह तस्वीर देखकर अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि धनरूआ में बिजली विभाग कितना दुरुस्त है। तस्वीर धनरूआ प्रखंड के बांसबीघा गांव की है, जहां ट्रांसफार्मर चारों तरफ से लत्तर, झाड़ और घास-फूस से इस कदर घिरा हुआ है कि उसे ढूंढना भी



मुश्किल हो रहा है। ,ग्रामीणों के अनुसार, बरसात में बिजली ठनकने से पिछले 5 दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है, लेकिन आज तक बिजली विभाग ने इसकी सुध नहीं ली है। ट्रांसफार्मर के चारों ओर उगी झाड़ियों को देखकर साफ पता चलता है कि इसकी देखरेख और मॉनिटरिंग करने वाले कितनी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। ट्रांसफार्मर जलने से करीब घरों की बिजली गुल है। इसका खामियाजा न सिर्फ ग्रामीणों को, बल्कि बगल में स्थित मिडिल स्कूल, प्राइमरी स्कूल, डाकघर और स्वास्थ्य उपकेंद्र को भी भुगतना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से नल-जल योजना ठप है, बच्चों की पढ़ाई बाधित है और शाम होते ही गांव अंधेरे में डूब जाता है। स्थानीय निवासी पंकज कुमार, भूषण प्रसाद, अनिरुद्ध कुमार, सत्येन्द्र प्रसाद, गोलू, वृन्द, रामकांत प्रसाद, सुदामा ठाकुर, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य ग्रामीणों ने विभाग से अविलंब जले ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने और उसकी साफ-सफाई कराने की मांग की है।

### फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय से लूट मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के झमनचक गांव में पार्सल डिलीवरी करने गए डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट कर हजारों का सामान लूट मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपक कुमार पिता शिवबालक प्रसाद, नासिरनाचक निवासी बताया जा रहा है, इस घटना के संदर्भ में पीड़ित संगम प्रसाद (40), पिता रामदीप साह, ग्राम रोहिलाचक, ने बताया कि वह फ्लिपकार्ट कंपनी में मसौढ़ी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। 15 मार्च 2023 को दोपहर 11:30 से 12 बजे के बीच वह 4 ट्रैकिंग ID का पार्सल लेकर ग्राम झमनचक डिलीवरी देने गया था। कस्टमर ने मोबाइल नंबर से फोन कर उसे झमनचक गांव के तालाब के पास तीन मुहाने पर बुलाया। वहां एक लड़का पार्सल लेने आया, उसके साथ तीन अन्य लड़के भी थे। पीड़ित ने पेमेंट मांगने पर लड़कों ने कहा कि पिताजी से पेमेंट करा रहा हूं। इसी बात को लेकर विवाद हो गया।

## अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, हथियारों के साथ एक गिरफ्तार

**पिपरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने वाले भारी मात्रा में औजार बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार 30 अगस्त को सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट का पूर्व आरोप पत्रित सुनील दास अपने सहयोगी संजीत विश्वकर्मा के साथ मिलकर अपने करकटनुमा घर में अवैध हथियार बनाकर ऊंचे दामों पर सप्लाई करता है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर सुनील दास को गिरफ्तार कर लिया। जिसमे सुनील दास (55), पिता स्व. मौजी दास, साकिन बेहरावाँ चक, इसके साथ ही



संजीत विश्वकर्मा, पिता स्व. फुलचंद मिस्त्री, साकिन शेखपुरा, थाना नौबतपुर को गिरफ्तार किया गया हैं।पूछताछ में सुनील ने स्वीकार किया कि वह सहयोगी के साथ मिलकर अवैध हथियार निर्माण और तस्करी का गिरोह चलाता है। बरामदगी मे-1 देशी कट्ट- 1 अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा 1 जिंदा कारतूस 8,5 लोहे के बैरल/पाइप हथियार बनाने के उपकरण - ड्रिल बिट, छेनी, संडासी, हेक्सा ब्लेड, रिंच, रेती आदि। इस संबंध में पिपरा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## बकाया मानदेय की मांग को लेकर आगामी 3 सितंबर को रसोइया बीआरसी पर देंगे धरना, आंदोलन की चेतावनी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ (ऐक्टू) पटना ग्रामीण पश्चिमी की एकदिवसीय बैठक शनिवार को भाकपा-माले कार्यालय, मसौढ़ी में सम्पन्न हुई। बैठक में रसोइयों के बकाया मानदेय भुगतान और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ की राज्य महासचिव कॉमरेड सरोज चौबे ने कहा कि केंद्र व राज्य की एनडीए सरकार रसोइया व मजदूर विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। 3 महीने से रसोइयों का मानदेय नहीं मिला है, जिससे रसोइयों में आक्रोश है। वहीं एनजीओ के माध्यम से मिड-डे मील भेजने से रसोइयों की छंटनी की साजिश हो रही है।उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 12 महीने का मानदेय, रिटायरमेंट बेनिफिट, मृत रसोइयों के परिजन को 4 लाख



मुआवजा, साल में दो साड़ी, दुर्घटना पर सरकारी इलाज, PF-ESI का लाभ और एनजीओ को योजना से बाहर करने की मांग को लेकर आगामी 3 सितंबर से 13 सितंबर तक सभी प्रखंडों के इफ्छ कार्यालय के सामने प्रतिदिन 2 घंटे का क्रमिक धरना दिया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान चलाकर 6 अक्टूबर को पटना में विशाल राज्य स्तरीय रैली कर सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में सितंबर-अक्टूबर में सघन सदस्यता अभियान चलाने, 2 अक्टूबर को मसौढ़ी प्रखंड सम्मेलन और उसके बाद जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा मंत्री द्वारा निजी एजेंसी से खाना बनवाने-बंटवाने के बयान की भी कड़ी आलोचना की गई।बैठक में पालीगंज से रीमा देवी, मालती देवी, मसौढ़ी से जुलेखा खातून, सुनैना देवी, सुनीता देवी, भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, नागेश्वर पासवान सहित कई रसोइया शामिल हुईं।

### टेंपू से सात बोरे में 125 लीटर महुआ शराब बरामद, चालक फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी का खेल जारी है। मसौढ़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक ऑटो से 125 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।मसौढ़ी थाने के सअनि प्रमोद कुमार ने बताया की अनुमंडल चौराहा पर सूचना मिली कि एक टेंपू पर महुआ शराब लादकर गंगाचक मलिकाना के रास्ते बेचने ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गंगाचक मलिकाना पहुंची। पुलिस वाहन को देख टेंपू चालक हरा-पीला टेंपू छोड़कर गलीनुमा रास्ते से फरार हो गया। पुलिस ने खदेड़ा लेकिन वह भाग निकला।टेंपू की तलाशी में 7 बोरों में रखे 25 पारदर्शी पॉलिथीन थैलों में 5-5 लीटर कर कुल 125 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और टेंपू को जब्त कर थाना लाया।थानाध्यक्ष को टेंपू मालिक और फरार चालक के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है।

## प्रेम प्रकाश मनोज बने प्रदेश कांग्रेस कानूनी विभाग के उपाध्यक्ष

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कानूनी विभाग में संगठनात्मक विस्तार करते हुए मोकामा के जाने-माने अधिवक्ता प्रेम प्रकाश मनोज को प्रदेश कानूनी विभाग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का पत्र बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कानूनी विभाग के अध्यक्ष सह पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजय कुमार



पांडेय ने 24 अगस्त 2026 को जारी किया।जानकारी के अनुसार, प्रेम प्रकाश मनोज की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं एआईसीसी सदस्य सह राज्य समन्वयक (कानूनी, मानवाधिकार एवं आरटीआई) ओमर हुदा की संस्तुति पर की गई है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश मनोज, स्व. राम स्वरूप सिंह के पुत्र एवं मोकामा के मोलदियार टोला, वार्ड संख्या 11 के निवासी हैं। वे सिविल कोर्ट, बाढ़ में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं।पार्टी की ओर से उन्हें संगठन को मजबूत करने तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेश कुमार के नेतृत्व में निष्ठापूर्वक कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र की प्रतियां प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार तथा एआईसीसी प्रभारी ओमर हुदा को भी सूचनार्थ भेजी गई हैं।प्रेम प्रकाश मनोज की नियुक्ति की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकताओं एवं कानूनी विभाग से जुड़े सदस्यों में खुशी का माहौल है। पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### 11 मवेशियों से लदी दो पिकअप जब्त

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचमहला थाना पुलिस ने अवैध मवेशी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 मवेशियों से लदी दो पिकअप गाड़ियों को जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद मवेशियों के अवैध परिवहन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में आ रही दो पिकअप गाड़ियों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों में कुल 11 मवेशी मिले, जिनमें भैंस और उनके बच्चे शामिल थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर भेजने की व्यवस्था की।

## हथियार के बल पर मवेशी चोरी एवं फायरिंग मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अज्ञात हथियारबंद मवेशी चोरी और फायरिंग मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को धनरूआ पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है, जिसका नाम ललित कुमार पिता युगेश्वर प्रसाद चंदापर निवासी हैं। इस घटना के संदर्भ में बताया गया कि,धनरूआ थाना क्षेत्र के कोसूत गांव मे पीड़ित शत्रुघन राम, पिता स्व. पदुम राम ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 24 मई की रात करीब 11:30 बजे 8-9 की संख्या में आए चोरों ने उसके मवेशी रखने वाले मिट्टी के घर की दीवार तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। दीवार टूटने की आवाज सुनकर जब वह जगा और गेट खोलकर बाहर आया तो तीन चोरों ने उसे पकड़ लिया और दो चोर घर में बंधी दो भैंसों को खोलकर ले जाने लगे। कुछ दूरी पर 3-4 अन्य चोर निगरानी कर रहे थे।विरोध करने पर चोरों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की, जिसमें उसकी दोनों आंखों, दाहिने पैर, पीठ और कमर में गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर चोर मवेशियों को खेत की ओर तेजी से ले जाने लगे और ग्रामीणों को आता देख पिस्टल से फायरिंग भी की।

## पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से एमएलसी नीरज कुमार ने किया संवाद

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं एवं एनडीए कार्यकर्ताओं का संवाद कार्यक्रम रविवार को धरहरा पाली स्थित बधाई मैरेज हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नीरज कुमार एवं अन्य नेताओं को स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित एमएलसी नीरज कुमार ने मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों




पर चर्चा की। इस दौरान एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आगामी पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में नीरज कुमार को पुनः विजयी बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती और मतदाताओं के बीच बेहतर समन्वय के साथ चुनाव की तैयारियों को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में लोजपा नेता सुनील यादव, भाजपा नेता रविंद्र रंजन,अशोक कुमार वर्मा सहित एनडीए के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेताओं ने कार्यकताओं से मतदाताओं के बीच संपर्क बढ़ाने और आगामी चुनाव को लेकर एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर पालीगंज के एनडीए के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म की सूचना से मचा हड़कंप

**24 घंटे में पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन**

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया गया।पुलिस के मुताबिक, 29 अगस्त की रात करीब 7:30 बजे नाबालिग की मां ने हाथीदह थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को 3-4 अज्ञात लोगों ने जबरन चारपहिया वाहन में बैठाकर अज्ञात स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह वहां से निकलकर ऑटो से अपने घर पहुंची और ऑटो चालक के मोबाइल नंबर से अपनी मां से संपर्क किया।सूचना मिलते ही पुलिस ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्राथमिकी दर्ज की। साथ ही एफएसएल को सूचना देकर नाबालिग की मेडिकल जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा गया और मामले की जांच शुरू की गई।अनुसंधान के दौरान पुलिस ने अलीनगर, लखीसराय निवासी दिलखुश कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में युवक ने बताया कि नाबालिग से उसके पहले से संबंध थे और घटना वाले दिन वह उसे बेगूसराय स्थित एक होटल में लेकर गया था। बाद में वह उसे रास्ते में छोड़कर वापस चला आया।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच दिवसीय झूलनोत्सव सम्पन्न

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा दुर्गेश्वरनाथ शिवमन्दिर में आयोजित पांच दिवसीय श्री कृष्ण झूलनोत्सव शुक्रवार की रात्रि सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन झूले में विराजमान राधा कृष्ण की मूर्ति को झूलाने के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्सुकता दिखा।हर ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति भाव से राधे कृष्ण को झुलाया।आजमगढ़ से आई झांकी टीम के कलाकारों श्रद्धालुओं का सांस्कृतिक मनोरंजन किया।पुआ का बना प्रसाद वितरण किया गया। झूलन के आयोजन में सभी ग्रामवासी आर्थिक और सामाजिक सहयोग उत्सव की सफलता में भागीदारी निभाई। मंदिर के पुजारी खीरू बाबा के नेतृत्व में पांचों दिन पूजा अर्चना की गई।हर ग्रामीण श्रद्धालु झूले में विराजमान



राधा कृष्ण की मूर्ती को भक्ति भाव से झुलाया। ग्रामीण और मशहूर चिकित्सक डा डी के ओझा ने बताया कि रसूलपुर में करीब सौ सालों से यहां झूलन उत्सव मनाने की परम्परा रही है।इस उत्सव से गांव की सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। समापन के अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद,उपमुखिया मनोज सोनी 'नन्हे', अनूप कुमार दूबे, विशु श्रीवास्तव,अशोक दुबे, बल्टू दुबे आर्मी, पिन्टू श्रीवास्तव, मंजीत मिश्रा, ,शुभम दुबे, अमन दुबे, प्रिंस सोनी, अंशु चौरसिया,लालू सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

### सड़क हादसे में एसआई घायल

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना में कार्यरत एसआई जय प्रकाश निरंजन रविवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार वे विभागीय प्रशिक्षण कार्य से जिला मुख्यालय स्थित छपरा कार्यालय गए थे। कार्य पूरा कर बाइक से एकमा लौटने के दौरान वे छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर कोपा थाना क्षेत्र में स्थित कोपा बाजार और बसडीला गांव के बीच उनकी बाइक अचानक फिसल गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर



गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस एवं एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल एसआई को इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ विवेक कुमार प्रसाद ने स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से उनका प्राथमिक उपचार किया। इलाज के दौरान उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद एकमा थाना पुलिस के अधिकारी एवं कर्मी घायल एसआई के बेहतर उपचार को लेकर अस्पताल पहुंचे और उनकी स्थिति की जानकारी ली।

### पंचायत चुनाव को लेकर लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन शुरू

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी पंचायत चुनाव 2027 को लेकर जिला दंडाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण रौशन कुमार के संयुक्त आदेश के आलोक में एकमा थाना परिसर में लाइसेंसी हथियारों एवं अनुज्ञप्तियों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए सभी लाइसेंसधारियों को अपने-अपने आर्म्स एवं लाइसेंस का सत्यापन 31 अगस्त तक हर हाल में करा लेना है। उन्होंने कहा कि



पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन चुनावी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सत्यापन के पहले दिन पुलिस अधिकारी द्वारा 35 लाइसेंसी हथियारों एवं संबंधित अनुज्ञप्तियों का सत्यापन किया गया। उन्होंने सभी अनुज्ञप्तिधारियों से अपील की कि निर्धारित अवधि के भीतर एकमा थाना पहुंचकर अपने हथियार एवं लाइसेंस का सत्यापन करा लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस प्रशासन की ओर से सत्यापन कार्य को लेकर थाना परिसर में आवश्यक तैयारियां पूरी कर सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है।

### लोक कलाकार व संगीत शिक्षक शेखर सुमन को दी गई श्रद्धांजलि

**दिघवारा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर प्रखंड के डोरीगंज स्थित बाल होनहार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में नगरा प्रखंड के कोरेया उच्च विद्यालय के संगीत शिक्षक सह लोक कलाकार शेखर सुमन की आकस्मिक मृत्यु पर श्रद्धांजलि सह शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. शेखर सुमन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बताया गया कि लोक कलाकार सह संगीत शिक्षक शेखर सुमन की रेवाघाट पुल से नदी में गिरने के कारण मौत




हो गई थी। उनके असामयिक निधन से कला एवं शिक्षा जगत में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि सभा में बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष रजनीश कुमार, जिला सचिव डॉ. सुदर्शन प्रसाद यादव, प्रदेश संयोजक कौशल कुमार शर्मा, रौशन कुमार, रामएकबाल चौरसिया, शिक्षक अनिल मांझी, प्रियांशु कुमार, अनुराग कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उधर एकमा प्रखंड के रसूलपुर चट्टी पर माधोपुर गांव निवासी संगीत शिक्षक और लोक कलाकार रामेश्वर गोप की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी शिक्षक कमल कुमार सिंह ने दी है।

### नमो घाट पर डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**दिघवारा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिघवारा थाना क्षेत्र के शक्ति पीठ अम्बिका भवानी मंदिर के समीप स्थित नमो घाट पर रविवार को गंगा नदी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया गया कि किशोर नमो घाट पर गया था, इसी दौरान वह नदी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बालक की तलाश में जुट गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक बालक के शव को बरामद करने के लिए एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर 2026 को सफल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी पुनीत कुमार तिवारी ने की। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी सहित जिले के सभी थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात चालान से संबंधित मामलों के अधिकतम निष्पादन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सचिव नितिन त्रिपाठी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि लंबित यातायात चालान मामलों में अधिक से अधिक संबंधित पक्षकारों को नोटिस की तामिला सुनिश्चित की जाए, ताकि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित निष्पादन करा सकें। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि नोटिस की तामिला के उपरांत उसकी तामिला रिपोर्ट समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार को उपलब्ध कराई जाए।

# संदिग्ध परिस्थिति में शिक्षिका का शव पंखे से लटका मिला

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कटहरा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेहराकलां के बीपीएससी 27 वर्षीय शिक्षिका मधु पाल ने विद्यालय के समीप स्थित किराये के मकान में पंखे से साड़ी के मदद से फांसी लगाकर आत्म लीला समाप्त कर ली. शनिवार की देर रात करीब 11 बजे पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर पंखे से शव नीचे उतारा. वहीं एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाया. पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है. जहां शव को पोस्टमार्टम नहीं हो सका और शव पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच रेफर होने की बात सामने आयी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कटहरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेहराकलां के बीपीएससी शिक्षिका



मधु पाल ने विद्यालय के समीप स्थित ललन श्रीवास्तव के मकान किराए पर रहती थी. जो रक्षाबंधन पर्व के छुट्टी के बाद शनिवार को ससमय विद्यालय पहुंचकर शिक्षण कार्य की. लगभग एक बजे विद्यालय से मकान पर लौट आयी. इस दौरान शाम को मकान मालिक के फोन पर मृतिका के पति ने बताया कि मेरा मोबाइल रिसीव नहीं कर रही है. कमरे पर जाकर बात कराने की बात कही. मकान मालिक कमरे बंन्द पाकर आवाज लगायी. लेकिन कमरे के अन्दर से कोई आवाज नहीं मिली. तब खिड़की से झांक कर देखा तो पंखे से मधु पाल की शव लटकी हुई थी. जिसके बाद मकान मालिक ललन श्रीवास्तव ने कटहरा थाना की पुलिस को सूचना दी. घटना स्थल पर कटहरा थाना अध्यक्ष संजीव कुमार दुबे अपने दल बल के साथ पहुंच कर स्थिति की जायजा लिया. इसी दौरान फोरेंसिक टीम पहुंच कर साक्ष्य जुटाया. पुलिस ने कमरे को शील करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा. मालुम हो कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेहराकलां में एक साल पूर्व में उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के मसवानपुर गांव निवासी अशोक कुमार पाल की पुत्री मधु पाल ने योगदान किया था. लगभग तीन माह पूर्व में उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले थाना ठरिया क्षेत्र अन्तर्गत सरसई गांव निवासी हरिश्चंद्र पाल के पुत्र गौरव कुमार पाल के साथ लव मैरेज शादी की थी. स्थानीय लोगों के मुताबिक लव मैरेज शादी करने की बात सामने आने पर मृतिका के परिजनों माता-पिता व अन्य लोगों ने विद्यालय पहुंच कर लव मैरेज शादी नहीं करने की बात कहीं थी.

## नगर निगम की मासिक साधारण बैठक में सफाई, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट एवं मुख्य नाला निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम मोतिहारी की महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में नगर निगम सभा भवन में मासिक साधारण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त आशीष कुमार, उपमहापौर सहित निगम के माननीय वार्ड पार्षदगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई, जल-निकासी, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट एवं मुख्य नाला निर्माण सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश एवं निर्णय लिए गए। नगर निगम के विभिन्न वार्डों में समय पर आवश्यक साधन एवं संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रभावित हो रहे सफाई कार्य की समीक्षा की गई। आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त साधन एवं संसाधन समय पर उपलब्ध कराने तथा संबंधित क्षेत्रों में सफाई एवं जल-निकासी व्यवस्था को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, कुछ वार्डों में वार्ड जमादारों द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा सफाई कार्य की समुचित निगरानी नहीं किए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया। संबंधित वार्ड जमादारों को अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने एवं सफाई कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।शहर में लंबित स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य की भी समीक्षा की गई। एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए मैनपावर तथा एग्रीमेंट के अनुसार निर्धारित मैनपावर की संख्या की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के आंकड़ा अपलोडिंग का काम पूरा

**जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक ने एकमा व मांझी में की समीक्षा, डेटा की शुद्धता व प्रमाणिकता जांच के निर्देश**

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की जनगणना 2027 के तहत तैयार की जा रही जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) के आंकड़ा अपलोडिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा से एक दिन पहले पूरा कर लिया गया। जिला पदाधिकारी सह जिला जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले के 1735 राजस्व ग्रामों का डेटा 588 फील्ड फंक्शनरीज ने मोबाइल ऐप के माध्यम से पोर्टल पर सबमिट किया। यह कार्य जिले के कुल 30 शहरी एवं ग्रामीण चार्ज के अंतर्गत पूरा किया गया है। आंकड़ों की शुद्धता, प्रमाणिकता और गुणवत्ता की जांच का कार्य अब चार्ज अधिकारी स्तर पर शुरू किया गया है। इसी क्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के सहायक निदेशक अंगद



सिंह ने रविवार को सारण जिले का दौरा कर अपलोड किए गए आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने एकमा बाजार नगर पंचायत, एकमा प्रखंड और मांझी नगर पंचायत चार्ज का निरीक्षण कर राजस्व ग्रामवार संकलित आंकड़ों के फाइनल सबमिशन की स्थिति देखी। सहायक निदेशक ने आंकड़ों के स्रोत की जांच करने के साथ वास्तविक आंकड़ों और पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों का मिलान करने का निर्देश दिया। अंगद सिंह ने चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र पदाधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रत्येक आंकड़े की क्रॉस चेकिंग कर उसकी प्रमाणिकता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच से संतुष्ट हुए बिना किसी भी डेटा को अंतिम रूप से अप्रूव नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि पहले चरण में चार्ज अधिकारी ग्रामवार डेटा को वर्ष 2011 के आंकड़ों से अंतर के आधार पर फिल्टर करेंगे। इसके बाद विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों और पोर्टल पर अपलोड डेटा का मिलान किया जाएगा। दूसरे चरण में सभी अंतर एक साथ चिन्हित कर फील्ड फंक्शनरीज को रिवर्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिवर्ट की प्रक्रिया केवल एक बार की जा सकती है। इसके बाद डेटा सीधे सर्वर पर चला जाएगा। इसलिए इस कार्य में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डीसीएचबी के आंकड़े भविष्य की योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण आधार होंगे। ऐसे में आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को अंतिम अप्रूवल के संबंध में निदेशालय के निर्देश का इंतजार करने को कहा। डीसीओ सह जिला नोडल पदाधिकारी अदिति आनंद और सहयोगी पदाधिकारी आयुषी सिंह ने प्रत्येक चार्ज को दिल्ली से प्राप्त वर्किंग मैप पर स्थानीय जनसुविधाओं की इंडेक्स नंबरिंग के माध्यम से स्थलीय मार्किंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैप पर मार्किंग का कार्य ग्राम एवं नगर निर्देशिका के डेटा की जांच के बाद ही किया जाए, ताकि त्रुटि की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि सारण के डीसीएचबी को शून्य त्रुटि के साथ आदर्श और उदाहरण के रूप में तैयार करने का लक्ष्य है।

## बिहार की राजनीति व चिराग पासवान पर निबंध प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला लोजपा (आर) के तत्वावधान में सुगौली विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता के आवास पर एक निबंध प्रतियोगिता की घोषणा की गई जिसका विषय है 'बिहार की राजनीति और चिराग पासवान'। इस अवसर पर विधायक श्री गुप्ता ने प्रेस - कांफ्रेंस के माध्यम से कहा कि पूर्वी चंपारण के 15 वर्ष से 25 वर्ष के जेन जी हमारे युवा नेता चिराग पासवान के बारे में क्या विचार रखते है,इस संदर्भ में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।1500 से 2000 शब्दों में लिखित यह निबंध हिंदी,उर्दू व अंग्रेजी में लिखा जा सकता हैं। इस निबंध को 26 सितंबर तक जानपुल स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प,चांदमारी मोतिहारी स्थित डोसा-प्लाजा और अरेराज स्थित हाउस ऑफ फैशन प्रतिष्ठान में जमा कराया जा सकता हैं।निबंध प्रतियोगिता में अव्वल पाँच प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम पुरस्कार(100000रु),द्वितीय पुरस्कार(51000रु),तृतीय पुरस्कार(25000रु),चतुर्थ पुरस्कार(15000रु) व पंचम




पुरस्कार(10000रु) नगद देकर पुरस्कृत किया जाएगा।छठे से दसवें स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को भी गिफ्ट हैम्पर देकर पुरस्कार किया जाएगा साथ ही प्रथम 50 प्रतिभागियों के चयनित निबंध को संकलित कर चिराग पासवान पर एक पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। विधायक श्री गुप्ता ने बताया कि इसके पहले भी हमने एक निबंध प्रतियोगिता करवाया था जो काफी सफल रहा था। उन दिनों जिस प्रतियोगी को हमलोगों ने प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया था,उसे ही एक अन्य निबंध प्रतियोगिता में बिहार सरकार ने भी पुरस्कृत किया था। यह प्रतियोगिता पूर्वी चंपारण के जेन जी के साथ संवाद का एक बेहतर माध्यम बनेगा।आज हमारे युवा लिखना भूल रहे है जब कि व्यक्तित्व का निखार बिना लिखे नहीं हो सकता। बड़े प्रतियोगिता परीक्षा में लिखित परीक्षा अनिवार्य होता हैं। मौके पर मोतिहारी जिलाध्यक्ष धरणीधर मिश्र, ढाका संगठन जिलाध्यक्ष चंचल पासवान, रक्सौल संगठन जिलाध्यक्ष राजेश पासवान, युवा जिलाध्यक्ष मंजीत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुन्नी देवी, एस सी एस टी जिलाध्यक्ष, छठु पासवान इत्यादि की उपस्थिति रही।

## क्यूआर कोड आधारित पहल से वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं तक महिलाओं की होगी आसान पहुंच

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से वन स्टॉप सेंटर, वैशाली द्वारा लालगंज स्थित सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित पहल के जरिए महिलाओं एवं बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि क्यूआर कोड को स्कैन कर कोई भी महिला अथवा बालिका अपने वर्तमान स्थान से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर, वैशाली तक पहुंचने की जानकारी एवं मार्गदर्शन आसानी से प्राप्त कर सकती है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आवश्यकता के समय सहायता केंद्र तक सहज पहुंच उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं से जोड़ना है। केंद्र प्रशासक ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली



एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध सहित महिलाओं से संबंधित विभिन्न मामलों में पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क परामर्श, काउंसलिंग एवं कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। आवश्यकता के अनुरूप संबंधित विभागों एवं पुलिस प्रशासन के समन्वय से पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाती है वन स्टॉप सेंटर, वैशाली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्राप्त 320 मामलों में से 305 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। साथ ही जिला जनता दरबार से प्राप्त महिला संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए भी प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन, वैशाली महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। क्यूआर कोड आधारित यह पहल वन स्टॉप सेंटर तक महिलाओं की पहुंच को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आवश्यकता के समय त्वरित सहायता प्राप्त करने की दृष्टि से उपयोगी बताया।

## चरखा पार्क में निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर में लोगों को व्हाट्सएप पर भेजी गई रिपोर्ट

**इस्ट चंपारण लायंस क्लब की पहल, प्रत्येक रविवार को आम लोगों के लिए जारी है स्वास्थ्य सेवा**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी शहर के बीचोंबीच स्थित चरखा पार्क में निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 7 बजे से 10 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें 38 की संख्या में राहगीरों एवं पूर्व से शिविर की जानकारी रखने वाले



लोगों ने पहुंचकर अपनी डायबिटीज की जांच कराई। जांच के उपरांत लोगों की सुविधा के लिए उनकी डायबिटीज जांच रिपोर्ट संबंधित व्यक्ति के मोबाइल के व्हाट्सएप नंबर पर भेजी गई। इस पहल से लोगों को अपनी जांच रिपोर्ट सुरक्षित रखने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर चिकित्सक को दिखाने में भी सुविधा हो रही है। ईस्ट चंपारण लायंस क्लब के अध्यक्ष इंजीनियर लायन सुधांशु सिन्हा ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। नियमित स्वास्थ्य जांच से डायबिटीज जैसी बीमारियों की समय पर पहचान संभव है और लोग समय रहते उचित चिकित्सकीय सलाह प्राप्त कर सकते हैं। वहीं क्लब के सचिव लायन रिजू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले इस निःशुल्क शिविर के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और क्लब भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम जारी रखेगा। इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर थाना के सामने सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लायंस क्लब के सदस्य एवं नेत्र चिकित्सक लायन डॉ. अभिनव दीपांकर के द्वारा अपने क्लिनिक पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 37 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक एवं उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई जाती है और ऑपरेशन की आवश्यकता होती है, उनके मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था भी ईस्ट चंपारण लायंस क्लब द्वारा की जाती है। उक्त अवसर पर लायन रामप्रकाश सिन्हा,लायन पंकज कुमार, लायन मनीष कुमार, लायन अभिनव दीपांकर इसके अलावा लायन एवं लियो सदस्य उपस्थित रहे।

# बाढ़ स्थिति की सतत निगरानी, गंडक-गंगा के जलस्तर में गिरावट

**जिले में स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश पर जिले में गंडक एवं गंगा नदी के जलस्तर तथा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त अद्यतन जानकारी के अनुसार गंडक एवं गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट का क्रम जारी है तथा जिले में बाढ़ की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। तटबंध भी सुरक्षित हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि नदी के जलस्तर, तटबंधों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। गंडक नदी के जलस्तर की प्रत्येक घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। विभिन्न विभागों की प्रतिनियुक्त टीमें क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा तटबंधों पर कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों की तैनाती कर 24 घंटे





निगरानी सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों एवं तटबंधों की स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 29 अगस्त 2026 को प्रातः 06:00 बजे वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी में 95,200 क्यूसेक जलश्राव दर्ज किया गया। विगत दिनों की तुलना में जलश्राव में लगातार कमी दर्ज की गई है। 26 अगस्त को 1,50,200 क्यूसेक, 27 अगस्त को 1,06,600 क्यूसेक तथा 28 अगस्त को 1,02,100 क्यूसेक जलश्राव दर्ज किया गया था। लालगंज स्थित गंडक नदी के गेज स्थल पर जलस्तर 50.47 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान 50.50 मीटर से 0.03 मीटर नीचे है। हाजीपुर में गंडक नदी का जलस्तर 49.15 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान 50.32 मीटर से 1.17 मीटर नीचे है। गांधी घाट में गंगा नदी का जलस्तर 49.07 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान 48.60 मीटर से 0.47 मीटर ऊपर है। हालांकि, गंगा नदी के जलस्तर में भी लगातार कमी दर्ज की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने महनार, देसरी एवं राघोपुर सहित संबंधित क्षेत्रों की स्थिति की लगातार समीक्षा करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पशुचारा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जरूरत के अनुसार पशुचारा उपलब्ध कराने के लिए टीमें भेजी जा रही हैं तथा मेडिकल टीमों की प्रतिनियुक्ति कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं। आंशिक रूप से प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए राघोपुर, देसरी, सहदेई बुजुर्ग एवं महनार अंचलों में कुल 45 निजी एवं सरकारी नावों का परिचालन कराया जा रहा है। जरूरतमंद परिवारों के बीच अब तक 420 पॉलिथीन शीट का वितरण किया जा चुका है। किसी भी संभावित आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटने के लिए राघोपुर, हाजीपुर, महनार एवं लालगंज में एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप एवं पशु चिकित्सा शिविरों के माध्यम से आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। तटबंधों की सुरक्षा के लिए संबंधित कर्मी एवं होमगार्ड 24 घंटे मुस्तैद हैं। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अभियंताओं द्वारा भी तटबंधों एवं संवेदनशील स्थलों का लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। डीएम ने कहा कि वर्तमान में जिले में बाढ़ की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है तथा नदियों के जलस्तर में गिरावट का क्रम जारी है। इसके बावजूद जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए बचाव एवं राहत कार्यों से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित कर ली गई हैं।

## एक नजर

### वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत, युवती झुलसी, खेत में दोनों कर रहे थे काम

**औरंगाबाद/नबिटा सं।** वज्रपात की चपेट में आने से 47 वर्षीय एक किसान की मौत हो गई, जबकि पास के खेत में काम कर रही 18 वर्षीय युवती भी झुलस गई। घटना माली थाना क्षेत्र के महुली गांव की है। मृतक की पहचान रामविलास सिंह के पुत्र सुजय यादव (47) के रूप में हुई है। वहीं, जख्मी युवती की पहचान रामाशीष सिंह की पुत्री आशा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शनिवार की शाम करीब छह बजे सुजय यादव अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ देर बाद आसमान में बिजली कड़कने लगी। इसी बीच अचानक वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में आने से सुजय यादव गंभीर रूप से झुलस गए। वज्रपात की चपेट में आने से पास के खेत में काम कर रही आशा कुमारी भी झुलस गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सुजय यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, जिला परिषद सदस्य अनिल यादव समेत अन्य लोग सदर अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सुजय यादव की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हुई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अजीत कुमार गुप्ता बने जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** प्रखंड में जनता दल (यूनाइटेड) के युवा संगठन को नई जिम्मेदारी मिली है। अजीत कुमार गुप्ता उर्फ बिछा को जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। अजीत कुमार गुप्ता के मनोनयन के बाद विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा एवं पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने फूलों की माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने अजीत कुमार गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का काम किया जाएगा। नई जिम्मेदारी मिलने पर अजीत कुमार गुप्ता ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। युवाओं को पार्टी से जोड़ना और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। मनोनयन के बाद समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

### शराब बरामद, 9 हजार लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**हसपुरा / औरंगाबाद/नबिटा सं।** हसपुरा थाना क्षेत्र के कोईलवा गांव स्थित रघुनाथ बिगहा टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब 50 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त करते हुए करीब 9 हजार लीटर जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रघुनाथ बिगहा टोला में अवैध रूप से देसी महुआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने गांव में वीरेंद्र चौधरी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर से करीब 50 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को जब्त कर लिया। साथ ही मौके पर मिले करीब 9 हजार लीटर जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एससी-एसटी एक्ट व जानलेवा हमले के मामलों में दो नामजद गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** कुटुंबा थाना पुलिस ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में वांछित दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अनकुपा गांव निवासी अंकित कुमार पिता-भूषण सिंह तथा मटपा गांव निवासी हिमांशु कुमार पिता-अजय सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि अनकुपा निवासी अंकित कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, विष्णु पासवान व उसके साथी आकाश को रास्ते से ले जाकर सुनसान स्थान पर एक आम के पेड़ से बांध दिया गया था। आरोप है कि उनके साथ मारपीट करते हुए लोहे के पाइप, रॉड व लाठी-डंडे से हमला किया गया। मामले में जातिसूचक टिप्पणी, मोबाइल छीनने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। वहीं, मटपा निवासी हिमांशु कुमार के विरुद्ध बीएनएस एवं एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज थी। पुलिस दोनों मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद अदालत के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है।

### 10 सितंबर को नगर भवन में सजेगा शिक्षक सम्मान समारोह का मंच

**अंबा (औरंगाबाद) /नबिटा सं।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएशन की जिला इकाई ने शुरू की तैयारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद होंगे मुख्य अतिथि औरंगाबादः प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से 10 सितंबर को स्थानीय नगर भवन में 'शिक्षक सम्मान समारोह-2026' का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय इस समारोह में जिले के सभी प्रखंडों से करीब 1200 से 1500 निजी शिक्षकों को उनके समर्पण, ईमानदारी और शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन की तैयारी को लेकर राय विष्णु एकेडमी में एसोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरेश प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन महासचिव सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि समारोह में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने शामिल होने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ राजनेताओं के भी शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके योगदान को सम्मानित करने से शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। समारोह को सफल बनाने के लिए जिला समिति ने सभी प्रखंड इकाइयों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पिछले वर्ष 6 सितंबर को कुटुंबा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की सफलता को देखते हुए इस बार कार्यक्रम को और व्यापक एवं भव्य बनाने की तैयारी है। बैठक में जिला सचिव बीरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष देव कुमार, वेद प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार, बृज मोहन कुमार, नौसाबा वारसी, लौकेश कुमार दुबे, कृष्णा कुमार, मो. रूस्तम, धर्मेंद्र कुमार, राजीव नंदन सहित विभिन्न निजी विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम प्रेरणा का सशक्त माध्यम : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 137वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण शहर के वार्ड संख्या 20 स्थित दलित टोला में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद अखिलेश प्रसाद कल्लू ने की। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का सशक्त माध्यम बन चुकी है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के जरिए आम नागरिकों की प्रतिभा, नवाचार, सामाजिक सरोकार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरक कार्यों को देश-दुनिया के सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि 'मन की बात' ने देशवासियों में सकारात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत की है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने नशामुक्त युवा, तकनीक के माध्यम से इतिहास जानने की पहल, महिलाओं की आर्थिक उन्नति, स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। भाजपा नेता सुनील सिंह ने कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जन-जागरण और राष्ट्र निर्माण का अभियान बन गया है। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, चंदन सिंह, रामरूप सिंह, पप्पू कुमार, अविनाश कुमार, नागा पासवान, विनोद शर्मा, जितेंद्र राम, राजू गुप्ता, मो. आजाकत, बहादुर राम, राहुल कुमार, टुन्ना प्रसाद गुप्ता, तुलसी सिंह, दिनेश प्रसाद, आर्यन राज, मो. सद्दाम, राजू सिंह, रघुनाथ राम, अजय सिंह और जय किशोर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# अपने खर्चे से सड़क बनवा सकते हैं विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने बताया कि सोमवार को ओबरा के बीडीओ, सीओ और आरडब्ल्यूडी के एसडीओ के साथ श्री गोरिया गांव का निरीक्षण करेंगे। गांव में सड़क के अभाव और जलजमाव की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। विधायक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान समस्या की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया जाएगा और इसके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि आरडब्ल्यूडी की ओर से सड़क निर्माण और जलजमाव की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वह अपने स्तर से निजी धनराशि खर्च कर सड़क का निर्माण कराएंगे। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ जलजमाव की समस्या से भी राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में जनहित से जुड़े इस तरह के कार्य वे पूर्व में भी अपनी निजी धनराशि से कराते रहे हैं।

## करंट की चपेट में आने से प्लंबर मिस्त्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के अलीनगर मोहल्ले में पानी की टंकी के पास विद्युत करंट की चपेट में आने से प्लंबर मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बजरंगी गली निवासी शेख समीम के 39 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सद्दाम वर्तमान में शहर के वार्ड संख्या-13 स्थित अलीपुर मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहकर प्लंबर का काम करते थे। इसी काम से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष मो. एहसान सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग किया। शाहनवाज रहमान ने बताया कि सद्दाम की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी और वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। सद्दाम के परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं, जो अभी काफी छोटे हैं। इसके अलावा, उनके दो भाइयों में से एक मानसिक रूप से कमजोर बताया जाता है। ऐसे में सद्दाम की मौत के बाद पूरे परिवार के सामने जीविका का संकट खड़ा हो गया है। समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत राशि सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ जल्द उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों की परवरिश और परिवार के भरण-पोषण में मदद मिल सके। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चंद्रभूषण बने दाउदनगर के नए एसडीपीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। दाउदनगर अनुमंडल में पुलिस प्रशासन के स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। बिहार सरकार ने पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण के तहत दाउदनगर के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) की नियुक्ति की है। वर्तमान में सारण में साइबर क्राइम के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर तैनात चंद्रभूषण को दाउदनगर का नया एसडीपीओ बनाया गया है। दाउदनगर के वर्तमान एसडीपीओ अशोक कुमार दास को जारी अधिसूचना में नए पदस्थापन की जगह की जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। नए एसडीपीओ के रूप में चंद्रभूषण की तैनाती से दाउदनगर में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर नई कार्यशैली की उम्मीद जताई जा रही है। तबादले की जानकारी सामने आने के बाद दाउदनगर के पुलिस महकमे में नए अधिकारी की तैनाती को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। नवनियुक्त एसडीपीओ चंद्रभूषण के जल्द ही दाउदनगर पहुंचकर पदभार संभालने की संभावना है। उनके सामने अनुमंडल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर कई अहम जिम्मेदारियां रहेंगी। चंद्रभूषण 64वीं बीपीएससी के माध्यम से चयनित पुलिस पदाधिकारी हैं। इससे पहले वे सारण में साइबर क्राइम के पुलिस उपाधीक्षक के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नई पोस्टिंग के बाद दाउदनगर अनुमंडल में पुलिस प्रशासन की कमान अब उनके हाथों में होगी। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिसिंग से जुड़े कामकाज में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। अशोक कुमार दास जुलाई 2025 में दाउदनगर के एसडीपीओ के पद पर पदस्थापित हुए थे। करीब एक वर्ष एक माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था संभाली। अपने कार्यकाल में उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस कार्रवाई की निगरानी की।

## बीआरबीसीएल में उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

### बच्चों, महिलाओं एवं कर्मचारियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों, महिलाओं एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खेल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहां स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला, वहीं टीम भावना और आपसी सहयोग का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. जे. राजकुमार ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी से स्वास्थ्य एवं फिटनेस को प्राथमिकता देने तथा खेलों को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सहयोग और खेल भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया।

## विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद) ।** लखन मोड़ स्थित भाकपा माले नगर कार्यालय पर जनता के ज्वलंत सवालों को लेकर रविवार को बैठक की गई। माले नगर सचिव सह निर्माण मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष बिरजू चौधरी ने अध्यक्षता की। बैठक में जिला सचिव मुनारिक राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दाउदनगर अनुमण्डलीय अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों का अभाव, अस्पताल प्रबंधन में घोर लापरवाही, दाउदनगर नगर परिषद कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, रिंग रोड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित धांधली, सम्राट भवन निर्माण, कार्यालय में प्रतिनिधि मंडल पर हमला करवाने, गुलजारपुर, रामनगर पूर्वी में सड़क निर्माण, सभी वार्डों में विवाह भवन का निर्माण, दाउदनगर सिंचाई विभाग में मौसमी कर्मचारियों के कथित शोषण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इन तमाम मुद्दों पर दिनांक 10 सितम्बर को अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पांच सितम्बर को नगर परिषद के मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा। इस बैठक में नगर सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कयूम अंसारी, सुदामा सिंह, रामचंद्र चौहान, नंदकुमार सिंह, जगदीश ठठेरा, बसंती देवी,नन्दलाल तांती, धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## देसी कट्टा और एयरगन के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** गोली मारकर हत्या के प्रयास के मामले में बंदेया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 12 घंटे के भीतर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के जैतिया गांव निवासी मिस्टर खान, महबूब खान और कमरान खान के रूप में हुई है। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक एयरगन बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में अभियुक्तों ने जैतिया गांव निवासी 25 वर्षीय अरशद खान को गोली मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। फिलहाल उनका चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है। घटना के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने छानबीन शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक एयरगन बरामद की गई। थानाध्यक्ष सूरत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मिस्टर खान और महबूब खान दोनों सगे भाई हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अलग-अलग कार्रवाई में 53 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 28 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है जानकारी के अनुसार, आर्म्स एक्ट के मामले में तीन, एससी-एसटी एक्ट के तहत दो, हत्या के प्रयास के मामले में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान एक देसी कट्टा और एक एयरगन भी बरामद की गई है। वाहन जांच अभियान के तहत 106 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 19,500 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूल किए गए। इसके अलावा 11 वारंट का निष्पादन किया गया है।

## सीरत-उन-नबी क्विज प्रतियोगिता में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद) ।** नूरी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सीरत-उन-नबी के अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के बीच रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बंधन पैलेस में किया गया। प्रतियोगिता में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किताबें, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले करीब 100 छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज इक़राम साहब की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। मुख्य अतिथि रफीगंज के पूर्व चेयरमैन सह प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद की मौजूदगी में क्षेत्र के उलमा-ए-किराम के हाथों प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि 12 रबीउल अव्वल के मौके पर सीरत-उन-नबी के पैगाम को आम करने के उद्देश्य से 23 तारीख को मदरसों, स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं नौजवानों के लिए सीरत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के बीच हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत और उनके जीवन आदर्शों का सही ज्ञान पहुंचाना था। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों में करीब 100 छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को तर्जुमा कुरआन 'कंजुल ईमान' के साथ ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर मौलाना नौशाद निजामी ने अपने संबोधन में हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत और उनके अखलाक व किरदार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में यदि हम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदर्शों, अखलाक और किरदार को अपने जीवन में उतार लें तो समाज और देश में अमन-ओ-चैन एवं सुकून कायम हो सकता है। मंच का संचालन महफूज नूरी ने किया। कार्यक्रम में नुरूल खान, लड्डु खान, अरमान खान, डॉ. जोगेंद्र यादव, डॉ. तुलसी यादव, महफूज आलम, कैफ खान, मास्टर अख्तर वाकिफ, शादाब, गुलरेज, अब्दुर्रहमान, सुहैल, आरजू, मौलाना अफसर अली, हाफिज सकलेन, हाफिज गुलाम जर्कानी, डॉ. अशरफ नसीम, रिजवान शम्सी, मकसूद भाई, सरवर नूरी, अदनान नूरी, राजू नूरी, अमन नूरी, तबरेज नूरी, आबिद नूरी, आदिल नूरी, साजिद नूरी, महफूज नूरी,इरफान आलम एआरसीसी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीएनसी कंपनी के हाइड्रा ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा-नवीनगर मुख्य पथ पर दधपा गांव स्थित ब्रह्म स्थान के समीप रविवार दोपहर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे निर्माण में लगे हाइड्रा की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान तमसी गांव निवासी 60 वर्षीय प्रमोद मेहता के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर पहले अंबा-नवीनगर पथ और बाद में अंबा चौक पर शव रखकर एनएच-139 को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई और घंटों आवागमन बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, प्रमोद मेहता साइकिल से तमसी गांव से अंबा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित हाइड्रा ने उन्हें कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल प्रमोद को जीवित समझकर स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उन्हें रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में शामिल हाइड्रा वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड का बताया गया है। मुआवजे को लेकर कंपनी की ओर से निर्णय में विलंब होने पर परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। शव को अंबा चौक पर रखकर एनएच-139 जाम किए जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बाद में कंपनी अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और परिजनों के बीच लंबी वार्ता के बाद सहमति बनी। इसके बाद जाम हटाया गया और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रमोद मेहता अपने पीछे दो पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गए हैं। पुत्र का इसी वर्ष बिहार पुलिस में चयन हुआ था। घर में खुशियों के बीच हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दुर्घटना में प्रयुक्त हाइड्रा जब्त कर लिया गया है। चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सीएम ने की नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत पटना नगर निगम द्वारा संचालित पटना नगर निगम स्ट्रीट लाइट कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर में स्ट्रीट लाइट की उपलब्धता, उनके रखरखाव तथा नए स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं स्वचालन (ऑटोमेशन) से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी स्ट्रीट लाइटों को पूरी तरह संचालित रखने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पटना नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में स्थापित सभी स्ट्रीट लाइटों का शीघ्रता से मेंटेनेंस कर उन्हें चालू अवस्था में लाया जाए। उन्होंने नगर विकास एवं आवास विभाग को निर्देशित किया कि पथ निर्माण विभाग से संबंधित सभी एजेंसियों को स्ट्रीट लाइट के बेहतर रखरखाव एवं नियमित मेंटेनेंस के लिए पत्र के माध्यम से निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नए स्ट्रीट लाइट सोलर बेस्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सोलर प्लेट, बैटरी एवं लाइट सभी एक साथ इनबिल्ट हों ताकि इनके संचालन एवं रखरखाव में सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी स्ट्रीट लाइटों को सोलर आधारित करने से होने वाली बिजली एवं अन्य व्यय में संभावित बचत का अध्ययन कराया जाए। उन्होंने संबंधित विभाग को अध्ययन के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पटना शहर व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा दिखे, इसके लिये बेहतर कार्ययोजना के साथ काम करें। गांधी मैदान के आसपास के चीजों को व्यवस्थित करें ताकि गांधी मैदान का प्राकृतिक स्वरूप बेहतर दिखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, नगर विकास विभाग के सचिव अनिमेष परासर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी की अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अमनौर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी बब्लू कुमार चेन्नई में रहते थे। रविवार सुबह उनकी पत्नी काजल कुमारी (22) से फोन पर किसी बात को लेकर नोंक-झोंक हुई थी। इसके बाद बब्लू कुमार की मौत की सूचना उनके परिचितों द्वारा परिजनों को दी गई। पति की मौत की खबर मिलने के कुछ समय बाद उनकी पत्नी काजल कुमारी की भी घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर अमनौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने काजल कुमारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोनों मौतों के कारणों और घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति का पता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# 'मन की बात' के 137वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'नेक संवाद' सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात के 137वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश देश के युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों को नई ऊर्जा देने वाला है। प्राानमंत्री जी के द्वारा 'नशा मुक्त युवा फर विकसित भारत अभियान को मजबूत करने की अपील युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। बिहार में भी युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयासों को और गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, युवाओं की रचनात्मक भागीदारी, इतिहास को सरल एवं रोचक तरीके से समझने और छात्राओं को स्पेस टेक्नोलजी से जोड़ने जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा शक्ति, महिला शक्ति और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री जी का यह संदेश बिहार सहित पूरे देश को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# पूर्वी चंपारण में हादसों का काला रविवार, एक दिन में सात लोगों की मौत

### करंट, हत्या, डूबने और सड़क हादसे में गई जान, कई परिवारों में पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के लिए रविवार का दिन बेहद दुखद साबित हुआ। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई विभिन्न घटनाओं में एक ही दिन सात लोगों की मौत हो गई। इनमें करंट लगने से तीन लोगों की जान चली गई, जबकि हत्या, संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की मौत, पोखर में डूबने और सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत की घटनाएं भी सामने आईं। रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बेल पंचायत निवासी 44 वर्षीय वीरेंद्र साह की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह सुबह टहलने निकले थे। इसी दौरान बेल नहर के समीप विद्युत ट्रांसफार्मर के नंगे तार के संपर्क में आ गए। चकिया थाना क्षेत्र के देवपुर छपरा विश्वनाथ गांव में भी करंट लगने से आठ वर्षीय बच्ची प्रतीक्षा की मौत हो गई। वह दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान वह एक विद्युत खंभे के संपर्क में आ गई। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रूपडीह गांव की है। यहां 54 वर्षीय शिवनाथ महतो मवेशियों को चारा देने के दौरान खुले बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र के जानपुल चौक स्थित तेलिया पट्टी में पारिवारिक संपत्ति और अन्य विवाद को लेकर शनिवार रात हुई घटना में अनुराग प्रसाद की मौत हो गई। आरोप है कि उनके भाई अजीत प्रसाद ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। जितना थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव में 14 वर्षीय किशोरी अमरीना की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच की जा रही है। कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र में सुनील राम के 10 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार की पोखर में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह नहाने के लिए पोखर गया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। एक अन्य घटना में चकिया थाना क्षेत्र के पूरन छपरा निवासी रामबालक राम की 43 वर्षीय पत्नी रेखा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह शुक्रवार को मुजफ्फरपुर के बरुराज थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थीं। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लगातार हुई इन घटनाओं से पूर्वी चंपारण जिले के कई इलाकों में शोक का माहौल है। संबंधित थाना पुलिस सभी मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई और जांच कर रही है।

# अत्यधिक वर्षा से टूट गया अंबेडकर नगर पथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से बनें अंबेडकर नगर पथ में बनिया बलुईखांड़ के समीप झरही नदी में वर्षा अत्यधिक होने के कारण लगभग फिट में सड़क पानी के बहाव में बह गया है। सड़क टूट जाने के कारण लगभग 15 गांव के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। इस सड़क से सैलवां अंबेडकर नगर, थवई कोइरी बिगहा, बेलहर चट्टी महुआवां प्राणपुर, जमुआईन और अन्य गांवों के लोगों को लगभग पांच किलोमीटर दूर रानी कुआं होकर जाना पड़ रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने में कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी विगत साल इसी जगह पर सड़क टुट गया था जिसे ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा भरवाया गया था जो सिर्फ खानापूर्ति की गई थी। इस संबंध में मदनपुर कंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता औरंगाबाद को आवेदन पत्र ईमेल के माध्यम से भेज कर अविलंब टूटे हुए सड़क को बनवाने एवं उक्त स्थान पर आरसीसी पुलिया निर्माण करवाने की मांग किया है।



## अंडरपास के कमी के कारण जीटी रोड बनते जा रही ब्लैक स्पॉट

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जीटी रोड पर जसोइया गांव से ओवरब्रिज बाईपास तक लगभग दो किमी के दायरे में अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर घनी आबादी बसी हुई है परंतु सुरक्षित आवागमन के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इसके परिणामस्वरूप लोग मजबूरन तेज रफ्तार वाहनों के बीच में से पार करने को विवश हैं जिससे यह इलाका दुर्घटनाओं का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। जसोइया से बाईपास ओवरब्रिज के बीच पश्चिम दिशा में क्षत्रिय नगर और कथरुआ गांव स्थित हैं जबकि पूर्व दिशा में शहर है। यहीं नजारा पिपरडीह के पास भी बनी हुई है।

## बकरी चराने गए व्यक्ति की ठनके से मौत

**सुपौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मिरजवा पंचायत के वार्ड संख्या 12 निवासी 38 वर्षीय बेचनदेव मुखिया बकरी चराने के लिए बाहर गए थे। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई और आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आ गए। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# तीन एकड़ में फैला है मोहरी इटवां गांव का तालाब

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के नबीनगर प्रखंड के मोहरी ईटवां गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है जिसके किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौध उग आए हैं। ग्रामीण सोनू सिंह सहित अन्य ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलयित होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तबतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी। बता दें वर्ष 2021 में तालाब की उड़ाही और सुंदरीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तालाब के जीणोद्बार करने की मांग की है।

# भूमि विवाद में सगे भाई ने चाकू से गर्दन रेतकर की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के नगर थाना क्षेत्र में पैतृक जमीन और शराब पीने से रोकने को लेकर हुए विवाद में कथित तौर पर एक युवक की उसके सगे भाई ने चाकू से गर्दन रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जानपुल चौक स्थित तेलिया पट्टी निवासी काली प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र अनुराग प्रसाद का अपने सहोदर भाई अजीत प्रसाद के साथ पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि अनुराग अपने भाई के शराब पीने का भी विरोध करता था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच अक्सर तनाव रहता था। शनिवार देर रात विवाद ने कथित तौर पर उग्र रूप ले लिया। इसी दौरान अजीत ने धारदार चाकू से अनुराग की गर्दन पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनुराग की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी अजीत प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। सदर डीएसपी-1 दिलीप कुमार ने बताया कि तीन भाइयों में एक की पहले ही मौत हो चुकी है और बचे दोनों भाइयों के बीच जमीन एवं पारिवारिक विवाद को लेकर तनाव था। प्रारंभिक जांच में आपसी कलह और जमीन विवाद हत्या का कारण सामने आया है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। नगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस घटना के कारणों और हत्या से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

# रोजगार मेले में 7,882 से अधिक युवाओं का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

### सांसद पप्पू यादव ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**पूर्णिया।** पूर्णिया के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में रविवार को सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की पहल पर रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। रोजगार की तलाश में पूर्णिया सहित आसपास के सहरसा, कटिहार, अररिया, मधेपुरा और सुपौल जिलों से 10 हजार से अधिक युवा एवं महिला अभ्यर्थी मेले में पहुंचे। रोजगार मेले में 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया और विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद 7,882 से अधिक युवाओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को सांसद पप्पू यादव के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में करीब 40 प्रतिशत महिला अभ्यर्थी शामिल रहीं। मेले में एशियन पेंट्स सहित मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की 30 से अधिक कंपनियों के अलावा ब्लू डार्ट, राइडर सिक्योरिटी समेत विभिन्न क्षेत्रों की 50 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी से रोजगार मेला पूरे दिन चर्चा का केंद्र बना रहा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि रोजगार मेला खासकर महिला अभ्यर्थियों और आर्थिक रूप से कमजोर, मेधावी एवं बेरोजगार युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना समाज और क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक है। रोजगार मेला युवाओं और विभिन्न कंपनियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन के अधिकारियों का भी सहयोग रहा। आयोजन में पूर्णिया के एसडीएम, डीएसपी समेत विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों ने आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

बड़ी संख्या में युवाओं के चयन और नियुक्ति पत्र वितरण के साथ रोजगार मेला-2026 ने पूर्णिया एवं आसपास के जिलों के युवाओं के लिए रोजगार की नई उम्मीद जगाई।

# मदाड़ नदी का जर्जर पुल दे रहा दुर्घटनाओं को निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के प्राणपुर गांव के समीप मदाड नदी पर बना पुल पिछले एक दशक से जर्जर अवस्था में है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है। इस जानलेवा पुल पर कब बड़ी दुर्घटना घट जाए कहना मुश्किल है। रात के समय यहां कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु भगवान का शुक्र है कि अबतक किसी की जान नहीं गई। इधर पुल निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कई बार पुल की मरम्मत की मांग उठाई है परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चेई नवादा, प्राणपुर, उधम बिगहा, बांसा बिगहा के आसपास के ग्रामीण इसी पुल से गुजरते हैं। ग्रामीण प्रमोद सिंह, सुबोध सिंह सहित ने बताया कि पुल के जर्जर होने के कारण बाइक से पुल से नीचे से गुजरते हैं परंतु वर्षा के दिनों में जलजमाव के कारण यह जोखिम भरा हो जाता है। वर्षा में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। मजबूरन ग्रामीण दूसरे रास्तों से जाने में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। गांव में एक सरकारी विद्यालय भी है जहां छात्र-छात्राएं पुल से गुजरकर जाते हैं। पुल की स्थिति के कारण छात्रों और शिक्षकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है।

## कभी भी ढह सकता है लालटेनगंज गांव स्थित पुल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के मदनपुर प्रखंड के लालटेनगंज गांव स्थित पुल ढह सकता है। यह पुल काफी जर्जर हो गई है, जिसके कारण बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है, यह पुल काफी पुराना है। चुकी आवागमन को लेकर यह पुल हर लिहाज से काफी व्यस्थ है। अहम पहलू यह है कि वह पुल से लालटेनगंज, जुड़ाही, बंगरे सीमा समेत कई पंचायतों को जोड़ती है, कितु दिनों दिन भारी वाहन रख रखाव की कमी के कारण पुल की स्थिति दयनीय हो गई है। बारिश के दिनों में पुल पर पानी भर जाता है, जिसके कारण कभी घटना घट सकती है। बारिश हो जाने के बाद पुल की स्थिति गंभीर हो जाती है और इसी पुल से भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ने पंचायत की जोड़ने की लिहाज से यह पुल काफी महत्वपूर्ण है। करीब प्रतिदिन भारी संख्या में लोगो को आवागमन होता है अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह ढहने के बाद आवागमन ठप हो जाएगी। बता दे कि इस जर्जर पुल के दोनों तरफ रेलिंग भी नहीं है।

## कांवरिया सेवा शिविर का समापन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह पुलिस की ओर से नवीन पुलिस केंद्र में संचालित 'कांवरिया सेवा शिविर' का सफल समापन हुआ। शिविर में नेपाल सहित उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार से पहुंचे श्रद्धालुओं की सेवा की गई। शिविर के दौरान एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हुआ, जबकि 15 हजार से अधिक कांवरियों के आवासन एवं विश्राम की व्यवस्था की गई। वहीं 4,045 श्रद्धालुओं का चिकित्सीय उपचार किया गया। श्रद्धालुओं के लिए एक्यूप्रेशर और फुट मसाज जैसी विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 100 से अधिक पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, स्वयंसेवकों, रसोइयों और सफाईकर्मियों को पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस की इस मानवीय पहल की लोगों ने सराहना की।

# नगर भवन में 10 को सजेगा शिक्षक सम्मान समारोह का मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फ़ेयर एसोसिएशन की जिला इकाई ने शुरू की तैयारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद होंगे मुख्य अतिथि औरंगाबादः प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फ़ेयर एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से 10 सितंबर को स्थानीय नगर भवन में 'शिक्षक सम्मान समारोह' का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय इस समारोह में जिले के सभी प्रखंडों से करीब 1200 से 1500 निजी शिक्षकों को उनके समर्पण, ईमानदारी और शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन की तैयारी को लेकर राय विष्णु एकेडमी में एसोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरेश प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन महासचिव सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि समारोह में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने शामिल होने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ राजनेताओं के भी शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके योगदान को सम्मानित करने से शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। समारोह को सफल बनाने के लिए जिला समिति ने सभी प्रखंड इकाइयों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पिछले वर्ष 6 सितंबर को कुटुंबा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की सफलता को देखते हुए इस बार कार्यक्रम को और व्यापक एवं भव्य बनाने की तैयारी है। बैठक में जिला सचिव बीरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष देव कुमार, वेद प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार, बृज मोहन कुमार, नौसाबा वारसी, लौकेश कुमार दुबे, कृष्णा कुमार, मो. रूस्तम, धर्मेंद्र कुमार, राजीव नंदन सहित विभिन्न निजी विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य मौजूद रहे।

## बलार गांव के तालाब का नहीं हो सका कायाकल्प

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के रफीगंज प्रखंड के बलार गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिंचाई होती है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ। तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के विजय सिंह सहित बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीर्णोद्वार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है।

# बड़हरा प्रखंड में पानी उतरते ही बढ़ी चिंता, बाढ़ प्रभावित इलाकों में संक्रमण का खतरा

## कीचड़ और गंदगी से बेहाल गांव, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के बीच सफाई व फॉगिंग की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कम होने लगा है, लेकिन इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित गांवों में संक्रमण और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। कई निचले इलाकों में अभी भी पानी जमा है, जबकि जिन गांवों और टोले से पानी निकल चुका है, वहां कीचड़, कचरा और फैली गंदगी लोगों के लिए नई परेशानी बन गई है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद गलियों और संपर्क मार्गों पर कीचड़ की मोटी परत जम गई है। कई घरों के आसपास गंदा पानी और कचरा जमा है, वहीं नालियों की स्थिति भी खराब हो गई है। बाढ़ के पानी के साथ बहकर आई गंदगी जगह-जगह जमा होने से ग्रामीणों को डायरिया, बुखार और त्वचा संबंधी बीमारियों के फैलने की चिंता सताने लगी है। जलजमाव वाले क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही विशेष सफाई अभियान चलाकर गंदगी नहीं हटाई गई और दवाओं का छिड़काव नहीं कराया गया, तो बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है। प्रभावित गांवों में फॉगिंग कराने की भी मांग उठने लगी है।

**जमीन सूखने के बाद होगा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव**

बड़हरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों से पानी पूरी तरह निकलने और जमीन सूखने के बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर मुखिया के माध्यम से मजदूरों की व्यवस्था के लिए समन्वय किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्लीचिंग पाउडर उपलब्ध कराया जाएगा।

## बलान-बेंती नदी में एक दशक से नहीं आया उफान

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली बलान और बेंती नदी में अब बाढ़ आती ही नहीं। लगभग एक दशक से क्षेत्र ने बाढ़ का उफान नहीं देखा है जो नदी क्षेत्र का प्यास बुझाती थी आज वह खुद स्वच्छ जल और अथाह भर पानी के लिए मुहताज है। दो दशक पहले की बात कुछ और थी। बलान नदी में ऐसी बाढ़ आती थी कि अतरुआ, बसही, चुरामनचक, पाली, मल्हीपुर, सतराजेपुर, दामोदरपुर, दादपुर समेत पूरे प्रखंड का बहियार जलमग्न हो जाता था। लगता था जैसे पूरा क्षेत्र समुद्र बन गया हो। गांव की गलियों और चौक-चौराहों पर सावन-भादो में पानी बहता था, बच्चे उसमें उछल-कूद कर मस्ती करते थे। बाढ़ के साथ खेतों में नई उपजाऊ मिट्टी आती थी और सालोंभर नमी बनी रहती थी, जिससे बिना खाद-पानी के भी अच्छी फसल होती थी। नदी ही सिंचाई का मुख्य साधन थी। नित्यकर्म, स्नान, बर्तन धोना, कपड़े धोना और मवेशियों को नहलाने-पिलाने तक के लिए लोग नदी पर ही निर्भर थे। उस दौर में नाव ही यातायात का साधन थी। लोग नाव से रिश्तेदारों के यहां और एक गांव से दूसरे गांव आते-जाते थे। बाढ़ के पानी में नाव पर झिंझोड़ी खेलना, कीर्तन गाना और नाच का आनंद लेना आम बात थी। लेकिन अब सब बीते दिनों की बात हो गई है। इस साल भी बाढ़ नहीं आई और नदी का पाट खाली रह गया। पानी गंदा हो गया है, उसमें कीटाणु फैल गए हैं। लोग नदी में सूखा-गीला कचरा फेंक रहे हैं, शौचालय और गांव के गंदे पानी का बहाव भी नदी में ही किया जा रहा है। कभी नदी किनारे सरकार ने स्टेट बोरिंग लगवाए थे, लेकिन वह योजना भी कुछ ही दिनों में फ़ेल हो गई।बुजुर्ग बताते हैं, बाढ़ आती थी तो मुसीबत भी लाती थी, पर खुशहाली भी लाती थी। अब बाढ़ रूठ गई है तो नदी की रौनक ही खत्म हो गई है।

# आयुर्वेदिक कॉलेज में हृदय रोग पर चिकित्सक सम्मेलन

## गलत खानपान बढ़ा रहा हृदय रोग : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** होटल संस्कार वाटिका में हृदय रोग पर आयोजित चिकित्सक वैद्य सम्मेलन में राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीनिवास त्रिपाठी ने कहा कि गलत खानपान के कारण देश में हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बच्चों को फास्ट फूड से बचाना जरूरी है। प्राचार्य ने कहा कि आहार-विहार तेजी से बदल रहा है, इससे हृदय रोग बढ़ रहे हैं। आयुर्वेद के ऋतुचर्या और दिनचर्या को अपनाकर इससे बचा जा सकता है। हमें पुरानी जीवनशैली की ओर लौटना होगा। प्राध्यापक डॉ लाल कौशल कुमार ने आयुर्वेद शास्त्रों में वर्णित हृदय रोगों, डॉ दिनेश कुमार ने अर्जुन के पौधे के हृदय रोग में उपयोग और डॉ रामनंदन साहनी ने 'लिपिस्टेट' की उपयोगिता पर चर्चा की। जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि आने वाला समय आयुष का है, केंद्र और राज्य सरकार आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी को बढ़ावा दे रही है।इस अवसर पर डॉ. सुभाष चंद्र आर्य, डॉ किश्वर सुल्ताना, डॉ अनिल विश्वकर्मा, डॉ उर्वशी सिन्हा सहित कई चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। रीजनल हेल्थ केयर एडवाइजर डॉ नितेश कुमार पांडे ने आमपाचक और लिपिस्टेट पर चर्चा की। संचालन आदित्य कुमार वत्स, प्रणय प्रसून, रंजन कुमार और ऋतुराज ने किया।

# मुसमारा पुलिया की कम ऊंचाई को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के पहसारा पूर्वी पंचायत अंतर्गत ररिऔना-खैरबन में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत निर्माणाधीन मुसमारा पुलिया की कम ऊंचाई को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिया का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत कराई जा रही है। इसकी लंबाई 18.300 मीटर है तथा निर्माण कार्य के लिए 82,600.712 रुपये की प्राक्कलित राशि निर्धारित है। पुलिया में कुल तीन स्पैन बनाए जा रहे हैं। संवेदक द्वारा पुलिया के निचले हिस्से का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और वर्तमान में ऊपरी हिस्से की ढलाई का कार्य चल रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ऊपरी सतह की ढलाई पूरी होने के बाद पुलिया की ऊंचाई वर्तमान सड़क के स्तर से करीब एक फीट नीचे रह जाएगी। इससे पुलिया पर आवागमन में परेशानी होने के साथ जलजमाव और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहेगी। ग्रामीणों ने कहा कि भविष्य में सड़क का निर्माण या ऊंचीकरण होने के बाद पुलिया और सड़क के बीच काफी अंतर हो सकता है, जिससे यातायात प्रभावित होगा। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया की ऊंचाई वर्तमान सड़क के स्तर से कम से कम एक से दो फीट अधिक रखी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में सड़क निर्माण के बाद भी पुलिया यातायात के लिए सुगम और सुरक्षित बनी रहे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच कर आवश्यक हस्तक्षेप करने तथा पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की है।विरोध जताने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार के अलावा पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार, कौशल महतो, सुनील रजक, शशि कुमार, बाला कुमार, लाला कुमार, सोने लाल पासवान सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# गंगा में बहकर पहुंचे दो शव, सिंघिया दास टोला घाट पर ग्रामीणों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ और जलप्रलय के बाद नदियों में शव बहकर आने की घटनाओं के बीच रविवार को सिंघिया दास टोला के समीप गंगा नदी के तट पर दो अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने गंगा की तेज धारा में शवों को बहते देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस नहीं पहुंची तो सफियासराय थाना प्रभारी संजीत कुमार मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। दोनों शवों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। थानाध्यक्ष एवं ग्रामीणों ने बताया कि नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद पिछले कुछ दिनों से गंगा नदी की तेज धारा में शव बहते दिखाई देने की चर्चा है। सिंघिया दास टोला के गंगा तट पर भी शव मिलने से नदी किनारे बसे लोगों में भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी के बढ़े जलस्तर और तेज बहाव के बीच इस तरह की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि सिंघिया दास टोला घाट पर मिले दोनों शव नेपाल की बाढ़ में बहकर आने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से गंगा नदी में निगरानी बढ़ाने और शवों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# चीनी के बाद अब प्याज भी दिखाने लगा तेवर

## थाली से सलाद गायब, सब्जी बाजार में महंगाई की मार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ती कीमत ने लोगों को रूलाया**

**भगवानपुर।** चीनी के बाद अब प्याज भी लगातार बढ़ती कीमत के कारण प्याज अब आम लोगों की थाली के सलाद से गायब हो गया है। गृहणियां भी अब सब्जी में प्याज का उपयोग सिर्फ नाममात्र के फोरन के रूप में करने लगी हैं। प्रखंड क्षेत्र के बाजारों का हाल देखें तो इन दिनों खुले बाजार में प्याज 55 से 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, वहीं टमाटर 40-50 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं जबकि आलू का भाव 15 से 18 रुपये किलो पर स्थिर है। बाजार में परवल का स्वाद भी इन दिनों फीका पड़ गया है, फिर भी कीमत 30 से 40 रुपये किलो बनी हुई है। झींगा 20 से 30 रुपये, बैंगन 30 से 40 रुपये से ऊपर बिक रहा है। कुंदरी 40 से 45 रुपये और फूलगोभी 60 से 70 रुपये किलो के भाव से लोगों की जेब ढीली कर रही है। हालांकि कुछ सब्जियों में राहत भी है। बरबट्टी 10 से 20 रुपये किलो, मूली 20 से 30 रुपये किलो और भिंडी 12 से 16 रुपये किलो में मिल रही है। कद्दू 20 से 30 रुपये प्रति पीस बिक रहा है।सब्जी विक्रेताओं के अनुसार बरसात के मौसम के कारण झींगा और परवल की फसल ज्यादा प्रभावित हुई है, जिससे आवक कम हुई है और भाव में तेजी आई है। वहीं प्याज की कीमत में उछाल बाहर से आवक कम होने के कारण बताया जा रहा है।बढ़ती महंगाई से आम गृहस्थी का बजट बिगड़ गया है। लोगों को अब थाली से प्याज और हरी सब्जियां कम करनी पड़ रही हैं।

# सैलून का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना चौक स्थित एक सैलून दुकान का ताला तोड़कर चोर ने गल्ले में रखे 70 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार सुनील ठाकुर ने नावकोठी थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही कृष्ण कुमार उर्फ छोटू को आरोपित किया है। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम वह प्रतिदिन की तरह अपनी सैलून दुकान बंद कर घर चला गया था। शनिवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो गेट का ताला टूटा हुआ था तथा लोहे की छड़ भी हटी हुई मिली। दुकान के अंदर जाने पर गल्ले का लॉक खुला पाया गया। जांच करने पर गल्ले में रखे 70 हजार रुपये गायब मिले।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर कृष्ण कुमार उर्फ छोटू के दुकान के अंदर प्रवेश करने और बाहर निकलने की तस्वीर सामने आई। दुकानदार द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में लेते हुए थानाध्यक्ष ने कृष्ण कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# लोक अदालत में सुलहनीय मामलों का होगा निष्पादन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कांत ने अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक लोग अपने सुलहनीय मामलों का त्वरित निष्पादन करा सकें। लोक अदालत व्यवहार न्यायालय बेगूसराय के साथ तेघड़ा, बलिया, मंझौल, बखरी अनुमंडलीय न्यायालयों और रेलवे न्यायालय बेगूसराय में भी आयोजित होगी।लोक अदालत का उद्देश्य त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें आपराधिक सुलहनीय वाद, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), वन विभाग सहित अन्य सुलह योग्य मामलों का समझौते के आधार पर निष्पादन होगा। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने मामलों को सूचीबद्ध कराने के लिए संबंधित न्यायालय या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अभाविप ने एसडीओ को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तेघड़ा नगर इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ नीरज सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें 'ध्येय यात्रा' पुस्तक भेंट की और 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांगों में कोचिंग सेंटरों के पास पुलिस गश्त और एएड्ठु लगाने, बिना मान्यता वाले निजी विद्यालयों पर कार्रवाई, डिग्री कॉलेज भवन निर्माण में अनियमितता की जांच एवं स्टाफ नियुक्ति और मॉडल स्कूल में पठन-पाठन शुरू कराने की मांग शामिल है। एसडीओ नीरज सिन्हा ने आश्वासन दिया कि चारों मांगों पर गंभीरता से संज्ञान लिया जा रहा है। कोचिंग क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। छात्रहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।पूर्व जिला संयोजक गोविंद कुमार ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय के पास दर्जनों कोचिंग हैं, जहां असामाजिक तत्वों के जमावड़े से छात्र-छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और झगड़े की घटनाएं होती हैं। अभिभावक बच्चों को भेजने से डरते हैं। गश्त से भयमुक्त माहौल बनेगा। प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक विकास कुमार झा और नगर अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने कहा कि कई निजी विद्यालय बिना मान्यता, बिना प्रशिक्षित शिक्षक के चल रहे हैं, जिससे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। जांच कर इन्हें बंद किया जाए। नगर मंत्री राजेश कुमार और सह मंत्री हर्ष राज ने कहा कि बजलपुरा में करोड़ों की लागत से बना डिग्री कॉलेज भवन एक साल में ही जर्जर होने लगा है, न पढ़ाई शुरू हुई न स्टाफ नियुक्त हुआ। इसकी उच्चस्तरीय जांच और कॉलेज को शीघ्र चालू करने की मांग की गई।

# पांच वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ भोजपुर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें सिन्हा और कृष्णगढ़ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर कुल पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सिन्हा थानाध्यक्ष राजू कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में पुलिस ने चार वारंटियों को दबोचा। गिरफ्तार लोगों में कुर्की वारंटी राज कुमार चौधरी गांव सिन्हा, इश्तेहार वारंटी ब्रजेश साह गांव सिन्हा, एनबीडब्ल्यू वारंटी वीरेंद्र डोम गांव नथमलपुर और एनबीडब्ल्यू वारंटी सुरेश यादव निवासी फरहदा गांव का बताया गया है। वहीं दूसरी ओर कृष्णगढ़ थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने अपने दलबल के साथ ग्राम पदमिनिया गांव में छापेमारी कर कुर्की वारंटी प्रदुमन यादव पिता लल्लू यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी पांचों वारंटियों को थाने लाकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर आम लोगों में संतोष देखा जा रहा है।

# जदयू छात्र के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष का भागलपुर आगमन कल

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जदयू के छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी सह विधायक रुहैल रंजन एवं प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर यहां आ रहे हैं। दोनों प्रकोष्ठ के स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जदयू के जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर ने रविवार को यहां बताया कि प्रदेश प्रभारी रुहैल रंजन एवं प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार आगामी 1 सितंबर को यहां आयोजित होने वाले छात्र जदयू की 'छात्र संवाद सह समीक्षा बैठक' में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में छात्र जदयू के संगठनात्मक कार्यों, छात्र हित से जुड़े विषयों तथा संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की।

# महिला मोर्चा ने राहुल गांधी के चाय पीने वाले बयान को बकवास कहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार भाजपा के महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता नीतू सिंह ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चाय पीने वाले बयान की कड़ी निन्दा करते हुए इसे महज बकवास करार दिया है। उन्होंने रविवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह कैसा दावा किया है कि चाय पीने हेतु कांच का कप सामान्य लोगों के लिए होता है और पेपर या प्लास्टिक कप दलितों के लिए। जबकि उन्हें जमीनी हकीकत का कोई अंदाजा नहीं है।वे सिर्फ समाज में विद्वेष फैलाना चाहते हैं। श्रीमति सिंह ने कहा कि आज का भारत स्वच्छता और हाइजीन को प्राथमिकता देता है। हर वर्ग के लोग डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल अपनी सुविधा के लिए करते हैं। अपनी नाकाम राजनीति को चमकाने और समाज में जहर घोलने के लिए हर साधारण चीज को 'जातिवाद' से जोड़ना का काम कांग्रेस को बंद करना चाहिए। देश को बांटने और 'फूट डालो, राज करो' की जो नीति कांग्रेस ने दशकों तक चलाई, उसी घटिया मानसिकता का यह प्रत्यक्ष उदाहरण है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जब देश तरक्की, विकास और तकनीक के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, तब राहुल गांधी हर दिन एक नया हास्यास्पद और समाज को बांटने वाला बयान लेकर आ जाते हैं।

# प्रेमचन्द के विचारों से जुड़ी नई पीढ़ी, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** प्रेमचन्द जयंती समारोह समिति, के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय एम.एल.एस.एम. कॉलेज, परिसर में शिशु वर्ग से स्नातकोत्तर वर्ग तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेमचन्द सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को उनकी कक्षा के अनुसार विभिन्न वर्गों में विभाजित किया गया। विभिन्न वर्गों के लिए निबंध, क्विज, चित्रकला, गणित, अभिभाषण, गीत एवं काव्यपाठ सहित साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। काव्यपाठ, गीत एवं अभिभाषण के प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर निर्णायक मंडल के समक्ष मंच से अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति-कौशल, प्रस्तुति क्षमता एवं विषय की समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों का निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। समिति के संरक्षक प्रो. धर्मेंद्र कुमर ने कहा कि प्रेमचन्द जयंती समारोह समिति पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों एवं युवाओं में स्वस्थ साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चेतना के प्रति अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को साहित्य एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। समिति के अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार उत्पल ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी साहित्य और संस्कृति से विमुख होती जा रही है। बाजारवाद और अपसंस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों में गिरावट दिखाई दे रही है। ऐसे दौर में साहित्य और संस्कृति ही मानवीय संवेदना, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक चेतना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रेमचन्द का साहित्य आज भी समाज की वास्तविक समस्याओं और आमजन के संघर्ष को समझने की प्रेरणा देता है। समिति की ओर से बताया गया कि विभिन्न विधाओं में सफल प्रतिभागियों की सूची तैयार कर उनके संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से सूचित किया जाएगा। सफल प्रतिभागियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में मानसी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शिवाजीनगर में पूर्व प्रदेश महामंत्री स्व. श्रीकांत लाभ की मनी पुण्यतिथि

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की ओर से पूर्व प्रदेश महामंत्री स्वर्गीय श्रीकांत लाभ की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जनवितरण प्रणाली के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय श्रीकांत लाभ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय श्रीकांत लाभ ने अपने कार्यकाल के दौरान संगठन और जनवितरण प्रणाली से जुड़े लोगों के हितों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार, कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायक हैं। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके बताए मार्ग पर चलने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# लनामिवि के स्नातकोत्तर सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2025-27 का परीक्षा परिणाम घोषित

## विज्ञान के 93, कला के 94 तथा वाणिज्य के 95 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**विज्ञान संकाय में 2889 छात्र उत्तीर्ण**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से स्नातकोत्तर सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2025-27 के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम के अनुसार विज्ञान में 93%, कला में 94% तथा वाणिज्य में 95% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम के अनुसार विज्ञान में चार प्रतिशत छात्र प्रमोटेड तथा मात्र तीन प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण हुए। कला में चार प्रतिशत छात्र प्रमोटेड तथा मात्र दो प्रतिशत अनुत्तीर्ण हुए। वहीं वाणिज्य में मात्र दो प्रतिशत प्रमोटेड तथा तीन प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने छात्र- छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर का सत्र पूर्णतः नियमित चल रहा है। सत्र नियमितीकरण के लिए कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक तथा उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ इंसान अली ने बताया कि विज्ञान संकाय में कुल 3,096 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म भरा था, जिनमें से 2,889 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 133 प्रमोटेड तथा मात्र 74 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। कला संकाय में कुल 11,222 छात्रों ने परीक्षा फॉर्म भरा था, जिनमें 10,551 उत्तीर्ण, 396 प्रमोटेड तथा मात्र 275 अनुत्तीर्ण हुए। वहीं वाणिज्य संकाय में कुल 1,096 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा, जिनमें 1,045 उत्तीर्ण हुए एवं मात्र 21 प्रमोटेड तथा 30 अनुत्तीर्ण हुए हैं।



# बिहार विधानसभा में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता : राष्ट्रप्रेम और नारी शक्ति का अनूठा संगम

देश के प्रति अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और समर्पण को स्मरण करने की भावना को साकार करते हुए बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित सभागार में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। बिहार विधानसभा सचिवालय की महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता ने राष्ट्रप्रेम, नारी शक्ति और सांस्कृतिक चेतना का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन, विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार तथा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने संयुक्त रूप से किया। अवसर की गरिमा को देखते हुए सभागार में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं था, बल्कि सरकारी सेवा में कार्यरत महिला कर्मियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सामूहिक क्षमता को एक सार्थक मंच प्रदान करना भी था। विधानसभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पहली बार सभा सचिवालय की महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने इसे महिला शक्ति की प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को सामने लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने सभी से संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करने तथा सशक्त, समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने देशभक्ति की भावना को केवल नारों और औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित न रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रख्यात फिल्म अभिनेता मनोज कुमार की देशभक्ति फिल्मों का उल्लेख करते हुए 'शहीद' और 'हकीकत' जैसी फिल्मों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गीत, संगीत, नृत्य और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से भी राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत किया जा सकता है। स्वच्छता अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर अपने आसपास की सफाई जैसे सामाजिक कार्यों को भी राष्ट्रधर्म का हिस्सा बताया। राज्यपाल ने गलवान घाटी में बिहार के वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। प्रतियोगिता का सबसे आकर्षक पक्ष महिला कर्मियों की सामूहिक प्रस्तुतियां रहीं। तीन समूहों में विभाजित महिला कर्मियों ने देशभक्ति गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। प्रत्येक समूह में 21 महिला कर्मी शामिल थीं। एक ही परिधान, एक ही रंग, एक ही सुर और एक ही जज्बे के साथ जब ये प्रतिभागी मंच पर खड़ी हुईं तो पूरा सभागार राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। गीतों के साथ कभी भावुकता दिखाई दी तो कभी उत्साह का ऐसा वातावरण बना कि पूरा सभागार 'वंदे मातरम' के जयघोष से गूंज उठा। प्रतियोगिता में ग्रुप-बी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल, ग्रुप-ए ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल तथा ग्रुप-सी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रांज मेडल हासिल किया। विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 'जस्ट डांस ग्रुप, गयाजी' की विशेष नृत्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत और नृत्य के इस सुंदर संयोजन ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक विविधता और मनोरंजन से भर दिया। पूरे आयोजन के सफल संयोजन में संदीप राय, आप्त सचिव, बिहार विधान सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता केवल एक सांस्कृतिक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, महिला सशक्तीकरण, सामूहिकता और कर्तव्यबोध का संदेश देने वाला प्रेरणादायी आयोजन बनकर सामने आया। जब सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाएं एक स्वर में देशभक्ति के गीत गाती हैं, तो वह केवल संगीत नहीं रहता, बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और जिम्मेदारी की अभिव्यक्ति बन जाता है। आज आवश्यकता है कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों को केवल ध्वजारोहण और औपचारिक समारोह तक सीमित न रखकर उनमें सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रनिर्माण की भावना को भी जोड़ा जाए। बिहार विधानसभा की यह पहल इसी दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिसने यह संदेश दिया कि राष्ट्रभक्ति केवल सीमा पर लड़ने वाले सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के दैनिक कर्तव्यों और कर्मनिष्ठा में भी प्रतिबिंबित होती है। वास्तव में यह आयोजन बिहार विधानसभा सचिवालय की महिला शक्ति की प्रतिभा और राष्ट्रप्रेम का यादगार उदाहरण बन गया।




























## नई पहल एवं नई परम्परा से बढ़ी राष्ट्रप्रेम की भावना

विधान सभा परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। तिरंगे की शान, राष्ट्रगान की गूंज और आजादी के जज्बे के बीच आयोजित यह समारोह न केवल औपचारिक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और सामूहिक सहभागिता का भी सशक्त संदेश दे रहा था। इस वर्ष का आयोजन इसलिए भी खास रहा क्योंकि पहली बार महिला कर्मियों के लिए सामूहिक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने पूरे समारोह को एक नई पहचान और संवेदना प्रदान की। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान और राज्यगीत के साथ हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की स्वर लहरियों ने वातावरण को पूरी तरह राष्ट्रभावना से भर दिया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा रहा महिला कर्मियों की सामूहिक गायन प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में विभिन्न समूहों ने देशप्रेम से ओत-प्रोत गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। स्वर, ताल और लय के सुंदर समन्वय ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता ने यह भी साबित किया कि जब अवसर और मंच मिलता है तो महिलाएं अपनी रचनात्मकता और संवेदनशीलता से किसी भी आयोजन को जीवंत बना सकती हैं। उनके स्वर में केवल गीत नहीं थे, बल्कि स्वतंत्रता, समानता और सहभागिता की भावना भी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। श्रोताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल संस्थान की सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ाते हैं, बल्कि कर्मचारियों के बीच आत्मीयता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विधान सभा जैसे प्रतिष्ठित लोकतांत्रिक मंच पर इस तरह की पहल नई परंपरा की शुरुआत है जो आने वाले वर्षों में और व्यापक रूप ले सकती है। समारोह के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज के साथ कई भावुक पल भी देखने को मिले। जब प्रतिभागी महिला कर्मियों ने एक स्वर में राष्ट्रप्रेम से भरे गीत प्रस्तुत किए तो पूरा वातावरण मानो भावनाओं से भर गया। यह क्षण केवल एक प्रतियोगिता का नहीं, बल्कि उस आत्मविश्वास का था जो महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संस्थानों को और सशक्त बनाता है। पहली बार आयोजित सामूहिक गायन प्रतियोगिता ने इस समारोह को एक अलग ही ऊंचाई दी और इसे लंबे समय तक याद रखने योग्य बना दिया।





सामूहिक रूप से देशभक्ति गीत प्रस्तुत करती विधानसभा की महिला कर्मियों की टीम